24. चतुर्गति भ्रमण । 

25 नवदेवता ।

26. मांगीतुंगी युगल श्रृंग ।

27. गुणस्थानोन्नति ।

28. उठती गिरती गुणस्थानोन्नति । 

29. गुणस्थानोन्नति उपश,/क्षयोप,।

30 तीर्थराज पर गुणस्थानोन्नति ।

सर्पसीढ़ी खेल ।

32. जिनशासन का सिंहासन ।

33. अष्टापद । 

34. चतुर्गति भ्रमण । 

35. अष्टकर्म ।

36. पंचमगति । 

37. सप्तनंय ।

38. शुक्लध्यान । 

39. कालचक/भवचक ।

40. काल सर्पिणी 

41. जाप । 

42. पुरुषार्थ ।

43. प्रतिमा पुरुषार्थ ।

44. अदम्य पुरुषार्थ ।

45. स्वसंयम ।

46. पिच्छी ।

47. शाकाहार ।

48. मन ।

49. स्वसंयमी ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

50. स्वयंतीर्थ ।

51. तीर्थंकर । 

52. तीर्थंकर जिन ।

53. अरहंत ।

54. समवशरण ।

55. चतुर्दिक मानस्तंभ ।

56. केवली जिन । 

57. सिद्ध प्रभु ।

58. उपशम ।

59. क्षयोपशम ।

60. क्षय ।

61. समाधिमरणी सल्लेखी ।

62. अरहंत प्रभु/पंचपरमेष्ठी । 

63. **निश्चय**—व्यवहार धर्म । 

64. **शुक्ल**ध्यान ।

65. धर्मध्यान ।

66. पंच परमेष्ठी ।

67. षट् द्रव्य । 

68. सप्त तत्त्व ।

69. अष्ट द्रव्य ।

70. नव पदार्थ ।

71. दश धर्म । 

72. ग्यारह प्रतिमा । 

73. बारह भावना ।

74. द्वादश तप ।

75. सोलहकारण भावना । 

76. सल्लेखी का पंडितमरण ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

77. सल्लेखना रत / संथारी 

78. पंडित पंडित मरण सल्लेखना कायोत्सर्ग ।

79. अष्टमद ।

80. कषाऐं ।

81. दुर्ध्यान ।

82. रत्नत्रय । 

83. छत्र ।

84. छत्रधारी ।

85. त्रिछत्र / जिनेन्द्र का छत्र।

86. कछुआ ।

87. चातुर्मासं ।

88. चतुराधन ।

89. पांचसूना ।

90 त्यागी ।

91. ऐलक ।

92. आर्यिका ।

93. तपस्वी ।

94. राघो मच्छ ।

95. क्षुल्लक / क्षुल्लिका । 

96. लोकपूरणी समुद्घात ।

97. चतुर्दिक त्रिआवर्ति ।

98. वैयाव्रत्य की कामर ।

99. अर्धचक्री ।

100. चक्री ।

101. अणुव्रती ।

102. महाव्रती । 

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

103 पंचाचारी । 

104. विद्याधर ।

105. सम्यकत्वधारी ।

106. चतुर्विध संघाचार्य ।

107. चार अनुयोगी संघाचार्य । 

108. भक्त ।

109. वृत्ति परिसंख्यानी ।

110. तद्‌भवी मोक्ष ।

इनसे बने व्यापक अर्थी संयुक्ताक्षर तथा चित्राक्षरों में अनेक अक्षर **पशु** पक्षी तथा यक्ष, देवों के द्योतक हैं जिनके विशेष अर्थ भी हैं। कुछ ज्यामिती की आकृतियाँ अपने **विशेष** अर्थ खोलती हैं जिन्हें **जे. एम. केनोअर** ने समीपवर्ती देशों के पर्वतों पर अंकित खोज निकाला है । उनके संभावित अर्थ यहाँ अलग से **दर्शाए** गए हैं । यथा--
वूम्ब स्केच / **भूवलय चक की अभिव्यक्ति** है। अन्य अंकन **अर्थात विधान चित्र. चतुर्दिक त्रिआवर्ति. दिगंबरत्व. गुणस्थानोन्नति आदि जिनधर्मी संकेताक्षर हैं।** अनेक सिरों वाला **पशु. अर्ध पशु. (यक्ष). देव. शेर/शार्दूल.** यूनिकार्न. सांड़. हाथी. भैंसा. गेंड़ा. बंदर. सर्प. घोड़ा. चंद्र. कछुवा. हरिण. मछली. मगर. पक्षी आदि **तीर्थंकर लांछन** रूप हैं।

चतुरंगी लेश्या बोधक **जिनध्वजा**, जिन **कलश** आदि सारे ही जिन धर्म प्रभावी अंकन हैं।

बाहुबली की सील में भरत **धराशायी, मैमथ**/रस्सों से बंधा, एक पालतू हाथी उस काल के मनुष्य के साहस और सामर्थ्य को दिखलाता है जब **डायनासर सा** सरीसृप भी लिपि अंकन में एक सल्लेखी की अभिव्यक्ति हेतु उपयोग किया गया है। मेंढ़क. कुत्ता. खरगोश. गधा. गिलहरी. **प्रथमानुयोगी कथा पात्र** हैं। मुर्गा, बतख, कबूतर, चिड़िया ,जल कुक्कुट, ऊँट आदि का समावेश उस काल में प्रचलित कथाओं की झलक देता है। **तिल्लोय पण्णत्ति** की कुछ गाथाऐं इनकी चर्चा करती हैं। यथा कल्पकाल के सारे ही प्राणी शाकाहारी होते हैं जो अब काल परिवर्तन से मनुष्य के प्रभाव में मांसाहारी हो गए हैं :

--वग्धादी भूमिचरा, वायस पहुदी य खेयरा तिरिया, मंसाहारेण विणा, भुंजंते सुरतरूण महुरफलं।। ति, प, 4/396

--हरिणादि तणचरा भोगमहीए तणाणि दिव्वाणि भुंजंति ।। ति. प, 4/367

--गो केसरिं करि मयरा सूवर सारंग रोज्झ महिस वया, वाणर गवय तरच्छा वग्ध सिगालच्छ भल्ला य । कुक्कुड कोइल कीरा पारावद, सायहंस, कारंडा, बक, कोक, कोंच, किंजक, पहुदीयो होंति अण्णेवि ।। ति, पं, 4/393--394

--जह मणुवाणं भोगा, तह तिरियाणं हवंति एदाणं, णिय णिय जो त्तेणं, फल कंद तणं कुरादीणिं ।। ति, प, 4/395

सैंधव लिपि के संदेशों की झलक इस प्रकार परंपरागत वर्तमान जैनागमिक साहित्य में भी अपनी उपस्थिति दर्शाती है। जैसे **बतलाया** जा चुका है इन संकेताक्षरों के अर्थ को लिपि अंकन में दाहिने से बाऐं अथवा बाऐं से दाऐं जोड़ते हुए पढ़ने से अत्यंत उपयोगी जैन अध्यात्मिक संदेश सहज ही प्राप्त हो जाते हैं; किसी भी प्रकार की उसमें खीचतान नहीं करना पड़ती यही इस लिपि को समझने की सार्थकता सिध्द करता है ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

इन संकेताक्षरों को **रेबस विधि** से **जैन परिप्रेक्ष्य** में कई वर्षों पूर्व पढ़ा गया था । प्राचीन साहित्यिक प्रमाणों के होते हुए भी लगभग छह वर्ष बीत गए पुरातात्त्विक प्रमाण खोजते। जैन संदर्भित प्रमाणों को कान्फ्रेंसों और लेखों की प्रस्तुति के बाद भी उपेक्षित देख प्रथम पुराप्रमाण उस्मानाबाद गुफाओं में और दूसरा देवगढ़ के एक प्राचीन मानस्तंभ पर अंकित दिखा। इनसे प्रोत्साहन पाकर लगभग सारे ही पुरा संदर्भित हिंदू, बौध्द, जैन, मंदिरों, मठों, तीर्थक्षेत्रों, गुफाओं, गम्य पहाड़ों, धामों, घाटों, खण्डहरों, किलों, उजाड़ों, पुरा उत्खननों, प्राचीन मस्जिदों में खोजते खोजते अचानक श्रमण बेलगोला की आदि शिला पर अंकित पुरा जिन और वे 4–5 सैंधवाक्षर दिव्य कुंजी के रूप में दिख गए। उस क्षेत्र के व्यापक विस्तार पर पुरा अंकन का खजाना देखते देखते एकाएक केलेंडर में बड़े बाबा का चित्र महाकुंजी के रूप में सामने आ गया। अब कोई संशय बाकी न रहा अतः प्राचीन जिन बिंबों की खोज की, और 10 ही नहीं हमारे सर्वेक्षण का पुण्य पाक अब तक 12 पुरालिपि अंकित जिनबिंबों में से 10 यहाँ प्रस्तुत हैं। **इससे यह भी संकेत मिलता है कि यह लिपि पार्श्वनाथ काल तक भी कुछ अंशों में प्रचलित रही** है।

उसके बाद की परिस्थितियाँ इसके न केवल इसलिए प्रतिकूल गई प्रतीत होती हैं कि यह श्रमणों तपस्वियों की लिपि रही बल्कि जिनधर्म की भी घोर विरोधी बनी दिखती हैं। धर्म के नाम पर वैदिक हिंसा को जन्म देने वाला कदाचित यही काल रहा है जब धर्मक्रांति के नाम पर नए वैदिक धर्म की न केवल स्थापना हुई बल्कि ब्राह्मणवाद ने प्रबल रूप धारण करते हुए ईश्वर के नए **सृष्टिकर्ता** रूप को भी स्थापित किया । ऋषभ भक्तों को बहला फुसलाकर अथवा भय दिखलाकर नए तथाकथित हिन्दू धर्म की नींव डाली एवं **ब्रह्मा विष्णु महेश के त्रिमुख रूप और अवतारवाद का महत्त्व दर्शाते हुए शक्ति** मत **का प्रचार किया और शैव धर्म का भी। ऋषभ के ऋग्वैदिक महत्त्व को पहचान कर उन्हें कभी आठवां तो कभी चौदहवां अवतार दिखलाते हुए जिनभक्तों और श्रमणों पर उग्र हिंसक दबाव बनाकर उन्हें पीड़ित कर उनका धर्म परिवर्तन कराया । स्वयं को 'आर्य' घोषित करते हुए मूल धर्मियों को 'अनार्य' और 'द्रविड' कहकर उन्हें 'हीन' बतलाते हुए स्वयं की 'प्रभुता' दिखलाकर उनका दमन किया। उन्हें 'अनीश्वरवादी' और 'वेदविरोधी' बतलाकर** उनके विशेष तीर्थ क्षेत्रों को हथियाकर उनपर अपने मठ स्थापित कर लिए और वीतरागी जिन बिंबों को वस्त्रों, आभूषणों से ढांककर उन्हें कहीं शंकर तो कहीं राम लखन जानकी अथवा कहीं कृष्ण बलराम और कहीं घांघरा फरिया पहनाकर देवी के रूप में पूजना प्रारंभ कर दिया । आज भी वहाँ दर्शन पाने के लिए तथाकथित हिंदुओं को छूट है किंतु अभिषेक से पहले दर्शनार्थी जिनधर्मियों से मोटी राशि टिकिट के रूप में पंडे वसूलते हैं। हमारे हिंदू प्रधान भारत का अब यही स्वरूप है। समन्वयवादी ऐतिहासिक काल में भी जिन मंदिर निर्माण पर कड़ी रोक थी। मात्र तभी मंदिर बनाया जा सकता था जब उसमें हिंदू देवी देवताओं को भी स्थान दिया जाता। उस काल के अनेक मंदिरों में बाहर अथवा अंदर, किंतु गर्भ गृह के बाहर हिंदु देवी देवता, गणेश, राम सीता, हनुमान, कृष्ण बलराम आदि देखे जाते हैं जिनके आधार पर जैनियों को हिंदू घोषित किए जाने का षड़यंत्र प्रबल हो रहा है। अहिंसक जिनधर्मियों ने प्रत्येक कठिन परिस्थिति में भी अपने धर्म प्रभावी धैर्य का परिचय दिया है।

इन्हें प्रस्तुत करने का एक **उद्देश्य यह भी है कि** पाठकगण संभावित सर्वेक्षण व्दारा जानकारी को बढ़ाकर अन्य जैनेतर साहित्यों से भी सारगर्भित पुरा प्रमाण तुलनात्मक अध्ययन हेतु सामने लाकर ठोस निष्कर्ष निकालने में सहयोग कर सकें। तभी जाकर प्राचीन उस भारतवर्ष एवं समीपवर्ती देशों के उत्तरकालीन धर्मों पर उस मूल संस्कृति का कितने कितने अंशों में कैसा प्रभाव पड़ा, उसे भी अध्ययन में लिया जा सकेगा।

इस दिशा में किए गए सारे प्रयास हमें हमारे सही इतिहास को स्थापित कराने में सहायक सिध्द होंगे।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कुछ रोचक संयुक्त संकेताक्षर

मूल संकेताक्षरों को जोड़कर कभी दो और कभी अनेकअर्थी संयुक्त संकेताक्षर बने हैं। जिन्हें पहचानने में पूर्व लिपिविदों ने कभी–कभी गंभीर त्रुटियाँ की हैं। यथा– ||' को एक नहीं **दो** अक्षर मानना चाहिए था (अरहंत | तथा |' सल्लेखना) उसी प्रकार |" एक न होकर **दो अक्षर** हैं | + " ; ||) एक नहीं **दो** ||+) हैं ; "/// भी एक नहीं **दो** "+/// दो हैं, एक नहीं **दो** "+) हैं; ")) एक नहीं **तीन** "+)+) हैं ; " एक नहीं **दो** "+ हैं , /((हिंसा नहीं पैर /**पालतू पशु** का पांव है जिसे सुरक्षा मे दर्शाया गया है। (पूर्व संकेताक्षरों के प्रभाव अनुसार) अन्य **विशेषतायें** यथा–

(अ) कुछ अक्षर तो अनेक रूप लेकर आये हैं जैसे–खलबत्ता जिसके सामान्य अर्थ है–आरंभी गृहस्थ, ; वातावरण, U U U; सल्लेखना की वैयावृत्ति का झूला , घर, ; घर का दरवाजा H दिगम्बरत्व , भवघट ◇, वीतरागत्व, वन , चातुर्मास CC, काल , पुरुषार्थ) मन , अरहंत | ; सल्लेखी , **दशधर्म** , **बारह भावना** , **निश्चय**–व्यवहार धर्म ; सल्लेखना |' | |' , रत्नत्रय , चतुराधन , पंचाचार, पंचमगति , अष्टकर्म कालचक्र , भवचक्र ⊕, गुणस्थानोन्नति तपस्वी , जिन**शासन** सिद्ध ; पिच्छी , केवली , पिच्छी धारी / गणी , आदिजिन आदि तो कुछ संधिमय अर्थ वाले हैं। यथा–

(ब) चतुर्गति + × 卐 , **शिखर**तीर्थ, भवघट के संधि रूप , जम्बूद्वीप , निकट भव्यत्व , युगल श्रृंग , (मांगीतुंगी, उदयगिरि–खण्डगिरि / इन्द्रगिरि–चन्द्रगिरि), रत्नत्रयी **दशधर्मी** वातावरण , अणुव्रती आरंभी ग्रहस्थ , प्रतिमा धारी त्यागी का पुरुषार्थ , तपस्वी का चतुर्विध संघ , चार अनुयोगी आचार्य का **निश्चय**–व्यवहारी वातावरण , ख्याति प्राप्त तपस्वी की रत्नत्रयी लोकपूरण समुद्घात हेतु तत्परता , तद्भवी स्वयं तीर्थ , तपस्वी का महाव्रती पिच्छीधारण , पुरुषलिंगी का पिच्छीधारण , तीर्थंकर प्रकृतिवान का **शुक्लध्यानी** होना , महाव्रती श्रमण की तीर्थंकर प्रकृति आदि–आदि। इन संकेताक्षरों की विस्तृत अभिव्यक्ति निम्नांकित है–

(स) (1) वातावरण पंचमगति का ΛU = Λ+U

(2) उत्तरोत्तर वातावरण । U' = U+U

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(3) पिच्छीधारी का वैराग्यमय वातावरण । 

(4) निश्चय व्यवहारधर्मी वीतरागी तपस्या । 

(5) वीतरागी तपस्या का उत्तरोत्तर वातावरण । 

(6) जाप वाला वीतरागी वातावरण । 

(7) अर्धचक्री का जापलीन वातावरण। 

(8) पंचपरमेष्ठी आराधना वाला वीतरागी तपस्वी। 

(9) वीतरागी तपस्वी का पंचाचार। 

(10) रत्नत्रयी दशधर्मी वातावरण। 

(11) षट् द्रव्य चिंतक महाव्रती का गुणस्थानोन्नति का वातावरण। 

(12) पि॰॰धारियों का रत्नत्रयी संघमय वातावरण। 

(13) तपस्वी का अरहंत सिद्धमय; आत्मस्थता का तीन धर्मध्यानी वातावरण। 

(14) रत्नत्रयी पंचाचारी वातावरण। 

(15) पंचमगति वाले वैय्याव्रती दिगम्बर वीतरागी तपस्वी का रत्नत्रयी वातावरण 

(16) सल्लेखी का वातावरण, तीर्थंकर प्रकृति प्रदायी, अदम्य पुरुषार्थी, तपस्वी का है। 

(17) तपस्वी का महाव्रती वातावरण। 

(18) हर कालार्द्ध में शिखर जी शाश्वत तीर्थ पर आत्मस्थ साधना का वातावरण। 

(19) सल्लेखी की आत्मस्थ वीतरागी तपस्या । 

(20) दो धर्मध्यानी का पुरुषार्थी वातावरण। 

(21) तपस्वी की सल्लेखना हेतु वातावरणी तत्परता। 

(22) रत्नत्रयी सल्लेखी का कैवल्य श्रद्धानी वातावरण। 

(23) अदम्य पुरुषार्थ। 

(24) तपस्वी का रत्नत्रय धारण। 

(25) तपस्वी का अणुव्रती / एकदेश व्रती होना। 

(26) तपस्वी का गुणस्थानोन्नति करना। 

(27) तपस्वी का स्वसंयम / इच्छानिरोध। 

(28) तपस्वी का दो धर्मध्यानों से दो शुक्लध्यानों तक उद्यम। 

(29) सचेलक का अणुव्रती से तपस्वी बनकर चतुराधन। 

(30) तपस्वी के दो धर्मध्यान। 

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(31) तपस्वी का सल्लेखना/ संथारा धारण। 

(32) छत्री का तपस्वी बनकर स्वसंयम धारण। 

(33) तपस्वी का तीर्थंकर प्रकृति प्राप्त करने हेतु पुरुषार्थ द्वारा आत्मस्थता धारना । 

(34) तपस्वी का दूसरे शुक्लध्यान के केवलत्व हेतु उद्यम। 

(35) छत्रधारी (छत्री) का चारों कषायों का त्याग। 

(36) सम्यक्त्वी का सल्लेखना पुरुषार्थ सहित तीर्थंकर प्रकृति बांधकर निकट भव्यत्व पाना। 

(37) सचेलक तपस्वी का आत्मस्थ तपस्वी बनकर निकटभव्य होना। 

(38) उपशमी तपस्वी का निश्चय--व्यवहार धर्म द्वारा पंचमगति का लक्ष्य। 

(39) सचेलक का त्रिगुप्ति धारण। 

(40) तपस्वी की चतुर्गति भ्रमण नाशन और गुणस्थानोन्नति।

(41) आत्मस्थ तपस्वी द्वारा निकट भव्यत्व पाना। 

(42) सल्लेखी का तीर्थंकर प्रकृति प्राप्ति हेतु पुरुषार्थ। 

(43) चतुर्गति भ्रमण को गुणस्थानोन्नति द्वारा रोकना। 

(44) शिखर श्रृंगों पर चतुर्गति भ्रमण को तप से रोकना।

(45) चतुर्गति के भवभ्रमण को पंचमगति द्वारा रोकना। 

(46) भवभ्रमण को रत्नत्रय द्वारा पंचमगति से रोकना। 

(47) भव/जीवन को मन, वचन, काय से स्थिर बनाकर जीना। 

(48) निश्चय व्यवहार धर्ममय सल्लेखना। 

(49) निश्चय व्यवहार धर्म द्वारा भव में चारों कषायों का त्याग। 

(50) पंचमगति में जीव का उर्ध्वगामी प्रवेश/मोक्ष । 

(51) स्वसंयमी की चार धर्म आराधना। 

(52) केवली के शीर्ष/अंतर्भूत पाँचों "जिन" परमेष्ठी । 

(53) निकटभव्य का अरहंत सिद्धयुक्त भावन और चतुराधन। 

(54) काल से प्रभावित अन्य पाँच द्रव्य। 

(55) निकट भव्यत्व को छोटा बनाकर केन्द्र की ओर मोड़ना। 

(56) रत्नत्रयी पंचाचार। 

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(57) सल्लेखी के ध्यान में अरहंत के तीन शुक्लध्यान।



(58) अरहंत की महामत्स्य जैसी संहनन दृढ़ता।



(59) जिनसिंहासन पर अवस्थित पंचपरमेष्ठी ।



(60) जिनसिंहासन के सारे ही जिनलिंगी गुणस्थानोन्नति रत।



(61) पंचमगति वाले का चतुराधन।



(62) तीर्थंकर प्रकृति पुण्यार्थी द्वारा सल्लेखना।



(63) युगल श्रृंगों पर पुरुषार्थी द्वारा समाधिमरण और पंचमगति की साधना।



(64) ढ़ाईद्वीप में जीवन को दोहरी संकल्पित सीमाओं में बांधना।



(65) भवचक्र से पार उतारता रत्नत्रयी वैय्यावृत्तिक वातावरण ।



(66) रत्नत्रय हेतु निश्चय व्यवहार धर्म सहित पुरुषार्थ ।



(67) कर्मफल चेतना को शांति से सहने से गुणस्थानोन्नति।

(68) रत्नत्रय का केवली के शीर्ष पर धारण और तपस्वी का पंचाचार।



(69) महामत्स्य जैसी उत्तम संहनन वाली तपश्चर्या।

(70) चतुर्गति भ्रमण का पंचमगति में बदलना।



(71) अष्ट कर्म जन्य चतुर्गति भ्रमण को रत्नत्रय से नाशना।



(72) शिखरतीर्थ श्रृंगों पर जाकर चतुर्गति भ्रमण नाशन।

(73) सल्लेखी का रत्नत्रय धारण सहित चतुराधन और पंचमगति साधना का पुरुषार्थ ।



(74) कैवल्य के लिए आवश्यक दो धर्मध्यानों से चौथे शुक्लध्यान तक का उद्यम।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(75) रत्नत्रयी तपस्वी का पंचाचारी रत्नत्रयी उद्यम संघ में ही संभव। 

(76) पंचमगति के साधन चार शुक्लध्यान और अरहंत के तीसरा शुक्लध्यान। 

(77) चतुर्गति नाशने वाली, पंचमगति वाली पुरुषार्थी सल्लेखना। 

(78) चार आराधन द्वारा पंचमगति का तप करने वाले को बाह्य उपसर्गी बाधाऐं। 

(79) रत्नत्रय की प्राप्ति के लिए चारों कषायों का त्याग। 

(80) वैय्यावृत्ति का झूला चतुराधक को हर कालार्द्ध में। 

(81) तपस्वी का निश्चय व्यवहार धर्मी तीर्थंकर प्रकृति का उद्यम। 

(82) तपस्वी की निश्चय व्यवहार धर्मी सल्लेखना । 

(83) तपस्वी को सल्लेखना में बंधनों की बेड़ी । 

(84) तपस्वी की पुरुषार्थी सल्लेखना में तीनधर्म ध्यान। 

(85) तपस्वी के इहभव में तीर्थंकर प्रकृति का पुण्योदय। 

(86) रत्नत्रयधारी तपस्वी ने तद्भवी मोक्ष हेतु निश्चय व्यवहार धर्मी महाव्रत धारा। 

(87) तपस्वी संघस्थ उद्यमी है। 

(88) तपस्वी संघ में सल्लेखनाधार चर्या अपनाता है।

(89) तपस्वी अष्टापद जैसा अपरास्त होने वाला अर्द्धचक्री है। 

(90) तपस्वी चार धर्मध्यानी रत्नत्रयी पुरुषार्थी अर्द्धचक्री है। 

(91) त्रिगुप्तिधारी तपस्वी पुरुषार्थी है। 

(92) प्रतिमा पुरुषार्थी तपस्वी दूसरे शुक्लध्यान हेतु उद्यमी था। 

(93) प्रतिमा पुरुषार्थी तपस्वी पुरुषार्थी था । 

(94) पंचमगति भावी तपस्वी निश्चय व्यवहार धर्मी. आचार्य हैं। 

(95) तपस्वी दो धर्मध्यानों वाला होकर भी अरहंत भक्त है। 

(96) कुमारी युगल श्रृगों पर चौथा शुक्लध्यानी तद्भवी मोक्षार्थी यशस्वी जिनध्वजा प्रभावक था।

(97) तपस्वी कांवर पर गुणस्थानोन्नति शील क्षपक को लेकर विहार में सहायता करते हैं। 

(98) तपस्वी ओंकारी है। 

(99) तपस्वी सप्त तत्व चिंतक है। 

(100) तपस्वी ढाईदीप में समता उद्यमी है। 

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पुरालिपि का विस्तार

मूल में तो सिंधु घाटी की पुरालिपि का विस्तार भारतवर्ष में ही रामायण और महाभारत के मध्यकाल में उभरा प्रतीत होता है किंतु वर्षों की गहराई में इसका अस्तित्त्व डायनासर काल से भी पूर्व काल में चला जाता है जो चार सीलें दर्शाती हैं। लावा की चट्टानी पर्तों के अंदर से झांकता इसका अस्तित्त्व भारत के दक्षिण पठार की पिछली लावा उफानों से भी पूर्व जा बैठता है । उस रामायण–महाभारत की प्रथम चर्चा तो जैनाधारी रही है और प्रभावी भी रही किंतु जैन विरोधी आंदोलन के पश्चात् उसे परिवर्तित (जैनों) हिंदुओं ने अपने अनुकूल परिवर्तन करके भी अपनाए रखा । इस प्रकार जैनों और ब्राह्मणों की रामायण और महाभारत तथा गीता अलग–अलग हो गए । आश्चर्य है कि इनका कोई भी "लौकिक पात्र" सैंधव लिपि में नहीं दीखता भले ही अध्यात्म के रस में पगी वही लिपि रामायण युग के बंधु तपस्वियों, कुलभूषण देशभूषण की पूरी कथा दिखलाती है।

सिंधु पुरालिपि को किसी भी दिशा में पढ़े जाने पर भी उस अक्षर–कम में **अर्थ क्रम** की विशेषता बनी रहती है । स्वस्तिक एक ऐसा संकेताक्षर है जो सिंधु घाटी लिपि के साथ–साथ प्राचीन भारतवर्ष के प्रत्येक भूभाग पर अपनी उपस्थिति दर्शाता है । मध्य विश्व के देशों के साथ–साथ वह इटली के इत्रूस्कन स्वर्ण पत्रों में भी देखा जाता है जहाँ त्रिशूल, गुणस्थान, जंबूद्वीप अंकन के साथ–साथ धनुष तथा काल अंकन भी स्पष्ट दिखलाई पड़ता है । इत्रूस्कन सभ्यता "इत्रूरिया" की प्राचीन (ईसापूर्व) "सिकुली" तथा "अंबरी" (Siculi & Umbri) जातियों की विशेषता रही है जिसे विद्वान **जार्ज डेनिस** के अनुसार 1000 ई. पू. (B.C.) से भी अधिक प्राचीन माना जा सकता है । डेनिस के मतानुसार इतूरिया के मूल "इत्रूस्कनों" को (जो बद्दू न होकर समूहों में बसते थे) ग्रीक की थेसाली (Thessali) की पेल्सागी (Pelsagi) सभ्यता वालों ने हमलों से नष्ट करके स्वयं को स्थापित किया था। वहाँ से इत्रूरियनों को भगाकर उन्होंने वहाँ ऊंची–ऊंची दीवारों वाले निर्माण किए किंतु उन्हें भी ग्रीक की तिरहेनी/तिरसेनी (Tyrseni) जाति समूहों ने लगभग 1044 ई. पू. (B.C.) में हमला कर नष्ट किया और स्वयं को स्थापित कर *लिया था । वे स्वयं को "रसेना" पुकारते थे तथा रोमन उन्हें "इत्रुस्की" पुकारते हैं* । इटली की उस प्राचीन संस्कृति में सैंधव लिपि के अनेक संकेताक्षर स्पष्ट दिखाई देते हैं । उस "मूल" सभ्यता के विषय में "**प्लेटो**" का अभिमत था कि वह (850,000) साढ़े आठ लाख वर्ष पुरानी सभ्यता थी जिसे सम्पूर्ण विश्व ने लगभग भुला दिया है । "प्लेटो की इसे "सनक" कहकर हंसी में उड़ा दिया गया किंतु कुछ प्रमाण तो उनकी उस बात के संबंध में अवश्य मिलते हैं । उन इत्रूरियों की प्राचीन बस्तियों के खंडहर अब भी बीच अमेलिया और बसेरा नगरों में खड़े मिलते हैं । कुछ गुफाऐं भी मिलती हैं ।

भले ही पेलस्गियन (Pelasgian) जैसी अनेकों सभ्यताऐं काल के गाल में समा चुकी है और उनकी लिपियों का रहस्य भी, किंतु उन पर खोज करना अत्यंत रोचक विषय है । विशेषकर तब, जब हमें उस पुरालिपि को पढ़ने का आधार भी मिल चुका है । काल की अनादि और अनंतता में मनुष्य के अस्तित्त्व के प्रमाण हमें मनुष्य के गहराई से जुड़े अस्तित्त्व वाले, उस भूले जा चुके काल में ले जाकर हमें हमारी "जड़ों" से परिचित कराते हैं कि जैन मान्यता के उत्सर्पिणी/अवसर्पिणी के काल प्रभावों में न जाने कितनी ही सभ्यताऐं उठीं और काल कवलित हो चुकी हैं । किंतु भारत की उस मूल संस्कृति को आज भी उसी रूप में जीवंत देख इसे "शाश्वत संस्कृति" बतलाने का श्रेय इसी "सिंधु घाटी लिपि" को जाता है । साथ ही यह भी दिखाई देने लगता है कि उस संस्कृति का प्रभाव कितना विश्वव्यापी था । इटली से लेकर ईजिप्त तक प्रभावी "गेटीज कूरो" आज भी उतने ही गौरव का विषय बना हुआ है । ईजिप्त की 'नील कछारी सभ्यता" में भी अनेक अक्षर इसी सिंधु लिपि के सदृश्य दिखाई

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पड़ जाते हैं विशेष कर तूतेनखामेन के मंदिर में चित्रांकित अक्षरों के रूप में रत्नत्रयी राजा का पंचम गति की भावना भाता दृश्य, राजा और रानी की उन बैठी मुद्राओं का परिचय "जिनप्रभावी" और उन्हें जिन भक्तिमय दर्शाता है ।

पुरातत्त्व की दृष्टि से उस सभ्यता के विषय में मानव के सामाजिक जीवन संबंधी भी थोड़ी बहुत जानकारी पुरा वस्तुओं से अवश्य मिलती है । किंतु जो लिपि अंकन के रूप में सीलों, सिक्कों तथा अन्य सामग्री पर दिखाई देती है वह उस काल में अध्यात्म की अभिरुचि को ही दर्शाती है । उत्तरकाल में इसके कुछ संकेताक्षर ब्राह्मी, ग्रीक तथा लैटिन आदि लिपियों ने ले लिए हैं । इस लिपि को देखकर यह निष्कर्ष निकालना भी उचित नहीं होगा कि उस समय अथवा इसके उद्भव से पूर्व मानव समाज में दैनिक जीवन संबंधी कोई भाषा अथवा लिपि नहीं थे । प्राप्त सीलों में ही जब "ऊँ" के तीन स्वरूप मिल रहे हैं तब इतना तो संकेत मिल ही जाता है कि तब "देवनागरी" का भी किसी न किसी रूप में प्रचलन अवश्य था । सिर से लटकते ऊँ ॐ का प्रयोग तो मूल धवला ग्रंथ के साथ--साथ अनेक पाण्डुलिपियों तथा जिनबिम्बों की प्रशस्तियों,, पादपीठ अभिलेखों, प्राचीन शिलालेखों आदि मे दिखाई पड़ता ही है अन्य दो रूप ॐ तथा ॐ सिंधु घाटी लिपि की विशेषता दिखाई देते हैं। विशेष बात तो ध्यान देने योग्य यह है कि जिस सनातन परंपरा की झलक हमें सिंधु घाटी के अवशेषों (सील, मुहरों) आदि में देखने को अंकित मिलती है **वही** परंपरा **आज भी दिगंबर जिन धर्मी साधुओं की दैनिक चर्या में जीवंत है । मूल जैन सिद्धांत ग्रंथ भी उसी की पुष्टि करते हैं । उसके कुछ अक्षरों का जिन मुद्राओं के साथ होना भी इसी बात का संकेत है कि वह "जिनानुयायियों" की भाषा थी । "कुंजी" के रूप में वह विश्व को संकेत देती है कि उसका पाठन "जैनआगम के आधार" पर ही होना चाहिए** । व्यर्थ वैदिक, गायत्री, माहेश्वर सूत्र तथा अनुष्टुप छंदों को खींचतान कर बैठाने का पूर्वाग्रह तो त्याग ही दिया जाना चाहिए । श्री **वत्स**. **मैके** और **मार्शल** के केटालॉगों से प्राप्त लिपि विषयों तथा अन्य प्रकाशित सैंधव सामग्री पर अंकित लिपि अभिलेखों को जैन आगम के आधार पर पढ़ने पर जो तथ्य सामने आते हैं उन्हें **"सैंधव पुरालिपि में दिशा बोध"** शीर्षक के अंतर्गत प्रस्तुत किया जा रहा है क्योंकि वह आत्मबोधक है। प्रयत्न यही किया गया है कि अधिक से अधिक अभिलेखों को पढ़ लिया जावे किंतु संभवतः यदि कुछ अभिलेख हमारी दृष्टि से छूट गए हों तो पाठकगणों से विनती है कि उन्हें हमारे ध्यान में अवश्य लाया जावे । हम उनके आभारी होंगे ।

पाठकों की सुविधा के लिए लिपिकोष की संक्षिप्त सूची भी यहाँ अलग से प्रस्तुत की गई है ताकि वे पुरालिपिकों की आध्यात्मिक अनुभूति की झलक पा सकें । यहाँ आगे कुछ महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष जो हमारे ज्ञान में पुरालिपि पढ़ने पर आए थे उन्हें दर्शाना भी उचित समझा गया है, कि :

1 – यह पुरालिपि संपूर्णता में जैन श्रमण परिप्रेक्ष्य में पढ़ी और लिखी गई है जहाँ तनिक भी खींचतान नहीं की गई है । मात्र अक्षरों के अर्थ ही क्रमवार संजोए गए हैं ।

2 – सैंधव लिपि के अक्षर (स्वर–व्यंजन नहीं) रहस्य उद्घाटित करने वाले **शब्द** हैं। संकेताक्षर, चित्राक्षर और संयुक्ताक्षर जैसे

3 – उन शब्दों का मूलाधार उनकी भारतवर्ष में बिखरी / प्रस्थित विशाल मूलाकृतियां हैं अथवा रही हैं ।

4 – सैंधव सीलों / मुहरों में उस काल तक के 21 तीर्थंकरों के लांछनों की उपस्थिति दिखती है भले ही विद्वानों के मतानुसार तीर्थंकरों के लांछन की प्रथा उत्तरकालीन बतलाई जाती है ।

5 – कुछ सीलों में प्रथमानुयोग तथा अधिकांशतः द्रव्यानुयोग का दर्शन होता है ।

6 – इस पुरालिपि में आत्मा का रहस्य और आत्मोत्थान की राहें "बोधगम्य" हैं ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

7 – संसार से ऊपर उठने और वैराग्य धारण करने की प्रेरणादायक यह सैंधव लिपि ही है जिसे किसी भी "मूल्य" से नहीं मात्र आचरण तथा पुरुषार्थ से ही संयम द्वारा अपनाया जा सकता है ।

8 – इसके मूल सिद्धांतों को अनुभवन में न लाने के कारण आगे चलकर अज्ञान वश विरोधी बनकर अनेक तथाकथित धर्मधारी बाहर निकल गए और जैनत्व के विरोध में उठ खड़े हुए जिससे धर्म और पुरातत्व की भारी क्षति हुई है।

9. सबसे प्राचीन लिपि होने के कारण इसके अनेक अक्षर ब्राह्मी में तथा और आगे चलकर उत्तर कालीन प्राकृत, संस्कृत, तथा वर्तमान में प्रचलित देवनागरी आदि ने भी ले लिए हैं जिन्हें सावधानी पूर्वक पढ़ा जाना आवश्यक होगा ।

सैंधव भाषा और लिपि को पकड़ने समझने के जितने प्रयास हुए हैं वे सब इसी ध्येय से हुए हैं कि वर्तमान भाषाओं से सैंधव भाषा का तारतम्य बिठाया जा सके । जबकि सैंधव भाषा लौकिक न होकर अध्यात्मिक भाषा रही है और वर्तमान में भी प्रचलित है । अधिकांश विद्वान सैंधव भाषा को द्रविड़ भाषाओं से जोड़ते हैं जबकि सैंधव भाषा और लिपि प्राकृत आधारित होने से सभी क्षेत्रों में अपना प्रभाव दर्शाती है । श्री **एस्को पारपोला** ने बहुत गंभीर अध्ययन करके लिपियों के विषय में उनके स्वयं के अभिमत दिए हैं कि सैंधव भाषा को "इंडोआर्यन" भाषा ने हटाया अर्थात जहाँ सैंधव बोली जाती थी वहाँ कालान्तर में संस्कृत आ गई जिससे पुनः बदलते हुए कदाचित् हिन्दी, बंगाली और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं ने स्थान पा लिया । वैसा होना तो स्वाभाविक ही था।

डॉ. ब्युलर ने भारतीय लिपि का काल ई. पू. 1000 से भी अधिक मानते हुए ब्राह्मी के पक्ष में नवीन शिलालेखों से संदर्भित विचार दिए हैं । मेगस्थनीज से लेकर भारतीय और विदेशी विद्वानों की लंबी सूची इसी ऊहापोह में हमें सहज ही उपलब्ध हो जाती है । ब्राह्मी के उदभव सम्बंधित अनेक मान्यताऐं हैं । अष्टाध्यायी में लिपियों का प्राचीनतम उल्लेख यवनानी को दर्शाता है । जैन सूत्रों में बंभी (ब्राह्मी), जवनालि (ग्रीक) दोसपुरिम, खरोत्थि, पुक्खरसरिया, भोगवैगा, पहाराइय, उयअंतरिक्खिया, अक्खरपिट्ठिया, तेवनैया, गिन्हैया, अंकलिपि, गंधव्वलिपि, आंदसलिपि, माहेसरी, दामिली (तमिल) और पोलिन्दी का उल्लेख है । बौद्ध ग्रंथ **ललित विस्तर** में ब्राह्मी, खरोष्ठी, पुष्करसारि, अंगलिपि, बंगलिपि, मगधलिपि, मंगल्यलिपि, मनुष्य लिपि, अंगुलिय लिपि, शकारि लिपि, ब्रह्मवल्लि लिपि, द्रविड़ लिपि, कनारि, दक्षिण, उग्र, संख्या, अनुलोम, उर्ध्वधनुर्लिपि, दरद, खंस्य, चीनी, हूण, पुष्प, मध्यक्षर, विस्तार, देव, नाग, यक्ष, गंधर्व, किन्नर, महोरग, असुर, गरुड़, मृगचक, चक, वायुमरू, भौमदेव, अंतरिक्ष, उत्तर, कुरुद्वीप, उपर गौड़, पूर्वविदेह, उत्क्षेप, विक्षेप, प्रक्षेप, सागर, वज्र, लेख प्रतिलेख, अनुद्रुत, शास्त्रावर्त, गणावर्त, उत्क्षेपावर्त, विक्षेपावर्त, पादलिखित, द्विरुत्तर–पदसन्धि लिखित, दशोत्तर पद सन्धि लिखित अध्याहारिणी, सर्वरुत्संग्रहणि, सर्वभुवरुदग्रहणि आदि लिपियों का वर्णन है जिनमें से **ब्रह्मा** ने बाऐं से दाहिने, **क्यालु** ने दाहिने से बाऐं और **त्सम्–कि** लिपियाँ ऊपर से नीचे की ओर लिखी जाने वाली ऐसी **तीन दैवी शक्तियों** द्वारा दी गई लिपियाँ बौद्ध साहित्य में मानी गई हैं ।

सिन्धु घाटी की लिपि की उत्पत्ति संबंधी भिन्न–भिन्न मत हैं । **सर जान् मार्शल** उसे L-R तथा द्रविड़ मूल की मानते है । पांचवी कुंजी एक अति प्राचीन सबसे बड़ी दिगंबर जिन पद्मासित प्रतिमा है जिसे लक्षणों से "आदिनाथ" पहचाना गया है । वह अतिशयकारी प्रतिमा **कुण्डलपुर** नामक सिद्धक्षेत्र पर दमोह के समीप एक पाषाण पर उभरी दिखाई देती है और तृतीय कला काल की रचना प्रतीत होती है । इसके पद्मासित पैरों पर सैंधव लिपि के 3 और 10 अक्षर दृष्ट हैं जो इसे सिंधु घाटी कालीन सभ्यता के सम कालीन प्राचीन दर्शाते हैं । कला के प्रथम काल / चरण की हमारे सामने

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कुंजी प्रथम और द्वितीय है । कला के दूसरे चरण की कुंजी 3 धाराशिव द्वारपर और तीसरे चरण की कुंजी आदिजिन की कुण्डलपुर स्थित आदि जिन' मुद्रा है । **पालगंज की पार्श्वनाथ** जिनमुद्रा महावीर कालीन होकर भी कुण्डलपुर बड़े बाबा की कलाछवि प्रतीत होती है ।इसके पैरों पर भी सैंधव पुरा लिपि अंकन है। प्राप्त सभी कुंजियां सैंधव लिपि के सारे रहस्य खोल देती हैं । इसके बाद तो सारे ही सैंधव पुरा लेखों को पढ़ा जाना अति सहज बन गया । इसलिए सभी पुरालेखों को एकत्रित करके उन्हें पढ़कर यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है ताकि सभी पुरा लिपि प्रेमी बंधु उसका लाभ ले सकें । लिपि को पढ़ना सहज होने से पाठक स्वयं भी इन संकेत लेखों को स्वयं अर्थ देकर इस दिशा में बहुत बड़ा सहयोग कर सकते हैं ।

'सैंधव पुरालिपि में दिशाबोध'' द्वारा सभी उपलब्ध पुरा अंकनों को क्रमबार पढ़ा गया है और उनकी महत्ता को खोला गया है जो एक उपयोगी सामग्री दे रहा है। इसे प्रथम तो भारतीय केटालॉगों की दृष्टि से पढ़ा गया पश्चात् पाकिस्तान तथा अन्य पुराअंकनों को भी समाहित करके पढ़ लिया गया है । साथ ही इस शोधकार्य में सम्मिलित उपयोग किए जा रहे सभी भारतीय प्रदेशों से प्राप्त पुरा संकेतों को भी सम्मिलित किया जा रहा है । मेरी अपनी दृष्टि में पड़े सभी पुरालेखों को भी पढ़ा गया है जो इस प्रकार हैं कि अभिलेखों के ''आरंभ'' और ''अंत'' को पहचानकर उनके पढ़े जाने की दिशा आत्मोन्नति हेतु मिले वही सही दिशा बोध कहलावेगा , सो ही यहाँ स्वीकार किया गया है । आशा है कि पाठकगण इससे लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सीलों में शिवलिंग दर्शाने का जबरन प्रयास किया गया है जो संपूर्ण रूप से भ्रामक है । उस काल में भी बांट और तौल के साधन बहुत उत्तम थे। उन्हीं को येन केन प्रकारेण शिवलिंग बतलाने के प्रयास में भिन्न–भिन्न शिवलिंग दर्शाए गए हैं (सीलें 8 तथा 13) जो श्री वत्स की पूर्वाग्रह ग्रसित भूमिका दर्शाते हैं । एक कलेंडर (सील 14) भी दर्शाया गया है जो चंद्रमा की तिथियों पर आधारित वर्ष को बतलाने में महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति प्रस्तुत करता है । बाहरी घेरे में 29 दिन और 29 रातें हैं जो पखवारे दर्शाते हैं । भीतरी घेरे में 24 खंड हैं जो एक दिन को दर्शाते हैं । सबसे अंदर तीन प्रमुख ऋतुऐं और उनके मध्य तीन उप ऋतुऐं हैं । यह कलेंडर घड़ी, तिथि और मौसम का ज्ञान उस काल में भी सहज दिलाता रहा है । ये एक प्रमाण है कि सैंधव युगीन मानव कितना सभ्य और प्रगतिवान तथा दूरदर्शी था । सील 21 गवासन मुद्रा में भक्ति दर्शाती है जबकि 13 और 14 उस काल के सामान्य कृषक/मानव को दर्शाती हैं । 17–25 सीलें अध्यात्म की प्रतीक हैं उन्हें भी आगे विवरण में प्रस्तुत किया गया है ।

सैंधव लिपि के अंतर्गत माने गए अनेक संकेताक्षर हमें सर्वेक्षण के दौरान **कर्नाटक** प्रदेश तथा **तमिल नाडु** की पर्वतीय शिलाओं/ चट्टानों पर देखने को मिले। **मदुरै के आसपास** के सभी शोचनीय स्थिति में। **पुंडी** का विशाल क्षेत्र झगड़े में उलझने से अतिक्रामकों की चपेट में आ गया है। चतुर्दिक त्रि आवर्ति वाली एक शायिका यहाँ भी दिखी। **करंदई** तथा **तिरपनमूर** में भी सामायिक का पुरा अंकन दिखा । **सेलुकेई** की आदिनाथ प्रतिमा अति विशेष है क्योंकि उसके पादपीठ पर दोनों ओर त्रिछत्र अंकित हैं। **थिरुमलै, मेरसित्तमूर, वीळकम, किलसात्तमंगलं, तिरुपनकुंडरं,** सभी में पुरा कालीन शैलांकन हैं जो वहाँ पुराकाल में जिन श्रमणों का तप रत रहना दर्शाते हैं, घोर उपेक्षित पड़े हैं। श्रमण बेलगोला में भारतीय पुरातत्व व्दारा भी घोरतम उपेक्षित और खतरे में पुरा अंकित विशाल विस्तार पड़ा है। इसका एकमात्र कारण उसका **अपठ,य होना** है।

गुजरात,, कच्छ में वह पुरातत्त्व **गिरनार** की ऊँची श्रृंगों और श्रृंगपथ के साथ साथ **जूनागढ़** के आसपास के क्षेत्रीय विस्तार में प्रचुर मात्रा में था किंतु प्रादेशिक पुरातत्त्व विभाग ने अज्ञानतावश उसे क्षुद्र स्वार्थवश, आराजक तत्वों को पंडों के रूप में वहाँ अनियंत्रित बसाकर बुरी तरह नष्ट कराया है। महाराष्ट्र,में भी लगभग यही स्थिति प्रादेशिक विभागों व्दारा बिहार और झारखंड जैसी है। उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश के **ग्वालियर, विदिशा, ग्यारसपुर, चंदेरी** की ही भांति उपेक्षित पड़ा है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पुरालिपि पाठन

पुरासीलों में अंकित जीवन संबंधी चित्र इडियोग्राम्स कहलाते हैं क्योंकि इन्हें देखते ही कल्पना उठती है अर्थात् इनसे जीवन के उपक्रम का कुछ संदेश मिलता है जिसमें पात्र के साथ क्या संभावित घटा इसका बोध होता है । प्रत्येक चित्र ही ज्ञान देते हुए अति विशेष घटनाऐं बतलाता है अर्थात् यहाँ आरंभ और अंत को देखकर स्वात्मोन्नति की ओर ध्यान देते हुए जीवन के कार्यों से लक्ष्य प्राप्ति करना यही दिशा बोध का ध्येय रहा है । अनेक उपलब्ध केटालॉगों में सीलों को जिस कम में प्रस्तुत किया गया है उन्हें उसी क्रम में उनकी लिपि हेतु पढ़ा गया है । जिसका आधार लेखिका द्वारा दी गई संकेत सूची है । सर्व प्रथम इसमें हड़प्पा के चित्रों को वर्णित किया गया है । कुछ सैंधव पुरा लिपि विशेषज्ञों ने इसे रेबस पध्दति से पढ़ने का संकेत किया है जो अब तक किए गए प्रयासों में उचित तो लगता है किंतु निम्नांकित कारणों से चूक रह गई है।

1, कुंजी हाथ न लगने से वे सही संदर्भ उपयोग करने में चूक गए। उनका सारा ध्यान संकेतों को या तो **ऋग्वेद की ऋचाओं** से सामंजस्य बैठाने का रहा आया या फिर माहेश्वर सूत्र अथवा अनुष्टुप छंद और गायत्री मंत्र से ।

2, लिपि पढ़ने के उद्देश्य से किया गया उद्यम संकेत लिपि का अर्थ समझने से हटाकर सारा प्रयास नई भाषा? की खोज में लगा दिया गया।

3, ब्राह्मी के साथ स्वर साम्य बैठाने के प्रयास में भटककर पूरी शताब्दी लगाकर भी लिपि संकेतों की ओर गहन दृष्टि नही डाली गई।

4, लिपि पाठन संबंधी संकेत कतिपय पुरा विशेषज्ञों से पाकर भी उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया।

5, भारतीय प्राच्य संस्कृति में भी सचाई से अज्ञात कारणों वश नहीं झांका गया ।

6, पुरालिपि विशेषज्ञों की प्राच्य जैन साहित्य से अनभिज्ञता और जैनधर्म के प्रति पूर्वाग्रही दृष्टि भी बहुत बड़ा कारण हैं।

7, वह पूर्वाग्रह सत्य का दर्शन भी नहीं करना चाहकर भारत के इतिहास को काल्पनिक हिंदुत्व के रंग में ही दिखलाना चाहता तो है किंतु प्रमाण उनका साथ नहीं देते हैं। तब बहुसंख्यक हिंदुत्व प्रभावी उठे हाथ स्वयमेव प्रमाणों के अभाव में ढलक जाते हैं ।

8, सैंधव संस्कृति को कदाचित हिंदू संस्कृति मान लेने पर भी धर्म के धरातल पर उसकी मान्यता संबंधी कोई भी संदर्भ उन पुरालिपि संकेतों में दिखलाई नहीं देते जबकि जिनधर्मी चारों अनुयोगों का दर्शन हमें उसमें सर्वत्र सहज दिखता है।

9, जिन पूर्वलिखित डायरियों, रोजनामचों, संदर्भों के आधार पर अंग्रेजों ने इतिहास रचा उन्हें भी आज के जैनेतर विव्दानों की भांति भारत की मूल संस्कृति से परिचय नहीं था इसीलिए आसपास बिखरे प्रमाणों के होते हुए भी उन्हें अनदेखा कर दिया गया और इसी कारण अति सूक्ष्म विश्लेषण व्दारा बनाई गई संकेत सूचियों मे भी वे कहीं कहीं चूक गए।

हमने उन सूचियों को नए सिरे से पढ़कर सर्वप्रथम यहाँ हड़प्पा के चित्रों को वर्णित करने हेतु श्री माधव स्वरूप वत्स के ''एक्सकेवेशन्स'एट हरप्पा भाग I–2 / 11 से लेख सं. LXXXV / (85) में अंकित अभिलेखों को अभिव्यक्त किया है जो पृष्ठ 84 तक जाते हैं।:

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

श्री माधव स्वरूप वत्स के केटेलॉग का page No. LXXXV पाठन

(1) एक अदम्य पुरुषार्थी ने अष्ट कर्मजन्य चतुर्गति भ्रमण से मुक्ति हेतु दो धर्म ध्यानों वाली चतुर्थ गुणस्थानी की आरंभी गृहस्थ स्थिति से उठकर तीन धर्मध्यानों वाला पंचम गुणस्थानी बनकर संघाचार्य की शरण ले संघस्थ हो चतुराधन करते हुए, वैराग्य धारण किया और तीर्थंकर के समवशरण में पहुंचकर उनके पादमूल में जा बैठा ।

(2) एक तीन धर्मध्यानों वाले गृहस्थ के वातावरण में नवदेवता पूजन और रत्नत्रय से प्रेरित होकर गृहत्यागी ने दो धर्मध्यानी (चतुर्थ गुणस्थानी) स्थिति से ही सप्त तत्त्व चिंतन द्वारा पंचम गति की साधना हेतु वैराग्य धारण किया ।

(3) दो रसिक जो अर्धचक्री थे और अष्ट विद्या में निपुण थे ने घातिया कर्मो के क्षयार्थ निश्चय--व्यवहारमय जिनधर्म के शरणागत होकर संघाचार्य के सम्मुख रत्नत्रयी पंचाचार पालते हुए भवचक्र पार करने लीन हुए ।

(4) दूसरी प्रतिमा धारण करते हुए पुरुषार्थी ने स्वसंयम धारण किया और अदम्य पुरुषार्थ बढ़ाकर दो शुक्लध्यानों की प्राप्ति हेतु शाकाहार स्वीकार कर अष्टापद जैसे निकट भव्य प्राणी की तरह कभी हार न मानते हुए आरंभी गृहस्थ जीवन को त्याग दिया और पुनः आगे अदम्य पुरुषार्थ उन्नत किया।

(5) भवसागर से पार होने के ध्येय से चतुराधक छत्रधारी राजा ने ऐलक बनकर स्वसंयम धारा और तपस्वी बनकर रत्नत्रयी जंबूद्वीप में महामत्स्य की तरह वज्रवृषभनाराच संहनन के कारण उत्सर्पिणी--अवसर्पिणी कालार्धो में चारों गतियों से पार होने वाला अरहंत सिद्धमय वातावरण बनाया ।

(6) भव से भयभीत हुए व्यक्ति रत्नत्रयी संघ में रहकर तीर्थंकर पद और सल्लेखना का पुरुषार्थ करते हुए जिनशरणी बन गृहत्यागी बनते हैं ।

(7) यह संसार ही अष्टकर्म जनित चतुर्गतियों का प्रतिफल है ।

(8) पुरुषार्थी जीव ही अंतहीन भटकान से छुटकारा पाने के लिए सिद्ध प्रभु का सहारा लेकर अष्टकर्मो से छूटने सल्लेखना मरण द्वारा अदम्य पुरुषार्थ कर जाते हैं ।

(9) सप्त तत्व चिंतन ही तपस्वियों के ध्यान का विषय बनता है ।

(10) चतुर्गति के अष्टकर्मनाशन के लिए पंचमगति का लक्ष्य रखकर संघ की शरण में जाना ही भवचक्र से पार कराता है।

(11) जंबूद्वीप में भवघट से तिरने की राह है ।

(12) 12 व्रतों का पालन 15 प्रमादों से बचाकर पंचमगति की साधना और वैराग्य में तीन धर्मध्यानी को भी रत्नत्रय की प्राप्ति कराता है । ऐसे चतुराधक सल्लेखी का वैराग्य और दृढ़ता चारों कषायों का त्याग कराकर ही आत्मस्थता लाती है ।

(13) एकदेश स्वसंयमी आरंभी गृहस्थ ने तीन धर्म ध्यानों के साथ भी चतुराधन करते हुए रत्नत्रयी सल्लेखना से तीर्थंकर प्रकृति बांध-कर चर्तुगति छेदन हेतु वैराग्य लिया ।

(14) अपठ्य है ।

(15) लोकपूरण करते हुए केवली समुद्घात करने वाले वह पंचाचारी तपस्वी, प्रारंभ में एक आरंभी गृहस्थ थे जिन्होंने तीन

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

धर्मध्यानों के लिए संयम/इच्छा निरोध स्वीकारा था । (लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए यह यों भी बाएं से दाहिने पढ़ा जायेगा) जिन ध्वजा की शरणागत आदि प्रभु के पथ पर चलते हुए स्वसंयमी ने तीन धर्मध्यानों के साथ आरंभी गृहस्थ होकर भी तप स्वीकार पंचाचार पाला और केवली समुद्घात तक की लोकपूरण स्थिति पर पहुंचे।

(16) भवचक्र से पार उतरने सिद्धत्व पद इच्छुक निकट भव्य ने ऐलकत्व फिर मुनित्व पद द्वारा चंचल मन को मुनि चरणों मे स्थिर करके वैराग्य धारा ।

(17) (वातावरण को घातिया कर्म नाशक बनाने के लिए वैराग्य धारण द्वारा अरहंत भक्ति) गुणस्थानोन्नति के साथ चार शुक्लध्यानों की प्राप्ति रत्नत्रयी जंबूद्वीप में चार अनुयोगी संघाचार्य की शरण में बनी।

(18) पुरुषार्थमय वैराग्य पूर्ण तपस्या ही इष्ट है।

(19) निकट भव्य ने सल्लेखना द्वारा रत्नत्रयी जंबूद्वीप में दूसरे शुक्लध्यान की प्राप्ति हेतु तपस्या को महामत्स्य की तरह **उत्कृष्ट** संहनन से उत्सर्पिणी अवसर्पिणी काल मे अष्टकर्म नाश करके चतुराधक सल्लेखी बन वैराग्य स्वीकारा।

(20) अदम्य पुरुषार्थ से त्रिगुप्ति धारण कर तपस्वी दो शुक्लध्यानों वाले अरहंत सिद्धमय जंबूद्वीप में आरंभी गृहस्थ की भूमिका से तीन धर्मध्यानों का तप आधार बना त्वरित होकर सप्त तत्त्वों का चिंतन करते हुए पंचमगति की साधना करते तपस्यारत आत्मस्थ हो लेते हैं ।

(21) धर्ममय वातावरण में दो धर्मध्यानी आरंभी गृहस्थ भी तीन धर्म ध्यान प्राप्त करके सप्त तत्त्व चिंतन से पंचम गति की प्राप्ति हेतु आत्मस्थता लेते हैं ।

(22) भवघट से तिरने वाले दो शुक्लध्यानों की प्राप्ति करके जंबूद्वीप में अरहंत–सिद्ध आराधना से एक छत्रधारी राजा ने एकदेश स्वसंयम साधते हुए निकट भव्यता प्राप्त करके गुणस्थानोन्नति की और सल्लेखना हेतु चतुराधन किया।

(23) जिनसिंहासन के शरणागत की सल्लेखना चतुराधन वाली दूसरे शुक्लध्यान तक रत्नत्रयी जंबूद्वीप में तपस्वी को मिलती है और उसे भी जिनलिंग दिला अदम्य पुरुषार्थ और वैराग्य दिलाती है ।

(24) एक छत्रधारी राजा ने अंतरात्मा बन रत्नत्रयी तीन केवली पादमूल में भवचक्र से तरने के लिए रत्नत्रय साधा ।

(25) सर्पसीढ़ी उठान गिरान ले तपस्वी ने सल्लेखना लेकर निकट भव्य पंचाचारी तपस्वी बन बारह भावनाऐं जपते हुए वातावरण को भव्यत्व से गुणस्थानोन्नति में लगाया ।

(26) निकट भव्य, सल्लेखी ऐलक था जिसने वैराग्य धारण कर चतुर्गति भ्रमण को अंत करने का उपक्रम किया ।

(27) (अधूरा है) ढ़ाईद्वीप के रत्नत्रयी जंबूद्वीप में पंचाचारी तपस्वी ने उत्तरोत्तर पुरुषार्थ द्वारा आत्मस्थता प्राप्त की ।

(28) पुरुषार्थी अरहंत लीन सल्लेखी ने रत्नत्रयी जंबूद्वीप में निकट भव्यता से छत्रधारी राजा और आरंभी गृहस्थ होकर भी तीन धर्मध्यानी बनने का स्वसंयम साधा ।

(29) रत्नत्रयी जंबूद्वीप में चार अनुयोगी चतुर्विध संघाचार्य निश्चय–व्यवहार धर्मी होते हैं ।

(30) उपशम द्वारा पंचमगति साधक अपने वातावरण को उन्नत कर वैराग्यमय बनाते हैं ।

(31) निकट भव्य बंधुओं ने एकसाथ वैराग्य धारा ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(32) काल का स्पर्श शेष पाँचों द्रव्यों को है ।

(33) तीन धर्मध्यानी स्वसंयमी ने ऐलकत्व/आर्यिका पद से वैराग्य धारा ।

(34) परमेष्ठी जाप से भवघट तिरने का साधन दो धर्मध्यानी को भी निकट भव्यता दिलाकर पंचमगति हेतु वैराग्य दिलाता है।

(35) भवघट से तिरने दो धर्मध्यानी ऐलक ने नदी तट पर अदम्य पुरुषार्थी रत्नत्रयी तप किया और वैराग्य धारण कर केवलत्व पाया ।

(36) जंबूद्वीप में तीन प्रतिमाऐं धारणकर मुनि संघस्थ हो वैराग्य धारण कर दो शुक्लध्यानों की प्राप्ति युगल तपस्वियों ने निश्चय–व्यवहार धर्मी गुरुछत्र में की ।

(37) मुनियों के पुरुषार्थी वातावरण में हर उत्सर्पिणी–अवसर्पिणी में दो धर्मध्यानी व्यक्ति भी शुद्ध.शाकाहार पालन करके रत्नत्रयी मुनि का वातावरण बना तपस्यारत होते हैं ।

(38) अष्टापद की तरह अपराजेय चक्री भी किसी से पराजित नहीं होते और तपस्या में स्वयंतीर्थ से सामर्थ्यवान होते हैं ।

(39) अस्पष्ट ।

(40) संघस्थ प्रतिमाधारी ने लोकपूरणी सल्लेखी के चरणों में चारों अनुयोगों का अध्ययन करने गृह त्यागा ।

(41) अस्पष्ट ।

(42) संघस्थ श्रावक दुर्ध्यान त्यागकर स्वसंयम धारण करते हुए संघाचार्य के समीप रहते हैं ।

(43) भवचक्र पार करने हेतु दो धर्म ध्यानों की भूमिका से पुरुषार्थी ने ऐलक के एकदेश व्रत बढ़ाकर वैराग्य धारण कर श्रमणत्व अपनाया ।

(44) दो धर्मध्यानों की भूमिका से योगी ने एकदेश स्वसंयम अपनाते हुए वैय्यावृत्य को पाने का वातारण बनाया ।

(45) भवघट से तिरने "जिन–समवसरण भक्त" ने प्रतिमाधारी बनकर पंचमगति साधन की सत्संगति करके दो धर्मध्यानों सहित योग धारण कर दुर्ध्यानों को त्यागा ।

(46) स्वसीमाऐं बांधकर भव में रत्नत्रयी साधना दूसरे धर्मध्यानी को इच्छा निरोधी बनाकर तद्‌भवी मोक्षप्राप्ति की स्थिति तक तपस्वी को पहुंचा सकता है ।

(47) अष्टगुण साधना चतुराधक सल्लेखी को वस्त्रधारी (आर्यिका) होकर भी वैराग्य की ओर मोड़ती है ।

(48) अस्पष्ट ।

(49) योगी आरंभी गृहस्थ था ज़ो तीन धर्मध्यानों से अपने वातावरण को रत्नत्रयी बनाकर वीतराग तपस्या की ओर मुड़ गया

(50) पंचमगति का साधक भवघट में तिरने का इच्छुक पुरुषार्थी होता है ।

(51) गुणस्थानोन्नति करने वाला वीतरागी ही होता है ।

(52) सर्पसीढ़ी का खेल खेलता सल्लेखी एक ऐलक था जिसने स्वसंयमी बनकर मोक्ष पथ पकड़ा था ।

(53) आत्मस्थ योगी दो धर्मध्यानों वाला योगी था ।

(54) सल्लेखी पुरुषार्थी योगी है ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(55) दूसरे शुक्लध्यान का स्वामी वह निश्चय–व्यवहारी तो एक दो धर्मध्यानी गृहस्थ था जिसने तीन धर्मध्यानों की प्राप्ति के साथ स्वसंयम स्वीकारा था ।

(56) अस्पष्ट

(57) भवघट से तिरने दो धर्म ध्यानी छत्रधारियों ने उपशमी वैराग्य धारण किया ।

(58) रिक्त ।

(59) छत्रधारी ने निश्चय–व्यवहार धर्म अपनाया ।

(60) दो धर्मध्यानी, एकदेशी तपस्वी, पुरुषार्थी था ।

(61) गुणस्थानी ने सप्त तत्त्व चिंतन करते वैराग्य धारण किया ।

(62–66) कुछ नहीं

(67) जंबूद्वीप में रत्नत्रयी चतुराधन करते दो धर्मध्यानी युगल बंधुओं ने स्वसंयम धारणकर वैराग्य पूर्ण तपस्या की ।

(68) रिक्त ।

(69) वैराग्यवान दूसरे शुक्लध्यान में लीन तपस्वी सल्लेखी है जिसने चारों अनुयोगों का ज्ञान प्राप्त करके संघाचार्य का पद स्वीकारा था ।

(70) रिक्त ।

(71) भवचक्र को पार करने दूसरे धर्मध्यान से उठकर दूसरे शुक्लध्यान तक की यात्रा (4^{th} गुणस्थान से 12 वें गुणस्थान तक की) तपस्वी पार करते हैं और सल्लेखना तत्पर रहते हैं ।

(72) लोकपूरणी, आत्मस्थ ,तीर्थंकर प्रकृति पुण्यवानी है जिसने 2 धर्मध्यानों से (स्वयं एक) छत्री (छत्रधारी) को निकट भव्य और वीतरागी बनाया ।

(73) भवघट से तिरने दो धर्मध्यानों के स्वामी ने तीसरे धर्मध्यान की भूमिका बनाकर (एकदेश व्रती बनकर) रत्नत्रयी तपस्या का वातावरण बनाया। वह एक निश्चय–व्यवहार धर्मी चतुर्विध संघ तपस्वी बना ।

(74) उपशमी (मांगीतुंगी / उदयगिरि–खंडगिरि / चंद्रगिरि–विन्ध्यगिरि) युगल पर्वतों पर ससंघ विराजमान होकर वीतरागी तपस्यारत हुआ ।

(75) भवघट तिरने वाले दो धर्मध्यानी योगी ने दो शुक्लध्यानों तक की तपस्या करके केवलत्व पाने, संघाचार्य की शरण में रत्नत्रय धारण कर वीतराग तप किया ।

(76) छत्रधारी / सम्राट ने चतुराधन करते हुए अदम्य पुरुषार्थमय वीतरागी तपस्या की।

(77) दूसरे शुक्लध्यानी ने अष्टकर्म क्षय करने के लिए चतुराधन किया ।

(78) भवचक्र से पार होकर सिद्धत्व पाने ऐलक ने सल्लेखनामय वीतराग तप किया ।

(79) गुणस्थानोन्नति वाले वातावरण में आत्मस्थता द्वारा दूसरे धर्मध्यान वाला श्रावक भी चतुराधन सहित सल्लेखना करने वीतरागी तप करता है ।

(80) भवघट से तिरने दो धर्मध्यानों से भी आत्मस्थता पाकर ढ़ाईद्वीप में तीर्थंकर प्रकृति का पुण्य बांधा जा सकता है ।

(81) द्वादश अनुप्रेक्षा / बारह भावना से सम्राट / छत्रधारी ने आरंभी गृहस्थ की स्थिति से तीन धर्मध्यानों के साथ रत्नत्रयी

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जंबू व्दीप में तीसरे शुक्लध्यान तक का पुरुषार्थ किया और वीतराग तप धारा।

(82) रत्नत्रयधारी श्रमण का रत्नत्रयी निश्चय–व्यवहारधर्ममय वातावरण ऐलक की भूमिका से संघाचार्य की शरण में प्रारंभ हुआ था जहाँ उसने रत्नत्रय संभालते हुए तपश्चरण किया ।

(83) जंबूद्वीप में भवघट से तिरने दो धर्म ध्यानों के श्रावक आरंभी गृहस्थ ने तीन धर्मध्यानों सहित स्वसंयम की कठोर साधना की ।

(84) तीन धर्मध्यानों के सामान्य पुरुषार्थी ने आत्मस्थ होकर (प्रारंभ में) दो धर्म ध्यानों सहित वीतराग तप प्रारंभ किया था और पश्चात् ऐलक/आर्यिका की तरह तप किया ।

(85) भवघट से तिरने तीर्थंकर प्रभु की शरण आवश्यक है जो तीन धर्मध्यानों से रत्नत्रय सहित प्रारंभ होती है ।

(86) पुरुषार्थ सहित द्वादश अनुप्रेक्षा, निश्चय–व्यवहार धर्म की रक्षा करते हैं ।

(87) आरंभी गृहस्थ जैसा पुरुषार्थ तो पक्षी भी योग धारण करके कर लेते हैं जो दो धर्मध्यानों से प्रारंभ होकर तीसरे धर्म ध्यान तक पंचम गुणस्थान तक जाकर पुरुषार्थ से तप कराता है ।

(88) भवघट से तिरने दो धर्मध्यानी, सम्राट/छत्रधारी (छत्री) ने दशधर्म पालते हुए अरहंत सिद्ध भक्ति पूर्वक (निश्चय–व्यवहार धर्म) की साधना करते हुए वैराग्य धारण किया ।

(89) "आदि–जिन" धर्म की शरण में पशु भी गुणस्थानोन्नति और संयम प्राप्त कर सकते हैं ।

(90) भवघट से तिरने दो धर्मध्यानी ऐलक/आर्यिका ने संघस्थ रहते वैराग्य तप धारा ।

(91) तीन धर्मध्यानी चारों अनुयोगों का ज्ञान निश्चय–व्यवहार धर्ममय मोक्षमार्ग की भूमिका बनाता है ।

(92) भवघट से तिरने वाला दो धर्मध्यानी योगी आत्मस्थ हुआ निकट भव्य है और सल्लेखना तत्पर है ।

(93) दशधर्म धारी वैरागी ही होता है ।

(94) अष्ट अनंत गुणों की प्राप्ति दूसरे शुक्लध्यानी को वीतरागी आत्मस्थ बनाती है ।

(95) योगी द्वारा स्वसंयम और स्व सीमाऐं जो घातिया कर्मों से छुड़ाती हैं ।

(96) श्रमणत्व आर्यिका की गुणस्थानोन्नति ,क्रमशः, विधि से पंचमगति का साधन दिलाती है और भवघट से तिराती है ।

(97) भवचक्र से पार होने दो धर्मध्यान भी कालचक्र के विशेष खंडों में पंचम गति का साधन रत्नत्रयी जंबूद्वीप में अरहंत सिद्ध और रत्नत्रय के साथ बनाते हैं ।

(98) तपस्वी ने वैराग्य को योगी बनकर प्रारंभ किया था ।

(100) दो शुक्लध्यानी, संघाचार्य, निकट भव्य षट द्रव्यों पर श्रध्दान रखते थे।

(101) भवघट से तिरने दो धर्मध्यानों के स्वामी योगी,तपस्वी बनकर पुरुषार्थ बढ़ाकर वैराग्य धारण करते हैं/थे।

(102) दो धर्मध्यानों का स्वामी सल्लेखी की वैय्यावृत्ति सचेलक होकर भी करने वाला वैराग्य पथ पकड़ लेता है।

(103) दोनों ही सल्लेखी अपने आप में पुरुषार्थी तपस्वी थे जिन्होंने पंचाचार पालते हुए सचेलक अवस्था में दो धर्मध्यान पालन किए थे।

(104) सल्लेखी वैरागी था, जो सम्राट था, सचेलक त्यागी था और क्रोध मान माया को त्यागकर रत्नत्रयधारी बना था ।

(105) छत्रधारी त्यागी अपने तप की सुरक्षार्थ वैराग्य धारण कर अवसर्पिणी में रत्नत्रय के धारक बनकर चतुर्अनुयोगी निश्चय व्यवहार धर्मी थे ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(106) पूर्व के 24 तीर्थंकरों की भक्ति करते हुए पंचाचारी ने सल्लेखना ली और सचेलक होकर भी दशधर्म पालन करते जिनशासन की शरण में रत्नत्रयी वैराग्य धारा ।

(107) अर्धचक्री ने भवघट का शीर्ष पाने दो धर्मध्यानों से उठकर चार शुक्लध्यानों की प्राप्ति हेतु रत्नत्रय का अवलंबन लिया

(108) (खंडित) जंबूद्वीप में दो धर्म ध्यान वाली भूमिका से दूसरे शुक्लध्यान तक की उन्नति हेतु पुरुषार्थमय वैराग्य की आवश्यकता पड़ती है ।

(109) हर उत्सर्पिणी–अवसर्पिणी में अर्धचक्री ने संघाचार्य की शरण लेकर रत्नत्रयी वातावरण जिया है ।

(110) अष्टकर्म जन्य चतुर्गति भ्रमण को नष्ट करने के लिए सल्लेखना लेते हुए तपस्वी ने समाधिमरण में वैराग्य पाला ।

(111) सामान्य वातावरण में आत्मस्थता द्वारा साधक ने सचेलक ने संघाचार्य की शरण में रत्नत्रय मय वातावरण बनाया ।

(112) जंबूद्वीप में वातावरण संयोजन कर आत्मस्थता रखते स्व संयम लिया ।

(113) एक पुरुषार्थी प्रतिमाधारी संयमी ने वैराग्य द्वारा तीर्थंकर प्रकृति साधते हुए जाप करते निकट भव्यता का वैराग्य बनाया ।

(114) जिनशासन की शरण में तीर्थंकरत्व का पुरुषार्थी तीन धर्म ध्यानी वातावरण से क्रमशः निरंतर उन्नति करते हुए चौथे शुक्लध्यान तक की प्राप्ति चतुराधन से करता है ।

(115) तीर्थंकरत्व की प्राप्ति हेतु संपूर्ण संघ ही (संघाचार्य सहित) चारों कषायों को त्यागते हैं ।

(116) भवचक्र से तिरने दो धर्मध्यानी साधक षट् द्रव्य चिंतन करते हुए साधु बनकर चतुर्विध संघ के (व्यवहार और निश्चय धर्म) शरण में चले जाते हैं ।

(117) भवघट से पार उतरने दो धर्मध्यानी छत्रधारी राजा ने दुर्ध्यानों को दूर कर अरहंत सिद्धमय वातावरण जंबूद्वीप में बनाया ।

(118) गुणोन्नति हेतु सर्प सीढ़ी का खेल खेलते सल्लेखी महामत्स्य की तरह उत्तम संहनन प्राप्ति से हर उत्सर्पिणी–अवसर्पिणी युगार्ध में अष्ट कर्म जन्य चार गतियों को पार करने हेतु वैराग्य धारण करते हैं ।

(119) भवघट पार उतरने दो धर्मध्यानी निकट भव्य ने जिन सिंहासन प्राप्ति के लिए सप्त तत्त्व का चिंतन किया और पंचमगति पाने को वैराग्य धारा।

(120) एक महाव्रती ने तीसरे शुक्लध्यान की प्राप्ति तक (बारह) द्वादश तपों की साधना की ।

(121) योगी ने स्वयं की सीमाओं को बांध कर दो शुक्लध्यानों का पुरुषार्थ बनाया ।

(122) 12 वें गुणस्थानी तपस्वी ने तीसरे शुक्लध्यान की प्राप्ति करके रत्नत्रय पालन करते हुए तीर्थंकरत्व पाया ।

(123) (अ) तीर्थंकर प्रकृति अर्जन हेतु सप्त तत्व चिंतन और सल्लेखना धारण निकट भव्य को संघाचार्य की शरण में अर्ध चक्री होने पर भी वैराग्य और तप दिलाते हैं।

(ब) भवचक्र पार करने दो धर्मध्यानों का स्वामी गुणस्थानोन्नति करते अष्टान्हिका व्रतरखता वैराग्यमय तप पालता है

(124) जम्बूद्वीप में वीतराग तप ही इष्ट है ।

(125) ऐलक भी पुरुषार्थ करते हुए केवलत्व का स्व संयम धारण कर सकता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(126) भवघट से तिरने दो धर्मध्यानी भी तीसरे शुक्लध्यान तक रत्नत्रय से उठ सकता है ।

(127) अस्पष्ट ।

(128) तीन धर्मध्यानी स्वसंयमी रत्नत्रयी स्वामी तपस्या से निश्चय व्यवहार धर्म की प्राप्ति का वातावरण बनाता है ।

(129) सल्लेखना स्वसंयम से ही संभव होती है ।

(130) अरहंत पद तक उठने के लिए छत्रधारी अंतर्आत्मा 12 तप करता और 15 प्रमाद तजता है ।

(131) अर्धचक्री भी चतुराधन द्वारा निश्चय व्यवहारमय धर्म के वातावरण वाली पंचमगति की साधना उस वातावरण में बना लेता है ।

(132) वातावरण को आत्मस्थ बनकर ही पंचमगति हेतु रत्नत्रय के अनुकूल वातावरण बनाना पड़ता है ।

(133) तीन धर्मध्यानी संसारी जीव भी उनके योग्य षट् आवश्यक और षट् बाह्य व्रत पालते हैं ।

(134) भवचक्र से पार होने दूसरे शुक्लध्यान की प्राप्ति तक पंचपरमेष्ठी आराधन, पुरुषार्थ और निश्चय व्यवहार धर्म में विश्वास वाला वातावरण होना आवश्यक है ।

(135) दो धर्मध्यानो का स्वामी अर्धचक्री भी पंचमगति की साधना हेतु दूसरा (शुक्लध्यान) पा सकता है।

(136) (खंडित है) गुणस्थानोन्नति से पंचम गति का लक्ष्य ही चतुर्विध संघाचार्य का लक्ष्य होता है ।

(137) सल्लेखना धारण करने वाला "अणुव्रती" षट् द्रव्यों का चिंतन करते हुए वैराग्य बनाये रखता है ।

(138) रत्नत्रय की धारणा रखते हुए जंबूद्वीप में दो धर्मध्यानों का स्वामी भी दूसरे शुक्लध्यान का स्वामी भरत चक्रवर्ती की तरह अंततः बन सकता है।

(139) समाधिमरण, सल्लेखना द्वारा पंचमगति की साधना रत्नत्रय और वैराग्य सहित संपन्न होती है ।

(140) (एक वस्त्रधारी) ऐलक, अथवा आर्यिका तपस्वी बनकर ही गुणस्थानोन्नति कर सकते हैं ।

(141) केवली रत्नत्रयी सल्लेखी तपस्वी का वातावरण वैराग्य वाला और वैरागी मुनि का होता है ।

(142) वैय्यावृत्ति का गुणस्थानी झूला रत्नत्रयी तपस्वी को सहायता करता हुआ वैरागी बनाता है।

(143) दूसरे शुक्लध्यान का स्वामी तपस्वी वैराग्य बढ़ाते हुए उत्कृष्ट मुनि बनता है।

(144) एक अणुव्रती स्वयं को निश्चय-व्यवहार धर्मी साधक बना लेता है ।

(145) तीर्थंकरत्व की प्राप्ति सल्लेखना सहित दृढ़ महाव्रती को वैराग्य बनाए रखने से ही होती है ।

(146) सल्लेखना ही वैराग्य की सफलता है ।

(147) जंबूद्वीप में समता पूर्ण रत्नत्रय सेवन तीसरे धर्मध्यानी को पंचमगति की राह दिलाकर वैराग्य की ओर ले ज़ाता है।

(148) तीर्थंकरत्व का आधार रत्नत्रयी जंबूद्वीप में षट्द्रव्य श्रद्धान और स्वसंयम है ।

(149) तपस्वी के तप का आधार स्वसंयम इच्छा निरोध है ।

(150) पंचमगति का साधक सल्लेखना और वैराग्य में तत्पर होता है ।

(151) खंडित सील ।

वर्तमान वैज्ञानिक "जीन्स थ्योरी" चुनौती बनकर सामने आने से अब **जैन दर्शन का सिद्धांत ठोस आधार** पाने लगा है जिससे **यह संसार स्वनिर्मित शाश्वत् षट् द्रव्यों से बना** माना गया है (शाश्वत द्रव्यों में **5 अजीव तथा 1 जीव (आत्मा) है जो** 5 अजीवों में से एक **पुदगल द्रव्य से संयोग करके पर्यायें बनाता** है । शेष चार अजीव आकाश, काल, धर्म, अधर्म उन पर्यायों को अवगाह देते हुए स्पर्श करते हैं किन्तु **सभी छह अन्यथा स्वतंत्र सत्तावान हैं** । इनमें **"काल" चक्रीय है** और **उसका प्रवाह अग्रमुखी सर्प** जैसा सुख और दुख की लहर दर्शाने वाला अतः **उत्सर्पिणी एवं अवसर्पिणी** रूपी है जिसमें **प्रत्येक में 6 काल खंड हैं** । उन्हीं काल खण्डों की अपेक्षा से जीवन और संस्कृति प्रभावित होती आई है । फलस्वरूप प्रथम काल खण्ड को **वर्तमान अवसर्पिणी के परिप्रेक्ष्य में सुषमा सुषमा अथवा कल्प युग** कहा गया है जिसमें 10 प्रकार के कल्पवृक्ष मनुष्य का जीवन सुख पूर्ण रखते रहे हैं । उसके बाद का युग **युगलिया /सुषमा** कहलाता है क्योंकि तब भी कल्पवृक्ष थे किन्तु कुछ कम। भले युगलिया जन्म का प्रचलन अब भी था और जीवन सुखद अथवा सुषमा कालखण्ड था । इसके बाद कल्पवृक्षों की सर्वथा कमी हो जाने से मानव जीवन को कर्मठ बनना पड़ा और उसे **कर्मयुग** नाम मिला । यह तीसरा कुछ सुख देने वाला दुषमा सुषमा युग था । **इसके ही अंत में ऋषभदेव का जन्म हुआ** । इसके बाद का युग **सुष्म दुषमा** का बतलाया गया है **जब शेष तीर्थंकरों का जन्म हुआ** ।इस प्रकार ऋषभदेव प्रथम तीर्थंकर हुए । **इन तृतीय और चतुर्थ काल खण्डों में कठिनाइयाँ, जीवन संबंधी अति कठिन हो गई** थीं और **क्षेत्रों पर तपस्या हेतु अध्यात्मी जाने लगे** थे । तृतीय कालखण्ड के आरंभ से चौथे के अंत तक 24 तीर्थंकर हुए हैं आगमानुसार जिनके बीच में लंबा अंतराल वर्णित है। चौदह मनुओं की परम्परा में नाभिराय अंतिम थे । तीर्थंकरों में ऋषभदेव (इनके ही पुत्र, और अजनाभ से भारत अर्थात अजनाभवर्ष) के प्रपौत्र

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम और महावीर अंतिम तीर्थंकर थे और उनके ही बाद पंचम दुषमा/दुखमा का वर्तमान काल का प्रारंभ हुआ । इस दुखमा कालखण्ड के 30,000 वर्ष बीतने पर अत्यंत दुखद छठवां कालखण्ड दुखमा–दुखमा का आवेगा जिसमें सामान्य मनुष्य जी नहीं पाएगा अतः उसमें बहुत से परिवर्तन आऐंगे । उसके बीतने पर उत्सर्पिणी के छह काल खण्ड विपरीत कम में होंगे । ऐसे परिवर्तन निरंतर आए हैं और आते रहेंगे । उत्सर्पिणी से उत्सर्पिणी तक एक काल कहा गया है ⊛⊛ / ∽ जो सर्प की तरह निरंतर अपनी गति से आगे बढ़ता अन्य **सह द्रव्यों पर अपना प्रभाव दर्शाता है विशेष कर पुदगल पर पुरानापन लाकर** ।

इतिहास और पुरातत्त्व इन्हीं परिवर्तनों को अवशेषों के माध्यम से आंकता है । कभी मिट्टी,, पाषाण, धातु, काष्ठ, हड्डी, के अवशेष, तो कभी अस्थियां/कंकालों की प्राप्ति । कभी गुफाओं, ईंटों के ढेरों, झोपड़ियों, कुंओं, चूल्हों, भट्टियों, जले अनाजों से तो कभी जेवरों, माला मनकों से कभी शैलांकनों तो कभी चित्रांकनों से । संपूर्ण भारत में ही ऐसे पुरा प्रतीक प्राप्त हुए हैं जिनका प्रचलित मान्यताओं से कभी मेल बैठता है और कभी नहीं । बहु संख्यक हिन्दु धर्मी भारत में खींचतान कर साम्य बैठाने की बेहद कोशिश की गई है किन्तु पुराविदों को संतुष्टि नहीं मिली जबकि अल्प संख्यक जैन धर्म के प्रचलित सिद्धांतों से जिनका मूल सनातनी कहा गया है और प्रतीत भी होता है वह संपूर्णता से सामंजस्य रखता है । तब ऐसा लगता है कि वह सम्पूर्ण प्राच्य सभ्यता और संस्कृति वास्तव में जैन श्रमण संस्कृति ही थी जिसे लगभग सारे जैनों ने भी भुला दिया है । मात्र श्रमण वर्ग उससे परिचय रखता है । चूंकि श्रमण मार्ग सामान्य जन मार्ग से भिन्न है अतः हमारी वही पुरा परंपरा हमारे लिए अपरिचित सी हो गई है ।

पुरातत्त्वज्ञ जिस काल को तथा कथित "पाषाण युग" कहते हैं उसमें उनकी मान्यतानुसार धातुओं का प्रचलन नहीं हुआ था और मानव आखेटी/जंगली था अतः शिकार द्वारा उदर पोषण करता था । कल्पना किसी भी तरह की की जा सकती है किन्तु ऐसी मान्यता सहज स्वीकार्य नहीं होती । वे सिल लोढ़े, कूटक, चक्की पेषणी के रूप में आज भी उपयोग में हैं।

मानव प्रकृति से शाकाहारी है । प्रकृति का कोई भी शाकाहारी प्राणी स्वभाव से आखेटी नहीं होता है । नैसर्गिक स्थिति में मनुष्य तैयार भोजन सामग्री सहज ग्रहण करता है यथा, कंदमूल फल जिनकी बड़ी ही व्यापक उपलब्धि है । कच्चे चने/मटर/मूंगफली/भुट्टे भी खाता है । ककड़ी की तरह बैंगन भी खाते देखा गया है । उसका दूसरा प्रयास होता है इन्हीं सब वस्तुओं तथा धान्यों को भूनकर, होला बनाकर खाने का । इसके लिए उसे ना तो चूल्हे की आवश्यकता होती है ना पात्रों उपकरणों की । कहीं भी साफ सा सूखा स्थान देख, थोड़ा सूखा घास फूस रखकर चकमक पत्थर से चिनगारी पैदा करके उसमें सहज ही चना, गेहूँ की बालें भूनी जाती हैं और हाथ से मींडकर फूंक से साफ कर के खा ली जाती हैं । आसपास के कुछ सूखे गोबर लीद लकड़ी से अग्नि बढ़ाकर बाटियां और भुर्ता तैयार करना, शकरकंद आदि भूनना सहज हो जाता है । लगभग समूचे वर्ष ही स्वादिष्ट फल वनों बागों में प्राप्त हो जाते हैं । तब मानव का हिंसक बनकर शिकार भूनना अस्वाभाविक सा लगता है । आखेट और शिकार उसने सर्वप्रथम अपनी और अपने बच्चों/आश्रितों की सुरक्षा हेतु ही किए होंगे । जब–जब इस प्रकार आग लगाई जाती है आसपास की मिट्टी पकती है और उसमें मौजूद धातु तत्त्व पिघल कर उसे मजबूती देता है । धातु का अविष्कार ही इस प्रकार हुआ है और पानी की लहरों ने उसे किनारे छोड़ दिया है । आज जैसे प्रगतिवान वैज्ञानिक युग में भी सहज ही आदिवासियों का जीवन पाषाण युगीन ही दिखाई देता है। इसका अर्थ कदापि नहीं है कि जो पाषाण अवशेष पुरातत्त्वज्ञों ने काल की अगाध गहराई में जहाँ कहीं पाए हैं वे सब किसी "पाषाण युग" के ही द्योतक हैं । पाषाणी उपकरण आज भी देहातों में घर–घर ही नहीं शहरों में भी दिखाई देते हैं और आर्थिक जटिलताऐं आज भी मनुष्य को नैसर्गिक जीने के लिए प्रगतियुग को चुनौती देती उसी पाषाण युगीन शैली से परिचित करा जाती हैं । भारत का मौसम ही इतना अनुकूल है कि जीवन सहज चलता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

लताओं के मंडपों में सागौन के पत्तों का वितान कुछ लकड़ी की थुनियों पर आज भी निरापद आश्रय दे देता है जिसे कटाई के लिए निकलने वाले "चैतुए" अब भी अपनाते हैं । भारत सदैव से ही कृषि प्रधान देश रहा है जहाँ जलवायु को देखते हुए कभी भी अट्टालिकाओं की आवश्यकता नहीं रही। समृद्धि के साथ यहाँ "वैराग्य" भावना प्रधान रही है। कथानकों में ही मानें तो रामायण, महाभारत काल में भी जहाँ सम्राट और साम्राज्य थे, उनके विमान जैसे आवागमन के साधन थे तब भी ऋषि मुनि और तपोवन थे। शबरी और निषाद जैसे आदिवासी थे । आज भी बस्तर के अबूझमाड़ में पाषाण युगीन सभ्यता जीवंत है। छिंदवाड़े के तांबिया/पातालकोट में वह जीवन जिया जा रहा है। पुरातत्त्व में संस्कृति का बहुत महत्त्व है जिसे वर्तमान में नष्ट करने का अत्यंत विस्तार से प्रयास और प्रभाव जारी है । ऐसे में जैन संस्कृति बहुत हद तक सुरक्षित सी दीखती है (तो श्रमणों द्वारा)। आरंभ में पुरातत्त्व सतही अवलोकनों पर ही निर्भर करता था । **सर मार्टिनर व्हीलर** ने भू तत्त्व के स्तरीकरण द्वारा उत्खनन के सर्वेक्षण का महत्त्व सामने लाकर भू उत्खननों द्वारा सर्वेक्षण को प्रधानता दी है।

पिट्ट राइवर्स, डे तेरा, पैटरसन्, ज्योइनर आदि ने अपने–अपने क्षेत्रों में कार्य किया और **सांकलिया** ने नए पुरातत्व को रूप दिया। जिसमें भू–गर्भ शास्त्र, रसायन शास्त्र, भू आकृति विज्ञान, मृदा विश्लेषण विज्ञान, नृतत्व विज्ञान, पुराप्राणि एवं पुरा वनस्पति विज्ञानं के साथ–साथ प्राच्य संस्कृतियों को भी महत्त्व दिया । सैंधव लिपि और प्रतीकों को आद्य इतिहास के अंतर्गत माना जाने लगा । प्रागैतिहासिक संस्कृति के साथ–साथ आद्य ऐतिहासिक सैंधव संस्कृति और पुरापाषाण कालीन हड़प्पा संस्कृति मानी जाने लगी, किन्तु आश्चर्य है कि इन सभी तथा कथित संस्कृतियों में "जैन श्रमण संस्कृति" की अमिट छाप दिखाई देती है । चूंकि हमारे पुराविद् अपनी पूर्व कुंठाओं के कारण उससे परिचित नही हैं अतः वह उनकी दृष्टि से चूक जाती है । कसूर उनका भी नहीं है । हमारे मान्यवान् न्यायविद् और नेता भी अपनी कुंठाओं के कारण खींचतान करके जैन धर्म को उसकी स्वतंत्र सत्ता का ना मानकर "हिंदू" की छाप लगाना चाहते हैं । ऐसा करते हुए वे जैन संस्कृति की अनमोल स्वतंत्र परंपराओं को दूर अंधियारे कोने में फेंककर उनसे हमेशा के लिए अपना ध्यान हटा लेना चाहते हैं । और फिर लड़खड़ाकर सैंधव युगीन सभ्यता और संस्कृति को पकड़ना चाहते हैं जो उन्हें तीन काल में भी उपलब्ध नहीं होगी क्योंकि उनकी ऐनक तो भ्रमित है ।

"पाषाण युग" के बाद जिस "लौह युग" को प्रधानता दी जाती है उससे भी अलग एक "चक्रयुग" दिखलाई पड़ता है। जिसमें काष्ठ और लोह दोनों ही साथ–साथ हैं। उस चक्र युग का अस्तित्व ऋषभ काल में भी था (जिसे हिंदू खींचतान कर 'आदि शिव' पुकारने का प्रयत्न करते हुए विष्णु का 8 वाँ अवतार मानते हैं) और भरत काल में भी। राम और कृष्ण के काल में भी था और आज भी है । जिस घोड़े का अस्तित्व पुरातत्वज्ञ भारत में बहुत बाद में आया मानते हैं और श्री **राजाराम एवं झा** के विचारों से असहमति रखकर खण्डन करते हैं वही घोड़ा श्री राम द्वारा अश्वमेघ यज्ञ में विचरने छोड़ा गया था । वह तो उस समय बीसवें तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ का काल था। कृष्ण और महाभारत के काल में भी था जो कि 22 वें तीर्थंकर अरिष्टनेमि का काल था और सिंधु घाटी काल में भी था जो इक्कीसवें तीर्थंकर श्री नमिनाथ का काल कहा जाता है। उससे भी पूर्व पुरा पाषाण काल में घोड़े को मानव शव के साथ दफनाने के कंकाल भी प्राप्त हुए हैं । (**डॉ राधा कान्त वर्मा** तथा) चूल्हों के प्रमाण भी मिले हैं। (**प्रो. जी. आर. शर्मा**) पुरातत्वज्ञों की ये कुछ ऐसी "अटकलें" और "अनुमान" हैं जो भारतीय संस्कृति को अस्तित्व हीन करते हैं जबकि सैंधव लिपि अंकन में घोड़ा जैसा पशु उसी पाषाण युगीन शैली से परिचित करा देता है। पशु तो दिखलाई देता ही है शैलांकनों और सीलों से प्राप्त अंकन में भी स्पष्ट दिखलाई देता है। एक ओर **Dr. V. S. वाकणकर** जैसे पुराविद् भीम बैठिका को उसी पाषाण युगीन शैली के काल का बतलाते हैं तो अनेक सीलें भी इसी तथ्य से परिचित करा देती हैं ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

श्री वाकणकर तो भीमबैठिका के शैल चित्रों को 10,000 से 90000 वर्ष तक का प्राचीन ठहराना चाहते हैं । लौहयुग के बाद के तथाकथित "ताम्रयुग" का अस्तित्व भी हमें संभवतः ना मिलता किंतु मुद्राओं की प्राप्ति से इस पर हमें भी सोचने को राह मिली । राजस्थान के बयाना की मुद्रानिधियां और गंगाघाटी से प्राप्त ताम्रनिधि ऐसी ही खोज का उदाहरण हैं। धार्मिक ग्रंथों में वर्णित कुरुक्षेत्र, अहिच्छित्र, कम्पिला, हस्तिनापुर, द्वारका, अयोध्या, चित्रकूट आदि पहचान में आए । आगन्तुकों की डायरियों से (**फाह्यान, व्हेन्सांग**) भी कनिंघम ने निर्देश लेकर जगहों की सार्थक खोजें की ।

पाषाण युग के अध्येता लगभग संपूर्ण भारत में उस सभ्यता का विस्तार दर्शाते हैं जिसमें पाषाण के पेबल (लुढ़ियों) से बने औजार एकधारी और दुधारी प्रयोग में लाए जाते थे । हाल ही में घोषित **महादेवन** व्दारा चर्चित एक कूटक (देखें चित्र) भी **तमिल नाडु के एक शिक्षक को खुदाई में प्राप्त हुआ है**। उस काल की सभ्यता को दक्षिण भारत की अनेक नदियों के किनारे तथा गुफाओं में देखा गया है, किंतु विचारने का विषय है कि एक सुनामी जैसा तूफान ही संपन्न आधुनिक संसार को 10' नीचे मिट्टी की परतों में दबाने और पेबल बनाने में सामर्थवान होता है तब नैसर्गिक आपदाओं के चलते कितनी ही सभ्यताऐं ना आई और मिटी होंगी इसे काल परिधि में बांधना भ्रामक भी है और असंभव भी । दक्षिणी पठार लंबे काल तक रुक रुक कर लावा फेंकता रहा है । महाराष्ट्र के कई स्थलों पर लावा की राख के नीचे (Volcanic ash) भी पुरा पाषाण कालीन उपकरण प्राप्त हुए हैं जो **अल्चिन** द्वारा लगभग 1.4 मिलियन (14 लाख) वर्ष पूर्व के माने गए हैं अर्थात् मानव अस्तित्व उस पुरा प्राचीन काल में भी था । वह भी कदाचित् अपनी विभिन्न स्थितियों में रहा होगा । कुर्नूल क्षेत्र के चूल्हे आग का आविष्कार उस काल में भी सिद्ध करते हैं। काश्मीर और राजस्थान में भी ऐसी संस्कृति के पुरा अवशेष उपलब्ध हुए हैं । मनुष्य के साथ–साथ तब पशु भी भरपूर जीवित रहे हैं। वृक्षों की तरह पशुओं के जीवाश्म भी प्राप्त हुए हैं । कुर्नूल से प्राप्त उपकरणों के साथ–साथ बिल्ली, नेवला, चमगादड़, गिलहरी, चूहे, खरगोश, सूअर, लंगूर, हिरण, नीलगाय, गाय, बैल, शेर, चीते, गधा, भैंस, गेण्डा आदि के जीवाश्म (Fossils) प्राप्त हुए हैं [आश्चर्य कि मनुष्य का फॉसिल प्राप्त नहीं हुआ] बेलनधारी से इसी प्रकार गाय, बैल, हरिण, भेड़, बकरी दरियाई घोड़ा एवं हाथी के जीवाश्म प्राप्त हुए हैं । अर्थात् वे सब उस पाषाण काल में भी उसी प्रकार थे जैसे कि आज बिना परिवर्तन हुए। आश्चर्य है कि उस काल में भी आदि मानव के खाद्य पदार्थों में चौकी, माण्डव से चावल के दाने मिट्टी के टुकड़े में फंसे प्राप्त हुए हैं। गांधार में चूल्हों की प्राप्ति है जो स्पष्ट करा देते हैं कि मानव तब भी कृषि आश्रित चावल तथा अन्य धान्य उगाता पकाता रहा है और अपनी नैसर्गिक प्रवृत्ति के अनुसार सिल लोढ़ों का उपयोग करते हुए शाकाहारी रहा है। भारत को बर्बर और जंगली दर्शाने वाले पुराविद् जो भी दलीलें दें यह सिध्द है कि पाषाण युग में भी मनुष्य अपना अस्तित्व कृषक रूप में स्थापित कर देता है। राजस्थान और गुजरात के बीच में डायनासर के अण्डों के जीवाश्म ही पशुपालन दर्शा देते हैं कि कभी उस क्षेत्र में बेहद हरियाली रही किंतु पुराविदों ने काल को हिम युग फिर पाषाण युग में बांटते हुए पाषाण युग को भूधरा बनावट के युग से दो युगों, मध्य पाषाण और उत्तर पाषाण युग में बांट दिया है। उसे भूधरा युग इसलिए दर्शाना पड़ा कि उसके विचार में कुदरती शाकाहारी एनाटामी फीजियालॉजी के बावजूद मानव ने आहार हेतु अनुमानित आखेट किया होगा ! । पशु पालन किया होगा और फिर खेती की ओर प्रवृत्त हुआ होगा जिसे वह मीसोलीथिक अथवा मध्य पाषाण युग पुकारते हैं। (**कारलाइल, जी. आर. हन्टर., बी**. एन. **मिश्र**) जब शैलाश्रयों में न केवल शैल चित्र बल्कि कुछ उपकरणों के अवशेष भी प्राप्त हुए । ऐसे मृद भाण्ड **श्री आर बी गौशी** ने मध्य पाषाण युगीन बतलाए हैं जो लगभग 29 जगहों से प्राप्त हुए हैं । उसके बाद के विकास का युग चाक पर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

बने पात्रों का माना गया है जिनमें कटोरे लाल रंग के तथा नुकीले औजार भाला तीर आदि बने जिसे क्रांति युग (Paleolithic से Meso और Neolithic revolution) पुकारा गया है (मखौली लगते हैं !) आगे तब उसने खेती की, मिट्टी के बर्तन बनाए और ईटों के आवास, कुऐं,उद्योग आदि । पुराविदों के अनुसार गुफाओं में रहने वाला आखेटी मानव अब कृषि के आश्रित होकर बस्तियों में रहना चाहता था । ये बहुत बड़ी क्रांति थी अतः इसे उसने क्रांति युग पुकारा है। जबकि शैलाश्रयों में अंकित वे चित्र मात्र आखेटी और भागते पशुओं के ही नहीं कलात्मक जियामिंती से अंतहीन भटकान और अध्यात्म के भी हैं। भीम बैठिका एवं हाथी गुम्फा के शैल चित्र इसके प्रमाण दर्शाते हैं किंतु वैसे ही प्रमाण खारवेल की गुफा के अनदेखे कर दिए गए है।

उत्तर पुरा पाषाण कालीन संस्कृति के अवशेष आसाम (गारोहिल), बिहार (पलामू क्षेत्र), उड़ीसा (इंद्रावती घाटी), उत्तर प्रदेश (बेलन घाटी, बरियारी बांदा क्षेत्र), मध्यप्रदेश (बैनगंगा, बाजनेर, भीमबैठिका, सोनघाटी), छत्तीसगढ़ (महानदी क्षेत्र), राजस्थान (बुधा पुष्कर क्षेत्र), महाराष्ट्र (प्रवरा नदी, पाटने, इनामगांव, भोकट क्षेत्र), आन्ध्रप्रदेश (नागार्जुन, कुर्नूल, रेनीगुण्टा, कडप्पा, पलेरुघाटी), कर्नाटक (सालबड़गी, मेराल भावी क्षेत्र) आदि में प्राप्त हुए हैं।

मध्य पाषाण कालीन पुरा स्थलों पर मानव सभ्यता के अवशेष ढूंढने के लिए उत्खनन किए गए और लगभग 30 स्थानों में **श्री बी. एन. मिश्र** के अनुसार पुरा पाषाण संस्कृति के अवशेष मिले। उत्कृष्ट मध्य पाषाण कालीन संस्कृति के पुरा स्थलों में चित्रकूट क्षेत्र, बस्तर, जगदलपुर, कोटराकूट, उड़ीसा (महानदी क्षेत्र), रायपुर,, बिलासपुर आदि विशेष हैं। आश्चर्य की बात है कि इन पुराविदों को ऐसी एक भी सामग्री प्राप्त नहीं हुई कि ऊँचे वृक्षों से फल तोड़ने अथवा पालतू पशुओं के लिए उन्हें पत्ती जुटाने का कोई भी साधन प्राप्त हुआ हो यथा लग्गी, बांस, हंसिए आदि। कदाचित् उनका ध्यान आखेटी जीवन की ओर अधिक तथा मानव की नैसर्गिक प्रवृत्तियों की ओर उपेक्षामय रहा। एक ओर तो पुराविद् गेहूं, मटर, जौ, मसूर के दानों की उपस्थिति से कृषि की ओर संकेत करते हैं दूसरी ओर द्विछिद्र युक्त ऐरो हेड और गोले सिल लोढ़े एवं तकुए, तीसरी ओर पात्रों में कटोरे, सकरे मुंह के घड़े, लाल व चटक काले रंग के मृद पात्र (थालियां, प्लेटें भी हैं) जिन्हें लगभग 2373 "ई. पू." का मानते हैं ।

पाषाणीय क्रांति में अन्न भण्डारन की शुरूआत हो गई थी जिसके लिए उपयुक्त मृद भाण्ड एवं कृषि, पशुपालन, नदियों के किनारे, झरनों के आसपास तथा कुंओं के द्वारा बस्तियां बसा कर दिखाई दिया है। संभवतः ऐसी बस्तियां अनेक बार बसीं और प्राकृतिक आपदाओं में उजड़ी होंगी । पुराविदों की दृष्टि में तब मानव गुफाओं से उतरकर मैदानों में आया होगा किंतु हमें ऐसा प्रतीत नहीं होता क्योकि गुफाओं और शैलांकनों से कुछ भिन्न संकेत मिलते हैं। विदेशी विद्वानों **(बेडवुड, बिन्फोर्ड)** को भारतीय सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य का सही ज्ञान ना होने से ऐसी भ्रांतियां स्वाभाविक थीं। खाद्य उत्पादन, मृद भाण्ड, वस्त्रों, जेवरों का निर्माण ,स्थाई निवास, हस्त उद्योग आदि कुछ ऐसे आधार हैं जो पुराविदों के अनुमानों को चुनौती देते प्रश्न खड़े करते हैं। कुम्हार का चाक, कुल्हाड़ी, बसूला, रुखानी, छिद्रित सिरे वाले हथियार, हथौड़ा आदि के साथ सिल लोढ़ा, ओखल मूसल, मानव के परिष्कृत जीवन की झांकी देते हैं । वह जीवन आज भी गांवों में प्रचलित है । मानव विकास के गहन अवलोकन एवं अध्ययन हेतु उन अवशेषों को क्षेत्रीय आधार पर 6 भागों में **जयनारायण पाण्डेय** ने बांटा हैः–

1 : **उत्तरी क्षेत्र**–बुर्जहोम, मार्तक एवं गुफकरार (1962.63) । बुर्जहोम (झेलम) में 1959–1964 उत्खनन हुआ जो काल दृष्टि से 2375 ई. पू. से 1700 ई. पू. का है (1962–63)। बुर्जहोम से प्राप्त सींग युक्त बैल का चित्रण तथा कुछ पिन लगे शीर्ष इस बात का संकेत देते हैं कि कला भी उस काल में काफी उन्नत थी। **अलचिन एवं अलचिन** के अनुसार वह संपन्न समाज का परिचय देते हैं ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

2 : विन्ध्य क्षेत्र–गंगा के मैदानी भाग से मध्यप्रदेश तक के बांदा, सीधी, कोलडिहवा, पंचोह, महमढ़ा, इन्दारी, बेलाधारी एवं कुनझुन क्षेत्र हैं, जहाँ उत्खनन 1969–70, 77–76', 77–78 में क्रमशः चला । यहाँ से प्राप्त मृद भाण्डों की सुंदरता, टोंटी युक्त कटोरे, घड़े, तश्तरियाँ विशेष रहीं । पशुओं के लिए बांसों से बना दरवाजेमय बाड़ा, मिट्टी के बर्तन में रखे हुए तथा जले हुए अनाज के दाने आदि C_{14} अध्ययन द्वारा 4440–4530 ई. पू. के आंके गए हैं ।

3 : दक्षिण भारत–चिताल दुर्ग (ब्रह्मगिरि), बेलारी (संगठनकल्ल), रायचूर (टी. नरसीपुर, पिक्लीहल, मास्की), धारवाड़ (हल्लूर), मैसूर (हेम्मिगे), बीजापुर (तेरदल), गुलबर्गा (कोटेकल), कर्नाटक (अरकोट) तमिलनाडु आदि में अनेक स्थलों पर खुदाई की गई। यहाँ भी अन्य सामग्री के साथ लिपि पुते मकानों के फर्श और चना, मूंग, रागी, कुलकी प्राप्त हुए। अध्ययन से सामग्री का काल 2500–1000 ई. पू. का प्राप्त हुआ । किंतु **अलचिन अलचिन** के अनुसार मेहरगढ़ (3500 ई. पू.) से प्राप्त सामग्री की तुलना में यहाँ की सामग्री अधिक प्राचीन प्रतीत होती है । इसलिए **वी. डी. कृष्णस्वामी** एवं **वी. के. थापर** ने इस संस्कृति की उत्पत्ति दक्षिण भारत से मानी है ।

4 : मध्य गंगाघाटी तथा गंगा के कछार में पुरावशेषों की भरमार दिखती है जहां उत्खनन अधूरे पड़े हैं।

5 : मध्य पूर्व क्षेत्र–इनमें गंगा का कछार, बिहार, उड़ीसा (सिंहभूमि) का इलाका विशेष हैं जहाँ अन्य सामग्री के साथ गेहूँ, जौ, मूंग, मसूर आदि के साथ धान की प्राप्ति वहाँ कृषि का उन्नत संकेत देती है । C_{14} अध्ययन से इसे 2400–2500 ई. पू. आंका गया है ।

6 : पूर्वोत्तर भारत–आसाम, नागालैंड, मणीपुर, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश, सिक्किम, के क्षेत्र इसके अंतर्गत लिए गए। छोटे–छोटे उत्खननों से लगभग वही सामग्री बसूले, छैनी, हथौड़े, सिल लोढ़े आदि, भारतीय संस्कृति के प्रतिपादक प्राप्त हुए हैं।

रफीक मुगल के अनुसार इसके उत्तर कालीन प्राक् हड़प्पा संस्कृति मानी गई है जो हड़प्पा मोहन्जोदड़ो से कदाचित् पूर्वकाल में समृद्ध रही किंतु **अलचिन दम्पत्ति** उसे प्रारंभिक सैंधव ही मानते हैं। इनके अंतर्गत मुंडीगाक, देहमोरासी, (घुण्डई अफगानिस्तान में) नाल, किलेमोहम्मद, दंवसादात, पेरिवानो घुण्डई, अंजीरा, सियाह दम्ब, नून्दरा, कुल्ली, मेही, पीराक दम्ब, मेहरगढ़, आम्री, कोट दीजी, हड़प्पा और कालीबंगा आते हैं । इनमें से कुछ **क्वेटा संस्कृति वाले** कहलाते हैं जहां से प्राप्त पुरावशेषों में विशेष प्रकार के गुलाबी लिए मृद पात्रों पर काले सफेद रंग का चित्रण मिला है । सारे चित्र ज्यामिती और कलात्मक हैं जिनमें हरिण, बेल बूटे अंकित हैं। आम्री, कोटदीजी, झौव, कालीबंगा की कला की अपनी–अपनी विशेषताऐं हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण सांड़ का सुडौल अंकन है। कालीबंगा से प्राप्त मृद पात्रों पर पेड़, पौधे, मछली, बतख, तितली, हरिण, बकरे, सांड़, बिच्छु एवं त्रिकोण हैं। यहाँ के पुरानगर की नाली युक्त सड़कों की आवासीय योजना, दीवारों के अवशेष, भवन, प्रस्तर सामग्री, धातु प्रयोग, चूल्हे, भट्टियाँ, आभूषण सभी परिष्कृत जीवन प्रणाली दर्शाते हैं। वाणिज्य के प्रतीक बांट, मुद्राऐं, आवागमन के साधन के साथ–साथ व्यापार का रहस्य भी खुला है जिसमें उत्पादित सामग्री का विनिमय अवश्य रहा दिखता है ।

धार्मिक दशा का ज्ञान उत्खनन से प्राप्त विभिन्न मृद मूर्तियों, जिनमें माता प्रधान है मिलता है। श्रृंगी देव पर्वत पर स्थित पुरुष है जिनमें अनेक नाग युक्त देवी मूर्तियां भी हैं जो किसी नाग पूजकों का भान कराती हैं । अनेक बांटों को पूर्वाग्रहवशात शिवलिंग और योनि माना गया है जिसमें अनेक पुराविदों तथा **कल्याणव्रत चक्रवर्ती** जैसे विव्दानों व्दारा असहमति है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

संभवतः ब्रह्माणीदेवी का मंदिर ऋषभजा ब्राह्मी के तपस्विनी आर्यिका होने का द्योतक है। यहीं सुंदर सरस्वती की मूर्ति भी प्राप्त हुई है। **अनेक नारी मुद्राऐं नमस्कार और योगासन में** प्राप्त हुई हैं । मेवाड़ के कुछ स्थलों पर हुए उत्खननों में भी **हड़प्पा पूर्व पुरा सामग्री** के प्राप्त होने के संकेत मिले हैं। लिपि अंकन लगभग सारे ही पात्रों पर बहुतायत से है जो कि सैंधव लिपि से ही मेल रखती है। अनेक पुरालिपि विशेषज्ञों ने उसे पढ़ने का प्रयास किया है किंतु उन्हें सफलता नहीं मिल सकी है ।

सन् 1856 में जब लाहौर कराची रेल लाइन बिछ रही थी तब खुदाई के समय ईटों के टुकड़ों के दिखने से अनुमान लगा (क्योकि 1826 में **चार्ल्स मेसन** द्वारा पूर्व में ही घोषणा की गई थी) कि वहाँ हड़प्पा का अवशेष टीला था। उन ईटों के टुकड़ों से जनरल **एलेक्जेंडर कनिंघम** ने स्थल निरीक्षण करके बतलाया कि वह तो विशाल पुरावशेष था जहाँ से लोग मकान बनाने के लिए पकी ईंटें उठा-उठा ले जाते थे। 1921 से वहाँ **सर् जान मार्शल** के निर्देशन में उत्खनन प्रारंभ हुआ जो आठ वर्ष चला । जो अनपेक्षित पुरावशेष प्राप्त हुए उन्हें सहेजकर **श्री दयाराम साहनी** द्वारा अध्ययन किया गया। 1922 में **डॉ. राखालदास बनर्जी** ने सिंधु नदी के तट पर एक नए टीले मोहन्जोदड़ो को खोज निकाला । वहाँ से भी हड़प्पा जैसी ही पुरावशेष सामग्री प्राप्त हुई । 1922-1930 तक मोहन्जोदड़ो का उत्खनन चला और 1931 में वह रुक गया किंतु भारत पाकिस्तान विभाजन के बाद 1950 में **मार्टिनर व्हीलर** के निर्देशन में उसे पुनः प्रारंभ किया गया । **जॉन एफ डेल्स** ने 1963-64 में पुनः उत्खनन कराया । इस तरह काम प्रगति पर रहा और भरपूर तथ्य प्रकाश में आए । **ई. जे. मैके** ने 1935-36 में चानूदाड़ों नामक स्थान पर उत्खनन कराया । बड़ा आश्चर्य माना गया, कि उस सभ्यता का विस्तार उत्तर से दक्षिण 1400 कि. मी. और पूर्व से पश्चिम 1600 कि. मी. निकला । वह बलूचिस्तान, ईरान, तक भी फैला था । इधर भारत में भी थोड़े बहुत उत्खनन हुए और यहाँ भी उसी सभ्यता का विस्तार मिला । **उसमें सबसे महत्वपूर्ण नग्न पुरुष के गुलाबी पत्थर के धड़ थे जो कायोत्सर्गी मुद्रा से साम्य रखते हैं** (चित्र)। वैसे ही धड़ मथुरा कंकाली टीला तथा पटना लोहानीपुर से प्राप्त हुए थे ।

वे सभी धड़ अपने आप में जिस संस्कृति और सभ्यता की उद्घोषणा करते थे उसे उस समय अनेक पुराविदों ने **"जैन संस्कृति"** से सम्बंधित बतलाया । **श्री रामप्रसाद चंद्रा, प्राणनाथ विद्यालंकार, आर. डी. बैनर्जी** आदि अनेक पुराविदों ने उन्हें स्पष्ट रूप से **जैन मुद्राऐं घोषित करने के संकेत दिए** परन्तु पुराविदों की भीड़ उस पर मौन हो गई । जो सीलें और मृद पात्रों के अवशेष मिले थे उन पर अंकित लिपि को सभी ने अपने-अपने तरीके से पढ़ने के प्रयास किए । वो सारे अंकन आदि से अंत तक सही पूछा जाए तो श्रमण जैन सिद्धांतों की मौन भाषा में उपदेश हैं । **मुनि विद्यानंद** तथा अनेक पुराविदों के स्पष्ट अभिमतों के बाद भी की गई उपेक्षा समझ से परे है। अर्थ और परिश्रम तो व्यर्थ गए ही। कुछेक तो अत्यंत नए अंकन हैं जो अब तक भी किसी ने नहीं देखे पहचाने हैं। उन्हें सही अंकित कर लेना भी अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि और विशेषता मानी जाना चाहिए। पूरी शताब्दी बीत गई । किंतु अनभिज्ञ विद्वान उनको पढ़ने का प्रयास वैदिक और गायत्री मंत्रों के आधार पर करते हुए समय खोते रहे। सभी का **बहाना था** कि कोई कुंजी प्राप्त ना होने से उन्हें उसे ब्राह्मी के आधार से पढ़ना पड़ रहा है जबकि वह मात्र बहाना था । भारत की प्रचीन तम/**पुरा संस्कृति में जैनत्व लगातार अवस्थित रहा फिर भी उसको उपेक्षित किया गया**। यह बात समझ में आना कठिन है। ब्राह्मी ने उस पुरालिपि के 27 अक्षर अवश्य लिए हैं किन्तु नातिन भाषा के आधार पर नानी भाषा के ह्रदय की गहराई को आंकना भ्रामक होगा । उस पुरालिपि की प्रथम बेटी थी मूल प्राकृत जिसकी बेटी ब्राह्मी हुई । इसे हम अब आगे देखेंगे ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मूल सैंधव पुरालिपि (संकेत–चित्रलिपि)

↓

मूल प्राकृत (संकेत+ मूल देवनागरी)

↓

ब्राह्मी (27 पुरा संकेत)

↓

वैदिक संस्कृत,

↓

संस्कृत और क्षेत्रीय प्राकृत

↓

आधुनिक संस्कृत, प्राकृत, पाली

↓

फारसी, उर्दू एवं अन्य प्रांतीय लिपियां

उसी पुरा लिपि की प्रथम कुंजी श्रवणबेलगोल की एक विशाल पाषाण शिला पर दिखने से (चित्र) समस्या का हल दिखाई दिया जिसे कांफ्रेंसों में (इतिहास/एपीग्राफी में) प्रयत्न रूप प्रस्तुत भी किया गया किंतु आधुनिक पुराविदों ने भी कोई ध्यान नहीं दिया । अचानक एक केलैंडर में बैठी जिन मुद्रा के पैरों पर अंकित उसी लिपि को देख ठोस आधार मिल गया कि वह पुरालिपि जिस संस्कृति को दर्शाती है वह मूल भारतीय संस्कृति अन्य कुछ नहीं मात्र **जिन श्रमण संस्कृति** ही है । इसलिए उसकी वर्णमाला पाठकों के लिए प्रस्तुत की है । उसी के आधार पर यह पुस्तक है ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

❖जैन पुरा–कथाकोष से साम्य❖

डॉ. पूर्णानंद वर्मा ने बेहद निर्भीकता और सहजता से स्वीकारा है कि बिना हिंदु बने एक जैनी श्रेष्ठ जैनी तो बन सकता है परन्तु बिना जैन संहिता को अपनाये एक अच्छा हिन्दु नहीं बना जा सकता । अर्थात् **हिन्दुत्व की भूमिका का मूल आधार जैनत्व** है। भारत की मूल संस्कृति को "हिन्दु" संस्कृति पुकारने वालों को भी श्री वर्मा की यह स्वीकृति मान्य होनी चाहिए। भारतीय संस्कृति में सिन्धुघाटी सभ्यता जिस तरह रची पची है उसे कुछ विद्वान द्रविड़ प्रभावी पुकारते हैं तो कुछ वेद प्रभावी, कुछ उसे गायत्री पाठ प्रभावी और कुछ उसे **आर्य प्रभावी** बतलाते हैं। किन्तु सभी उसे खींचतान कर बैठाने का प्रयास करते हैं जबकि अनभिज्ञ विद्वानों को जैन पुरा–अध्यात्म कथाओं से साम्य इसलिए दिख नहीं सका क्योंकि उन्होने उसे कभी जाना ही नहीं। प्राप्त जैन संदर्भानुसार आचार्य पूज्यपाद के शिष्य वज्रनन्दिनन्दि ने विक्रम 526 में द्रविड़ संघ की स्थापना की थी जिसके समर्थक/अनुयायी द्रविड़ कहलाने लगे। मूल में तो वह एक श्रमण संघ ही था जिसने उपसर्गों के बावजूद संस्कृति सहेजी। जैन कथाकोष तथा जैन साहित्य के अनेक प्रसंग सैंधव लिपि अभिलेखों में दिखलाई पड़ते हैं जबकि अन्य धर्मकथाओं के नहीं। जैसे कि –

(1) *पूर्व जैन पुरा कथाओं में जिन युगल बंधुओं के तप का वर्णन आता है उनका वर्णन हम* कुलभूषण–देशभूषण मुनियों के संदर्भ में कर ही आये हैं। सैंधव लिपि में ये बार बार झलकते है ।

(2) भरत–बाहुबली कथा जैन साहित्य में अपना विशेष स्थान रखती है, कि मल्लयुध्द मे बाहुबलि ने भरत को हराया था ।

(3) भरत–आदिनाथ वर्णन यों है कि जब आदिनाथ वन में 4000 तपियों के साथ तपलीन थे तब भरत उनके पूजन को पहुंचे

(4) एक विशेष वर्णन स्वयंभूरमण समुद्र के महामत्स्य और तंदुल मत्स्य का रोचक सामने आता है जिसमें महामत्स्य के वज्र वृषभनाराच संहनन के कारण उसकी सहन क्षमता अगाध हो जाती है, किन्तु हिंसक प्रवृत्ति के कारण वह रौरव नरकगामी होता है। उस जैसे संहनन के धारक मनुष्य यदि तीर्थंकर प्रकृति का बंध प्राप्त करते हैं तो तदभवी मोक्षगामी होते हैं। जैनपुरा कथा कोष में इनका वर्णन भरपूर मिलता है। आधुनिक वैज्ञानिक रहस्यों ने भी उदघाटित किया है कि महामच्छों का संहनन उग्र नैसर्गिक आपदायें न केवल झेल लेता है बल्कि चुनिंदा क्षेत्रों में मत्स्यों का जमाव और मरण भी देखा जाता है।

(5) चिली में पक्षियों का सामूहिक मृत्यु आमंत्रण सामान्य नैसर्गिक प्रक्रियाऐं नहीं अति विशेष अवलोकन कहे जा सकते हैं। साथ ही उनके संज्ञित्व को दर्शाते हैं। सैंधव लिपि ने भी पक्षियों को उन्हीं तप और समाधिमरण के संदर्भो में दिखलाया है।

(6) एक कथा के अनुसार कुत्ते को मृत्यु के समय णमोकार मंत्र सुनाये जाने पर उसे देवगति प्राप्त हुई थी, वर्णन मिलता है।

(7) इसी प्रकार शार्दूल का जैनत्व से जुड़ाव न केवल सैंधव सीलों में बल्कि वर्तमान के जैन संदर्भो में भी भरपूर मिलता है। खरगोश, कछुवा, मोर, बतख, चकवा, कबूतर, मुर्गा, तोता, मैना बर्र, बिच्छु, मक्खी, तितली, सर्प, डायनासर, (सरीसृप) आदि का वर्णन सैंधव सीलों में किसी न किसी कथानक से जुड़ा दिखता है। अन्य अनेक प्राणी, तीर्थंकरों के लांछन स्वरूप भी दिखलाई देते है।

(8) अष्टापद नामक प्राणी जो किसी भी तरह पटके जाने पर अपने चार पैरों पर खड़ा रहा आता है और परास्त नहीं होता, एक वीतरागी साधु की दृढ़ता को भी वैसा ही माना गया है, सो भी सैंधव अंकन में बार बार दिखता है।

(9) सेठ सुदर्शन की कहानी "चिर ब्रह्म तत्व का" द्योतक बनती भी दिखलाई देती है।

(10) ॐ का स्पष्ट दर्शन भारतीय दर्शन का स्तंभ है जिसे उत्तरकालीन सभी भारतीय धर्मों ने अपनाया तो, किन्तु उसकी सैंधव झलक मात्र जैन पुराअंकनों तथा पाण्डुलिपियों में दिखती है। उस ॐ की सत्ता को और महत्ता को सबने स्वीकारा, है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

किन्तु उसका उद्‌गम मात्र जैन "मूलमंत्र" में सिद्ध होता है। भूवलय ग्रंथ उसकी व्यापक अभिव्यक्ति देता है। तीर्थंकरत्व की महिमा कि उसे क्यों **मात्र नरभव से ही जीव द्वारा प्राप्त किया जा सकता है**, जीव की नारी पर्याय अथवा नपुसंक पर्याय से नहीं, की अभिव्यक्ति भी बेहद सजीव होकर सैंधव पुराअंकनों में उभरी है जो जैनधर्म के सिवाय किसी भी अन्य धर्म संदर्भो से मेल नहीं खाती है। ये सब विशेषतायें जैन पुरा अध्यात्म के अति समीप सैंधव पुराअंकनों को ला देती हैं।

[illegible]

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जैन अध्यात्म साहित्य और सैंधव संकेतों में साम्य

भाषा की उत्पत्ति संबंधी कुछ विशेष उल्लेख जैन साहित्य में धवला ग्रंथ मे हैं और मूल णमोकार मंत्र संबंधी उल्लेख निबध्दमंगल नामक ग्रंथ में दिखलाई देता है । श्वेताम्बर आम्नाय के महानिशीथ सूत्र. अध्याय 5 में पंच मंगल सूत्र को भगवान वीर (महावीर) व्दारा रचा माना गया है। भगवती सूत्र (श्वे.) में भी उसे पाया गया है ।जहां णमो लोए सव्व साहूणं की जगह णमो बंभीए लिबीए (ब्राह्मी लिपि को नमस्कार) कहा गया है जो ऋषभजा ब्राह्मी के नाम से जुड़ी सैंधव लिपि की समकालीन अथवा उत्तरकालीन बैठती है । खारवेल की मूल गुफा के शिरो शिलालेख में भी "णमो (नमो नहीं) अरहंताणं। णमो सव सिधाणं" अंकित है जो उस काल की लिपि को दर्शाता है। **उसी गुफा के नैसर्गिक भाग में छत पर भीमबैठिका जैसी शैली के शैल चित्रांकन भी दिखे हैं** जो अब तक अनदेखे रहे हैं।

पंचपरमेष्ठी का बीजाक्षर **उं /ओंकार** स्वर माना गया है जो सैंधव पुरा लिपि में **तीन सांकेतिक रूपों** में आया है।

–**ओं एकाक्षरं पंचपरमेष्ठिनायादिपदम** । (द्रव्यसंग्रह टीका 49/207/11) यह दिव्य ध्वनि है जो मूल बीजाक्षर है।

–**छद्दवणवपयत्थे पंचट्ठीकायसत्ततच्चाणि । णाणाविहहेदूहिं दिव्वझुणी भणइ भव्वाणं** । तिल्लोय पण्णत्ति 4/905

भाषा की अभिव्यक्ति शब्दों से तो है किंतु शब्द के ही अर्थ क्षेत्र परिवर्तन से बदलते जाते हैं अतः आगमानुसार अर्थ ग्रहण करने की 5 विधियो में से संकेत एक **भाव ग्रहण** करने का निर्देश भी देती है । शब्द ध्वन्यात्मक भी हो सकता है और संकेतात्मक भी क्योंकि श्रुत शब्द प्रमाण तो है ही किंतु अगाध है । अक्षरों की सीमा से परे वह श्रुत ज्ञान है । अक्षर यों तो मात्र 64 माने हैं (33 व्यंजन +27 स्वर + 4 अयोगवाह) किंतु उनके संयोगों से बने शब्दों की गणना अति विशाल है इसी.लिए संकेतों को भी बहुत महत्व दिया गया है जो अट्ठारह भाषाओं और सात सौ कुभाषा स्वरूप व्दादशांगात्मक बीजपदों का अर्थ कर्ता है ।

–संखित्त सद्दरयणमणं तत्थावगम हेदू भूदाणेगलिंग संगयं बीज पदंणाम । तेसि मणेयणं दुव्वाल संगप्प्यणं अट्ठारसत्तसयभास कुभासा सरूवणं परूवाओ अट्ठकत्तारोणाम। धवला, 9/4.1.44/127/1

इस प्रकार जैनागम संकेत भाषा का समर्थक है और वह पध्दति आज भी दैनिक जैन पूजा में उसी रूप में प्रचलित है। अर्हत की महत्ता को ऋग्वेद ने भी स्वीकारा है क्योंकि अर्हत अथवा जिन परम्परा वेदपूर्वकालीन रही है। वह परंपरा आज भी जिन श्रमणों व्दारा जीवंत है । आगमानुसार हम पाते हैं: –

–जोइंदिये जिणित्ता णाणसहावाधिअं मुणदि आदं। तं खलु जिदिंदियं ते भणंति जे णिच्छिदा साहू। **सर्वार्थसिध्दि 31**

–जिद कोह माण माया जिदा लोह तेण ते जिणा होंति। मूलाचार, 261

–अनेक जन्माटवीप्रापणहेतून समस्तमोहरागव्देषादीन जयतीति जिन : । नियमसार, 1

–खविय घाइकम्मा सयलजिणा । के ते। अरहंत सिध्दा । अवरे आयरिय उवज्झाय साहु देसजिणा तिव्व कसाइंदिय मोह विजयादो । धवला, 9/4.1.1/10/7

–सकल जिनस्य भगवत्सतीर्थधिनाथस्य पादपद,मोपपेविनो जैनाः परमार्थतो गणधरदेवादयः इत्यर्थः । तात्पर्य वृत्ति, 139

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(तप मार्गी पंचपरमेष्ठी वीतरागी होने से कायोत्सर्ग लीन दिखते हैं । उनकी ध्यानस्थ मुद्रा ख्डगासन और पदमासन में सैंधव सीलों में भरपूर व्यक्त हुई है। इसका साम्य एलोरा गुफाओं के जिन मंदिर में दो प्राचीन अंकनों में स्पष्ट दिखाई देता है भले ही उन पर पुरातत्वज्ञों की दृष्टि कभी ना गई हो।

तप का मूल कारण चतुर्गति भ्रमण कराने वाले अष्ट कर्म जनित संसार को शेष करना है । वे चतुर्गतियां क्रॉस और स्वस्तिक के रूप में सैंधव अंकन में बारबार दिखलाई देती हैं । जहां कहीं भी ये स्वस्तिक शैलांकित दिखा है वहां वहां वह पुरा काल में जिनधर्म के होने का संकेत देता है । इतना ही नहीं चतुर्दिक त्रिआवर्ति का एक ऐसा शैलांकन **चित्र** है जो जिन श्रमणों व्दारा पुरा काल में की गई तप सामायिक की घोषणा करता है। अन्य विशेष पुरा चिन्हों में दिगंबरत्व /मुनि लिंग तथा गुणस्थानोन्नति के अंकन भी वहां पुरा काल में जैनत्व होना दर्शाते हैं। कुबेर का दर्शाया जाना (महालक्ष्मी लैणी) , अष्टमंगल अंकनों का होना (कार्ला गुफाऐं) , युगल चरणांकन, शार्दूल अथवा चक्र का होना मूल में जैनत्व की घोषणा करते हैं भले ही उन्हें बाद में अशोक के काल से बौध्दों ने भी अपना लिया । जिनत्व का मूल आधार अहिंसा है । आगमानुसार–

–**अहिंसैव जगन्माता अहिंसैव पध्दति :। अहिंसैव गतिः साध्वी श्रीर हिंसैव शाश्वती** । ज्ञानार्णव, 8/32

सैंधव संकेत लिपि में इसे एक चौपाए के पैर को सीमांकित करके दर्शाया है जो बतलाता है कि किस प्रकार के पशुओं को सुरक्षा में रखकर पाला जाना चाहिए । वह हिंसा का संकेत नहीं था जैसा कि पुराविदों ने अब तक मान रखा है। वह पशु पालन का द्योतक है, लगभग वैसा ही जैसा महाव्रती को उनकी स्वसंयम की सीमाओं में दर्शाया गया है।

"जिनों" के अनुयायी, श्रध्दानी, समर्थक और सेवक जिनधर्मी/जैन कहलाते हैं जो समूचे पुरा भरतक्षेत्र के आर्यखण्ड के ' अजनाभवर्ष ' अथवा भारतवर्ष में वेदपूर्व काल से ही अवस्थित थे। यही सैंधव प्रमाण भी दर्शाते हैं। जिनानुयायी जैन है।

–**जिनस्य संबंधीदं जिनेन प्रोक्तं वा जैनम** । प्रवचनसार, तात्पर्य वृत्ति, 206

अर्थात जैनत्व ही हमारे मानव समाज की मूल संस्कृति' थी और है। उसे खोकर हम मानवता सुरक्षित नहीं रख सकते।

जैनों के आराध्य नौ देव हैं –

–**अरहंत सिध्द साहु तिदयं जिणधम्म वयण पडिमाहु जिण णिलय इदिराए नवदेवता दिंतु मे बोहिं**। रत्नकरण्ड श्रावकाचार.119/168

उर्ध्वलोकवासी देव, शासन देवी देवता रूप जिनालयों में अरहंतदेव की सेवा में सैंधव सीलों में भी दिखाई देते हैं जैसे कि आज के जिनालयों में। पुरा जिनबिंबों में भी वे वैसे ही दिखलाई देते हैं । आश्चर्य है कि पुराविदों एवं मूर्त्ति विज्ञानियों ने ऐसे जिन बिंबों को मध्ययुगीन कहकर उन्हें अनदेखा छोड़ दिया ठीक कुण्डलपुर के बड़े बाबा की तरह। जबकि उस जिन बिंब पर **पुरालिपि अंकित** है। कदाचित उन विशेषज्ञों का भी दोष नहीं है क्योंकि वह लिपि मात्र **कैमरा** पकड़ पाता है। कुण्डलपुर का वह पुरा कालीन जिनबिंब अब अपने नए आयतन में भक्तों व्दारा सुरक्षित कर लिया गया है इसी मान्यता के आधार पर कि वह एक अर्वाचीन मध्ययुगीन, नित्य पूजित जिन बिंब है । किंतु यह कार्य पुरा धरोहर के संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत सराहनीय हुआ है। **(चित्र)** बिंब के सिर के पास ही दो दरारें अब स्पष्ट देखी जा सकती हैं जो बिंब के पुराने जिनायतन में दीवार में जड़े होने के कारण अदृष्ट थीं। पिछले वर्षों में दो बार उनमें पानी संभवतः पुरानी दीवार के पीने से, भरने से इतना रिसाव हुआ कि लोगों मे इसे **अतिशयमय अभिषेक** जानकर शोर मच गया।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जहां जिसने सुना दौड़ पड़ा कुण्डलपुर की ओर । दर्शकों की भीड़ लग गई। बिंब का पत्थर गुलाबी लाल बलुआ परतदार शिला है। सारे ही प्राचीन जिन बिंब इसी पत्थर में अथवा दक्षिण भारत के ग्रेनाइट में दिखते हैं । यह बात भी सर्व विदित है कि ऐसे पाषाण में एक बार परत में पानी घुसने पर परतें बहुत तेजी से खुलती हैं। दो बार वही घटित हो चुकने पर संभावना यही थी कि वे परतें कभी भी बढ़कर बिंब की चेहरेवाली परत को सामने फेंक देतीं और वह पुरा धरोहर काल कवलित हो एक अतिशयी प्रकोप माना जाकर भुला दिया जाता जैसे कि आज **अंजनेरी का पुरा जिन बिंब** सड़क के किनारे उपेक्षित पड़ा है। अच्छा हुआ कि समय रहते भक्तों ने उसे चूने की चुनाई वाले प्राचीन जिनालय से निकालकर नव निर्माणाधीन जिनालय में बिना उसका पुरा वैभव पहचाने भी सुरक्षित करा कर **जिन पूजकों** पर उनकी अनमोल पुरा संपदा बचाने का गुरुतम उपकार किया। इस उत्तम कार्य के लिए उनसे न पूछे जाने के कारण कुछ लोगों का मान आहत हो गया जिससे रुष्ट हो उन्होंने विरोध दर्शाते उस उध्दार प्रकरण की सराहना के बजाय उसे विवाद बनाकर न्यायालय में बिना सचाई जाने ही पहुंचा दिया । सुरक्षा में भी उन्हें दोष ही दिखाई दिए। किंतु भारतीय ही नहीं विश्व पुरानिधि की सुरक्षा में यह सराहनीय कार्य भक्तों ने किया है। ऐसे पुरा लिपि अंकित 12 जिन बिंब अब तक हमारी दृष्टि में सर्वेक्षण के व्दारा आ चुके हैं किंतु उनका उदघाटन करने में यहां इसलिए संकोच है कि कहीं वे भी बड़े बाबा की तरह ही भारतीय पुरातत्व विभाग व्दारा बेवजह किन्ही अहंकारियों की सनक का शिकार बनकर कानूनी उलझनों में उलझा न दिए जावें कि उन्हें मैंने यथोचित मान सम्मान से पूछा क्यों नहीं । वे सब नित्य पूजित जिनबिंब हैं। बड़े बाबा प्रकरण में माननीय न्यायविदों का निर्णय सुनकर ही अपनी अगली कृति में उन्हें प्रगट करूंगी ।

इस संसार में कर्म जनित चतुर्गति के दुःखों से छुटकारा पाने ही तपस्वियों ने स्वसंयम से तप धारकर अपनी सहनशक्ति को हृदय में निर्मलता रखते हुए उन्नत किया जिसे सैंधव लिपि में भरपूर अभिव्यक्त किया गया है। इसे उत्तरकालीन सभी धर्मों ने थोड़े बहुत रूप में अपनाया। **कल्याणव्रत चक्रवर्ती** ने अपनी पुस्तक इमर्जेंस ऑफ हिंदुइज्म में दर्शाया है कि यह हिंदु धर्म और उसकी ईश्वर संबंधी कल्पना मात्र पांचवीं शती ई.पू. की ही हैं अन्यथा पूर्व काल में मानव ही उस आत्मिक उच्चता को प्राप्त करता था, (अर्थात मनुष्य ही तीर्थंकर पद तप व्दारा पाता था) और यह हिंदुत्व जैनत्व से ही जन्मा एक दर्शन है ।

–**व्यवहारेण चतुर्गतिजनक कर्मोदयवशेनोर्ध्वधःस्तिर्यग्गति स्वभावः**। द्रव्य संग्रह, टीका, 2/9/5

–**जिस्से गइए आउअं बध्दं तत्त्थेव ण्चिछएण उपज्जति त्ति** । धवला, 10/4,2,4/40/239/3

–दुक्खहं कारणु मुणिवि जिय दव्वहं एहु सहाउ। होयवि मोक्खहं मग्गि लहु गम्मिजइ परलउ। परमात्म प्रकाश, 2/27

–**गतिश्चतुर्भेदा नरकगतिस्तिर्यग्गतिर्मनुष्यगतिर्देवगतिरिति** । सर्वार्थ सिध्दि, 2/6/159/2

इनसे अलग एक पंचम गति मोक्षदायी है, जो उर्ध्वगाति/सिध्दगति कहलाती है –

–**आदेसेण गदियणुवादेण अत्तिथ णिरयगदि तिरिक्खगदि मणुस्सगदि देवगदि सिध्दगदि चेदि**। षटखण्डागम । 1/1,1/24/201

जिन अथवा जितन्द्रियों ने 28 मूल गुणों को धारकर 22 परीषह अत्यंत पुरुषार्थ उठाते हुए जय किए । अतः इसे वीर मार्ग और वीर धर्म पुकारा गया जिसकी उदघोषणा शार्दूल ने की । श्री वत्स की सील नंबर 306 इसे दर्शाती है। कायोत्सर्गी जिन के विषय मे जैनागम के सूत्र **'मेरा कुछ भी नहीं, यह तन भी नहीं'** दर्शाते हैं ।

–**समस्त बहिर्द्रव्येच्छा निवृत्ति लक्षण तपश्चरण** । द्रव्य संग्रह, 21/63/4

–**तवो विसय णिग्गहो जत्थ** । नियमसार, 6/15

–**कर्म क्षयार्थं तप्यत इति तपः** । सर्वार्थ सिध्दि, 9/6/412/11

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

–विषयाशावशातीतो निरारम्भो अपरिग्रहः, ज्ञान ध्यान तपोरक्तस्तपस्वी स प्रशस्यते । रत्नकरण्ड श्रावकाचार, 1/1

–खवणायं विलणिव्वियडि ण पुरिमण्डलेयट्ठा णाणि तवो णाम। धवला,8/5,4,26/61/5 

वह तप छह बाहर और छह अंतरंग इस तरह बारह प्रकार का बतलाया गया है जो सैंधव संकेत भी बतलाते हैं।

–दुविहो य तवाचारो बाहिर अब्भंतरो मुणेयव्वो । एक्केक्को विछध्दा जधाकम्मं तं परुवेमो । मूलाचार, 345

–बारस विहेण तवसा णियाणरहियस्स णिज्जरा होदि। वेरग्गभावणादो णिरहंकारस्स णाणिस्स। कार्त्तिकेयानुप्रेक्षा,102

–व्दादश विधं तपः तेनैव साध्यं शुध्दात्म स्वरूपे प्रतपनं विजयनं निश्चय तपश्च । द्रव्य संग्रह टीका, 57/228/11

–विसय कसाय विणिग्गह भावंकाउण झाण सिज्झीए। जो भावइ अप्पाणं तस्स तवं होदि णियमेण। बारस अणुवेक्खा, 77चरदि

–तस्माव्दीर्यं समुद्रेकादिच्छारोधस्तपो विदुः। बाह्यं वाक्काय संभूतमान्तरम मानसं स्मृतं । मोक्षपंचाशत, 48

तप हेतु संयम, उत्साहमय पुरुषार्थ और दृढ़ता चाहिऐ क्योंकि शरीर का अपना धर्म और इंद्रियां हाथी सी प्रबल होती हैं ,दोनों पर नियंत्रण कर पाना अच्छे अच्छे वीरों को भी डिगा देता है । स्वयं लिया हुआ नियम थोड़ी सी चूक में टूट जाता है किंतु गुरु के सम्मुख लिया गया छोटे से छोटा संकल्प गुरु एवं शिष्य दोनों पर अपना प्रभाव और दबाव रखता है। सैंधव संकेतों में संयम को भाले से और पुरुषार्थ को अर्ध धनुष से दर्शाया गया है। इसका चरम समाधिमरण /संथारा/सल्लेखना है ।

–संयममाराहंतेण तवो आराहियो हवे णियमा। आराहंतेण तवं चारित्तं होइभयणिज्जं। भगवती आराधना मूल 6/32

–तिण्णं रयणाणं विब्भावड्ढ मिच्छाणिरोहो । धवला, 13/5,4,26/54/12

जीवन के चार पुरुषार्थ कहे गए हैं – धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। अर्थात धर्म से ही प्रभावित शेष तीन हैं और धर्म सबसे प्रधान और मूल है। धर्म अर्थात नैसर्गिक धारण सत्य है।

–धर्मश्चार्थश्च कामश्च मोक्षश्चेति महर्षिभि, पुरुषार्थों अयमुद्दिष्टश्चतुर्भेदः पुरातनैः। ज्ञानार्णव, 3/4

–धम्महं अत्थहं कम्महं वि एयहं सयलहं मोक्खु ।उत्त्मुपभणहिं णाणि जिय अण्णें जेण ण सोक्खु । परमात्म प्रकाश . 2/3

–असुहा अत्था कामा य ।.......एओ चेवसुभो णवरि सव्वसोक्खायरो धम्मो । भगवती आराधना मूल,1813

–पुंसो अर्थेषु चतुर्षु निश्चलतरो मोक्षः पर सत्सुखःशेषास्तव्दिपरीत धर्मकलिता हेया मुमुक्षोरतः । पद्मनंदि पंचविंशति, 7/25

–सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्राणि मोक्षमार्गः । तत्त्वार्थ सूत्र, 1/1 

षट द्रव्य, सप्त तत्व, नौ पदार्थ ही मात्र नैसर्गिक हैं जिनमें **जीव/मेरा अपना आत्मा** हरेक के लिए **स्व** है शेष सब **पर** है।

शाश्वत षटद्रव्यों से यह संपूर्ण संसार बना है जिसे त्रिलोक संस्थान कहा गया है ।इसके मध्य लोक में मात्र ढाई व्दीप के व्दीप समुद्रों में मनुष्य लोक है जिसमें मनुष्य का अस्तित्व बताया गया है और जहां से नर को मुक्ति तप व्दारा ही होती है। यही वह क्षेत्र है जहां पुरुषार्थ संभव है। ढाई व्दीप से बाहर क्षायिक सम्यक्त्व की उत्पत्ति नहीं कही गई है।

–अढाइज्जादीवेसु दंसण मोहणीय कम्मस्स खवण माढवेदि त्ति णो सेसदीवेसु । धवला,6/1,9,8,11/244/2

तप मार्ग पुरुष स्त्री दोनों ही के लिए खुला है किंतु तीर्थंकर प्रकृति कर्म का अर्जन मात्र नरभव से ही संभव है । मोक्षार्थी

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तप के लिए तो अंतिम समुद्र / स्वयंभूरमण समुद्र के महामत्स्य जैसा सहनशील संहनन वज्र वृषभ नाराच संहनन चाहिए और फिर उत्कृष्ट तप करके क्षायिक गुणस्थानोन्नति चाहिए जो बारहवें गुणस्थान के अरहंत पद तक पहुंचाऐ तब मोक्ष प्राप्ति तदभवी निश्चित हो जाती है। इसकी अभिव्यक्ति सैंधव प्रतीकों में अत्यंत सुंदर हुई हैं। 

–तस्स मणुसगदीएचेव तित्थयर कम्मस्स बंध पारंभो होदि, ण अण्णत्थेत्ति। धवला,8 / 3,38 / 74 / 4
–आर्हन्त्यकारणं तीर्थकरत्वनाम । सर्वार्थ सिध्दि, 8 / 11 / 392 / 7
–**जस्स कम्मस्स उदएण जीवस्स तिलोग पूजा होदि तं तित्थयर णाम**। धवला,6 / 1,9–1,30 / 67 / 1
–सकलभुवनैकनाथस्तीर्थकरो वर्ण्यते मुनिवरैरिष्ठैः विधु धवल चामराणं तस्यस्याव्दै चतुःष्टिः । धवला,1 / 1,1,1 / 44 / 58
–पारध्द तित्थयर बंध भवादो तदियभवे तित्थयरसंत कम्मिया जीवाणं मोक्ख गमण णियमादो । धवला, 8 / 3,38 / 75 / 1

सामान्य संसारी जीव अष्ट कर्मों के जाल में फंसा अपने ही बोए कर्मों के फल भोगता कोध, मान, माया, लोभ की अनुभूति से रोता हंसता आत्मा को 16 कषायों और 9 नोकषायों व्दारा कसता, ही चला जाता है और कर्मो का घेरा बढ़कर उसका भवचक्र बढ़ा देता है।इसे सैंधव लिपि में स्पष्ट दर्शाया गया है।

उन अष्ट कर्मों में प्रधान मोहनीय कर्म होता है जो दो प्रकार का, दर्शन मोहनीय और चारित्र मोहनीय होता है। दर्शन मोहनीय के कारण वह सत्य नहीं देख पाता और 'मेरापने' के मिथ्या भाव में डूबा कषाय करता रहता है। वह कषाऐं कोध,,मान, माया,लोभ सैंधव लिपि में त्यक्त चार बूंदों के रूप में दिखलाई गई हैं। इनसे उपजे आर्त्त रौद्र ध्यान दो बूंदों के रूप में, यथा दिखते हैं जो राग व्देष उपजाते हैं । ज्ञानी के लिए इन्हें त्यागना आवश्यक है।

–सत्तु मित्त मणि पाहाण सुवण्ण मट्टियासु राग देसाभावो समदा णाम । धवला, 8 / 3,41 / 84 / 1
–यत्सर्वद्रव्यसंदर्भे रागव्देष व्यपोहनं। आत्मतत्व निविष्टस्य तत्सामायिकमुच्यते । योगसार. / अ. / 5 / 47
–अकसायं तु चरित्तं कसायवसियो असंजदो होदि । मूलाचार, 182
–समता सर्व भूतेषु संयमे शुभ भावना। आर्त्तरौद्रपरित्यागस्तध्दि सामायिकं व्रतम । पद्मनंदि पंचविंशति, 6 / 8
–स्व शुध्दात्मानुभूतिबलेनार्त रौद्र परित्यागरूपं वा, समस्त सुख दुःखादि मध्यस्थ रूपं वा । द्रव्य संग्रह टीका, 35 / 147 / 7

दर्शन मोहनीय के हटते ही वह गुणस्थानोन्नति करता **चतुर्थगुणस्थान** में पहुंचता है और सम्यग्दृष्टि बन जाता है । उसके पास दो धर्मध्यान ।| होते हैं अतः **आत्मकल्याणी सच्चे** गुरु की शरण में पहुंचकर वह **श्रावक** बन जाता है। यहां से ही वह अपने चारित्र मोहनीय कर्मों को कम से नष्ट करने हेतु स्वसंयम धारण के लिये गुरु सन्मुख नियम लेना प्रारंभ करता है। ये नियम पुरुषार्थ सहित वह धारण करता है जो आगे प्रतिमा धारण सहित बढ़ते जाते हैं । उठते उठते वह उच्च श्रावक बन जाता है  ब्रहमचारी, क्षुल्लक अथवा ऐलक / आर्यिका और रत्नत्रय धारण करके पंचमगुण स्थानी हो जाता है। वह रत्नत्रयी बन चुके हैं और एकदेश / अणुव्रती हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

यहां से तप पुरुषार्थ बढ़ाने पर कर्म निर्जरा से उन्नति प्राप्त कर सप्तम गुणस्थानी महाव्रत धारकर वे मुनि बन उच्चकोटि का तप करते हैं। यह 14 गुणस्थानी व्यवस्था भी सैंधव प्रतीकों में अति सुंदर दर्शाई गई है । ध्यान से देखें तो केवली जिन 13 वें 14वें गुणस्थान पर तदभवी तीर्थंकर जिन | के साथ ही हैं। 14वें गुणस्थन से पंचमगति है।



शेष व्यवस्था अन्य गुण स्थानों की 4, 5, 7, 12, ,13, 14 वाली है। साधुओं व्दारा सर्प सीढ़ी का खेले जाने वाला खेल तथा उनकी उठान गिरान आर्यिकाओं का कमिक भवों में आरोहण ,दिगम्बरत्व से ही पुंसवेदी को तीर्थंकरत्व , चतुर्थ गुणस्थानी श्रावक को ही तीर्थंकर प्रकृति कर्मोपार्जन, प्रथम गुणस्थानी कुलाचरणी जिनभक्त का अनादिकाल से अंतहीन गठान में भ्रमण, आदि सारे जैनागमी सिध्दांत सैंधव लिपि ने सुंदरतम रीति से संजो कर रखे हैं।

तप व्दारा अष्टकर्मो के भी चार घातिया कर्म नष्ट करके ही भवघट तिरने की स्थिति रत्नत्रय से बनती हैं, को भी आश्चर्यजनक प्रस्तुति दी गई है। और तो और अष्टकर्मो का नाश चार शुक्लध्यानों से ही है को भी हाथ से दर्शाया गया है। साधकों की उपशम , क्षयोपशम और क्षायिक स्थितियों का भी अंकन है जहां भाव तलछंट को छांटा है।

–गत्यादि मार्गणा स्थानैर विशेषतानां चतुर्दश गुणास्थानानां प्रमाण प्ररूपणमोघ निर्देशः । धवला,3/1,2,1/9/2

–संखियो ओधेत्ति य गुणसण्णा स च मोहजोगभाव । गोम्मटसार जीवकाण्ड, 3/22

–उक्कस्सणु भागेण सः आउव बंधे संजदासंजदेदिहेत्थिं गुणट्ठाणाणं गमण भवदो। धवला,12/4,2,7,19/20/13

–तस्य संवरस्य विभावनार्थं गुण्स्थान विभाग वचनं कियते । राजवार्तिक, 9/1/10/588/6

–लिंग देहाश्रितं दृष्टं देह एवात्मनो भवः,ण मुच्यते भवात्तस्मात्ते ये लिंगकृताग्रह । समाधि शतक, मूल, 87

–भावेण होइ णग्गो मिच्छत्ताइ य दोस चइउणं पच्छ दव्वेण मुणी पयडाडि लिंगं जिणाणाए। भाव पाहुड, 73

–रत्नत्रय भावनाए स्वात्मानं साध्यतीति साधुः । प्रवचनसार, तात्पर्यवृत्ति 2/345/16

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

–द्रव्यलिंगमिदं ज्ञेयं भावस्य लिंग कारणं। तदध्यात्मकृतम स्पष्टं ना नेत्र विषयं यतः। भाव पाहुड, 2/129

–णिव्वाण साधए जोगेसदा जुंजुंति साधवो। सदा सव्वेसु भूदेसु तम्हा ते सव्व साधवो । मूलाचार, 512

–जिनेन्द्र मुद्रया गाथाम ध्यायेत प्रीतिव्किस्वरे। हरितपंकजे प्रवेश्यांतर्निरुध्य मनसानिलम। प्रथम व्दिद,येक गाथांश चिन्तान्ते रेचयेच्छनैः नवकृत्वा पृथोक्तैवं दहत्यन्हः सुधीरमतः। अनगाार धर्मामृत, 9/22–23/866

जिनभक्त पंचपरमेष्ठियों को आराधते एकदेशव्रती और फिर महाव्रती बनकर चतुराधन से कर्मजालों से छुटकारा पाने उद्यम करते हैं। वे घर में रहते हुए जीविकोपार्जन सहित धर्म सेवन और साधुओं की सेवा करते हैं।

–मूलोत्तर गुणनिष्ठमधि तिष्ठन पंचगुरुपद शरण्यः दान यजन प्रधानो ज्ञान सुधं श्रावकः पिपासु स्यात। सागार धर्मामृत,1/15

–अणुव्रतो आगारी। तत्त्वार्थ सूत्र,

वह **सम्यकदृष्टि** आगारी जिनवाणी श्रध्दानी तथा षट द्रव्य, सप्त तत्व चिंतक है।

–जीवा पोग्गल काया धम्म अधम्मा य काल आयासं। तच्चत्त्था इदि भणिदा णाण गुण पज्जयेहिं संजुत्ता। नियमसार,9

–दव्वं जीवंजीवं जीवो पुणचेदणोवओगमऔ। पोग्ग्ल दव्वप्पमुहं अचेदणं हवदि य अज्जीवं । प्रवचनसार,127

–क्रिया च कालस्य। तत्त्वार्थ सूत्र, 5/22

–स च कालो व्दिविधः उत्सर्पिणी अवसर्पिणी चेति। तिल्लोय पण्णत्ति, 4/313

–तत्रावसर्पिणी षटविधा सुषमसुषमा, सुषमा, दुष्षमसुषमा,सुषमदुष्षमा अति दुष्षमाचेति । धवला,9/4,1,44/119/10

–पज्ज्रत्तौ जीवदौ मिच्छादिट्ठी हवइ। बंधइ बहुविधकम्मणि जेण संसारे भमति। परमात्म प्रकाश, 1/77

मिथ्यादृष्टि जीव संसार प्रवृत्त रह लौकिक वैभव की ओर दौड़ते जीवन व्यर्थ गवांकर 'मेरा–तेरा' करता रहता है। कर्मास्रव करता वह आत्मा के अस्तित्व को नहीं जानता। ना ही जानना चाहता है । वह चंचल चित्त आकुल व्याकुल रहता है।

–निज परमात्मप्रभृति षड,द्रव्य पंचास्तिकाय सप्ततत्व नवपदार्थेषु मूढ़त्रयादि पंचविंशति मल रहितं वीतराग सर्वज्ञ प्रणीत नय विभागेन यस्य श्रध्दानं नास्ति स मिथ्यादृष्टिर्भवति। द्रव्य संग्रह टीका, 13/32/10

–अप्पणि पुनरत्तो सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो। लिप्पदिकम्मरयेण दुकंद मज्झे जह लोइं । समयसार, 129

–सममैत्थी कालं बीलै वेरग्गणाण भावेण। मिच्छैट्ठी वांछा दुब्भावालस्सकल्हेहि । रत्नकरंण्ड श्रावकाचार, 57

प्रत्येक **श्रावक** भावना भाता है कि वह व्रत धारण करके अपनी भव भटकान कम कर ले। यह जीवन व्यर्थ न चला जाए।

–तपसा निर्जरा च। तत्त्वार्थ सूत्र, 9/3

–अप्पा अप्पाम्मि राओ रायादिसु सहल दोस परिचित्तो संसार तरण हेदू धम्मो त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठो । भाव पाहुड़, 85

–णिसंगो णिरारंभो भिक्खचरिएइ सुध्दभावो य एगागि ज्झाणरदो सव्वगुड्ढो हवे समणो । मूलाचार, 1000

–जीवितान्ते तु साधनं। देहादेर्हित त्यागात ध्यान शुद्धात्म शोधनं । महापुराण,39/149

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

गृहस्थ को जीवन यापन करते हुए **आरंभी हिंसा** का दोष तो लगता ही है **विषय कषाय जनित कर्मास्रव** भी सदैव बना रहता है। इसलिए **घर में रहकर मुक्ति असंभव** है। गृहस्थ घर में रहकर **संयम की भूमिका** अवश्य बना सकता है।

–खण्डनी पेषणी चुल्ली उदकुंभ प्रमार्जनी पंचसूना गृहस्थस्य तेन मोक्षं न गच्छति । मोक्ष पाहुड़,12 / 313

–असि मसि कृषि वाणिज्यादिभिर्गृहस्थानां हिंस्यसंभवेपि पक्षः। चारित्रसार, 40 / 4

–कर्मार्यास्त्रेधा सावद्यकर्मार्या अल्प सावद्यकर्मार्या असावद्यकर्मार्याश्चेति। सावद्यकर्मार्याः षोढ़ा असि मसि कृषि विद्या शिल्प वणिक्कर्म भेदात । राजवार्तिक, 3 / 36 / 2 / 200 / 32

–षडप्येतेअविरति प्रवणत्वातसावद्यः कर्मार्याः अल्प सावद्यकर्मार्याः श्रावकःश्राविकाश्च विरत्यविरति परिणत्वात। राजवार्तिक, 201 / 6

–उहयगुणवसन भय मल वैराग्गैचार भत्तिविग्गहं वा। एदे सत्तरिया दंसण सावय गुण भणिया। रयणसार, 8

–एयारस दस भेयं धम्मं सम्मत्तं पुव्वयं भणियं ।सागार अनगाराणं उत्तम सुह संपजुत्तेहिं ।बारस अनुवेक्खा, 68

–आज्ञापायविपाक संस्थान विचयम धर्म्य । तत्त्वार्थ सूत्र, 9 / 36

–अद्योतम क्षमा यत्र सो धर्मो दश भेद भाक। श्रावकैरपि सेव्यौसो यथाशक्ति यथागमं। पदमनंदि पंचविंशति,6 / 59

–धम्मे एग्गामणो जो णवि भेदेदि पंचहः विसयं । वेराग्गमओ णाणी धम्मज्झाणुम हवे तस्स। कार्तिकेयानुप्रेक्षा, 479

ध्यान की आरंभिक अवस्था जघन्य **सामायिक है** और ध्यान बारह तपों में से एक **तप** है।

–राग दोसो णिरोहित्ता समदा सव्व कम्मसु। सुत्तेसु अपरिणामो सामाइयं उत्तम जाने। मूलाचार, 523

–सामायिकं सर्व जीवेषु समत्वं । भाव पाहुड़, टीका, 27 / 221 / 13

–चतुरावर्त्तत्रितयश्चतुःप्रणामस्थितो यथाजातः।सामायिको द्विनिषद्यास्त्रियोगा शुध्दस्त्रिसंध्यंभिवंदी ।रत्नकरण्डश्रावकाचार,139

–जीवित मरणे योगे वियोगे विप्रिए प्रिए शत्रौ मित्रे सुखे दुक्खे समयं सामायिकं विदुः। अमितगति श्रावकाचार 8 / 31

–धर्मध्यानं बाहयध्यात्मिक भेदेन द्विप्रकारं ।चारित्रसार,, 172 / 3

–मूलोत्तर गुणनिष्ठमधितिष्ठन पंचगुरुपद शरण्यः। दानयजनप्रधानो ज्ञानसुधं श्रावकः पिपासु स्यात ।सागार धर्मामृत, / 15

–कम्मजिज्जरा नष्ठमत्थि मज्जनुगयस्य सुदणाणस्स परिमल मणुपेक्खणा णाम । धवला, 9 / 4,1,55 / 263 / 1

–पंचमहाव्रत धरास्त्रिगुप्ति गुप्ताः अष्टादश शील सहस्त्रध्राश्चतुरशीति शत सहस्त्र गुण ध्राश्च साधवः। धवला,1 / 1,1,1 / 51 / 2

–उज्जोवणं मुज्जवणं णिव्वाहणं साहणं च ण्च्छिरणं । दंसण णाण चरित्तं तवाण माराहणा भणिया। भगवती आराधना,2

–गोप्तं रत्नत्रयात्मानं स्वात्मनं प्रतिपक्षतः, वापथोगान्ति गृहीयाल्लोक पंक्त्यादि निस्पृहः। अनगार धर्मामृत, 4 / 154

–चारित्त मोह उवसामगा मदा देवेसु उववज्जंति । धवला,2 / 1,1 / 430 / 18

अदृष्ट आत्मा संसारी की समझ में न आने से आत्ममय होकर भी वह उसे नकार कर मात्र शरीर को ही 'स्व' पुकारता है और वह कुछ अंशों में सही भी है । आत्म प्रदेश संपूर्ण शरीर में व्याप्त होने से ही संपूर्ण शरीर संवेदना अनुभवन करता है, 'मैं' पने की स्मृति भी रहती है जो मरण के उपरान्त शव में नही रहती। यही आत्मा का अस्तित्व दर्शाता है कि वही 'मैं' है ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जैन दर्शन उस आत्म तत्व को ही धुरी मानकर संसार को देखता है क्योंकि शाश्वत षटद्रव्यों में मात्र एक वही जीव द्रव्य मेरा 'स्व' है। शेष सब 'पर' हैं इसका उसे भान रहता है । यह शरीर उसके ही सहारे स्वयं को 'मैं' पुकारता अहं भाव रखता है। **सैंधव संस्कृति भी अपनी लिपि से यही साम्य दर्शा रही है।**

—अक्षणोति व्याप्नोति जानातित्यक्ष आत्मा । सर्वार्थ सिध्दि, 1/12/103

—मतिश्रुतावधिमनःपर्यय केवलानि ज्ञानं, त.सू. 9, मतिश्रुतावध्यो विपर्ययश्च। तत्त्वार्थ सूत्र, 31 

—चैतन्य शक्त्तेव्द विकारौ, ज्ञानाकारो ज्ञेयकारश्च। राजवार्तिक,1/6/5/34/29

—इत्यादि भेदात पंचधा, इत्येवं संख्येयासख्येयानंत विकल्पं च भवति ज्ञेयाकार परिणति भेदात। राजवार्तिक,1/7/14/41/2

—स्वप्रभाव भासणसमर्थ सविकल्पं गृहीत ग्राहकं सम्यग्ज्ञानमेव ज्ञानमर्थे निवर्तमत्प्रमाण मित्यार्हतं मतं। न्याय दीपिका, 1/28/22

जिनशासन /सिंहासन के चार पैर साधु, आर्यिका, श्रावक, श्राविका कहे गए हैं जो पैरों की गणना कर लेने पर बढकर कमशः सात हो जाते हैं। वे सभी गुणस्थानोन्नतिरत रहते हैं।
ये सभी सम्यकदर्शन के आठ अंग पालते हैं जिनमें एक धर्मवात्सल्य है जो विनय और वैयाव्रत्य दोनों को पैदा करता है। दोनों सोलहकारण भावनाओं में भी समाहित हैं और तीर्थकर प्रकृति उपार्जन में भी कारण हैं ।
वैयाव्रत्य व्दारा गुणीजनों की सेवा की जाती है।सैंधव लिपि संकेतों में ये सभी दृष्ट हैं।

—व्यापृते यत्क्रियते तव्दैय्यावृत्त्यं । धवला, 8/3,41/88/8

—व्यापत्ति व्यपनोदः पदयोःसंवाहनं च गुणरागात। वैय्यावृत्त्यं व्यापानुपग्रहौ अन्योपि संयमिनां ।रत्नकरंण्ड श्रावकाचार,112

—कायचेष्टा द्रव्यान्तरेण चोपासनं वैय्यावृत्यम । सर्वार्थ सिध्दि, 9/20/439/7

—गुणधीए उवज्झाए तवस्सि सिस्से य दुब्बले। साहुगणे कुले संघे समणुण्णे य चापदि । मूलाचार, 390

जैनागमानुसार आत्मोन्नति का यह पथ आदि काल से गुरु शिष्य परंपरागत चला आ रहा है जहाँ चतुर्दिक संघ में रहकर पुरुषार्थवान मनुष्य संघाचार्य एवं तपो वृध्द तपस्वियों की चर्या देखकर अनुकरण करते हुए, उनसे ज्ञानमय उपदेशित मोक्षपथ को यहाँ तक सुरक्षित ले आए हैं। सैंधव संकेत उसे भी दर्शाते हैं।पंचेन्द्रिय के विषय कितने ही लुभावने क्यों न हों उनका रत्नत्रय दृढ़ बना रहता है।

—चरदि णिबध्दो णिच्चं समणो णाणम्मि दंसणमुहम्मि।पयदो मूलगुणेसु य जो सो पडिपुण्णसामण्णो प्रवचनसार मूल,214

—स्वद्रव्यं श्रध्दानस्तु~~शु~~ध्यमानस्तदेव हि। तदेवोपेक्षमाणश्च निश्चयान्मुनिसत्तमः। तत्त्वार्थसार, 9/6

—अणंतणाणदंसणवीरिय बिरइखइयसम्मत्तादीणं साहया साहू णाम। धवला, 8/3,41/87/4

—आयारं पंचविहं चरदि चरावेदि जो णिरदिचारं,उवदिसदि य आयारं एसो आयारवं णाम।भगवती आराधना 419,

—संगह णिग्गह कुसलो सुत्तत्थ विसारओ पहिय कित्ती। सारण वारण साहण किरियुज्जुत्तो हु आयरिओ। धवला, 111—1/31

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

–संगह णिग्गह कुसलो सुत्तत्थ विसारओ पहिय कित्ती। सारण वारण साहण किरियुज्जुत्तो हु आयरिओ। धवला, 111–1/31

–दसविहठिदिकप्पे वा हवेज्ज जो मुट्ठिदो सयायरिओ। आयारवं खु एसो पवयणमादासु आउत्तो ।भगवती आराधना मूल,420

–पंचस्वाचारेषु ये वर्तन्ते परांश्च वर्तयन्ति ते आचार्याः । भगवती आराधना वि० 46/154/12

–दंसणणाणचरित्ते तव्वे विरियाचरम्हि पंचविहे। वोच्छं अदिचारे हं कारिदं अणुमोदिदे अ कदो। मूलाचार,199

अपने व्रतों को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए वे आत्मसंयमी श्रावक तथा साधुगण व्दादश अनुप्रेक्षा तथा वैराग्य भावना भाते और उनपर पुनः पुनः चिंतन करते थे। इस प्रकार अपनी जागृति बनाए रखते थे । वह पद्यति आज भी चालू है।

–स्वाख्यातत्त्वानुचिन्तन, मनुप्रेक्षा । तत्त्वार्थ सूत्र 9/7

–अधिगतार्थस्य मन साध्यासो अनुप्रेक्षा। सर्वार्थ सिध्दि, 9/25/443

–शरीरादीनां स्वभावानुचिंतन मनुप्रेक्षा। सर्वार्थ सिध्दि 9/2/409

–कम्मणिज्जरणट्ठमट्ठि मज्जाणुगयस्स मुदणाणस्स परिमलणमणु पेक्खणा णाम। धवला, 9/4,1,55/263/1

साधु संघ विहार करके तीर्थ भ्रमण करते और एकान्त शिखरों पर तप करने जा ठहरते। श्रावक भी वहीं उनकी वैय्यावृत्ति करते ध्यान करते, जाप देते पुरुषार्थ बढ़ाते और सल्लेखना कराते/करते अपना इहभव सार्थक करते थे जैसा अब भी होता है

–तज्जगत्प्रसिध्दं निश्चयतीर्थप्राप्तिकारणं मुक्तमुनिपादस्पृष्टं तीर्थ उर्जयन्त शत्रुंजय लाटदेश पावागिरि ....तीर्थंकर पंचकल्याणस्थानानि चेत्यादि मार्गे यानि तीर्थानि वर्तन्ते तानि कर्मक्षयकारणानि वन्दनीयानि । बोध पाहुड़ टीका, 27/93/7

तप की चरम स्थिति **सल्लेखना** या सतलेखना है जिसके बिना सारे जीवन के तप और संयम निरर्थक रह जाते हैं। सच ही कहा है कि अंत भला सो सब भला। किंतु वह सल्लेखना एक संयमी के व्दारा जितनी सहज देखने में आती है वही एक असंयमी की कल्पना में अत्यंत दूभर हो जाती है इसलिए भ्रमवश उससे संबंधित तरह तरह की शंकाऐं बताई जाती हैं। जब

–वृध्दावस्था से शरीर अत्यंत दुर्बल होकर अपने षटआवश्यक ना कर सकने की स्थिति में पहुंच जावे अथवा

–रोग की भीषणता जीवन का असंयममय अंत दिखलाती होवे अथवा

–जीवन का अंत लाने वाला कोई गंभीर उपसर्ग अथवा दुर्घटना घट गई हो अथवा

–संकल्पित धर्म के धारण में बाधा करने वाली अटल विपत्ति आ गई हो तब.......!

–तपस्वी अपने संयम और संकल्पों की सुरक्षा के लिए सल्लेखना स्वयं सोत्साह धारता है जिसमें वह अपनी कषाय तथा नोकषाय दोनों को कमशः आहार जल सीमित करते हुए क्षीण करता है। सैंधव संकेत वही दर्शाते हैं। जहाँ छोटी लकीर नोकषाय और बड़ी लकीर कषाय दर्शाने वाले प्रतीत होते हैं। इसे **संथारा** भी कहते हैं । तपस्वी की सल्लेखना मुद्राऐं कितना मेल रखती हैं यह विशेष ध्यान देने का विषय है। पीछे की लकीरें अदृष्ट भाव अभिव्यक्ति ही होना चाहिए।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सैंधव लिपि की दृष्ट पुरा कुंजियाँ

सिंधु घाटी लिपि को पुराविदों ने संकेतों, चित्रों की बनावट के आधार पर उनके प्रत्यय उपसर्ग वाले संदर्भों सहित पहचान पहचान कर उन्हें केटेलॉगों में सुरक्षित तो कर लिया किंतु वे उसके पाठन हेतु एक भी कुंजी ना ढूंढ़ सके। जिस पुरा संपदा को उन्होने उसके नैसर्गिक भंडारों से खोज निकाला था उसकी वे कुंजी भी तो पा सकते थे। वे एक एक संकेताक्षर पहचानते थे, गुहा मंदिरों और शैलांकित कला चित्रों को भी खोज चुके थे। सिर उठाकर ऊपर दृष्टि तो डाली किंतु पैरों तले क्या रौंद गए इस पर ध्यान नहीं दिया। मात्र **जे. एम. केनोअर** ने पाकिस्तान के कुछ शैलांकनों को सैंधव घोषित किया और उन्हें लगभग 1500 ई.पू प्राचीन बतलाया। उनमें से एक चतुर्दिक त्रिआवर्ति का ऐसा संकेत है जो न केवल श्रवण बेलगोला की दोनों पहाड़ियों पर बल्कि तमिलनाडु के कुछ जैन मंदिरों के फर्श और पहाड़ियों पर भी अंकित दिखा है और यह दर्शाता है कि या तो वह मंदिर ही सैंधव युगीन है या कि फिर वह सैंधव युगीन मन्दिर के अवशेषों से निर्मित है जैसे कि चित्तौड़ का मीरा मंदिर तथा श्रमण बेलगोला का गोम्मटेश मंदिर जो पुराकालीन जिनायतनों की सामग्री से ही निर्मित प्रतीत होते हैं । (श्रवण बेलगोला का वास्तविक नाम **श्रमण बेलगोला** ही होना चाहिए श्रवण नहीं क्योंकि वहाँ उनसे ही संबंधित अपार लेख अंकित हैं।)

श्रमण बेलगोला की बड़ी पहाड़ी पर जो कि एक विशाल शिला है, दिगम्बरत्व, स्वस्तिक की पांच गतियाँ, गुणस्थानोंन्नति, चतुर्गति, चतुर्दिक त्रिआवर्ति, के अलावा श्रावकों और साधुओं संबंधी विस्तृत जानकारी वहाँ की पाषाणी धरा पर अंकित कालीन सी बिछी है। वैय्यावृत्ति, वातावरण, पुरुषार्थ), सल्लेखना, पंचम गति, तीन छत्र, सुंदर जिनालयों की रचना संबंधी अंकन, वूम्ब स्केच/भूवलय ग्रंथ संबंधी अंकन, तपस्वी मुद्राऐं, राजाओं का वैभव सहित हाथी पर आगमन, जिन सिंहासन और कायोत्सर्गी मुद्रा का हाथी पर दर्शन, उछलता घोड़ा,, भद्रबाहु चंद्रगुप्त से भी पूर्वकाल में बना सुदृढ़ चार घेरों के अंदर स्थित पर्वत का शीर्ष जिनालय, प्राचीन पहुंच मार्ग दिखलाता यक्ष, अनेक सिरों वाले पशु के रूप में क्षेत्र पर निगरानी रखता यक्ष आदि तो हैं ही, सैंधव आदितम कुंजी के रूप में आदि शिला के ऊपर जहाँ बाहुबलि मंदिर उसमें ही जड़ा गया है, पुरा कालीन **(चित्र)** कायोत्सर्गी जिन अंकन दिखता है जिसका आधा भाग अज्ञानवश उस मंदिर के निर्माण के समय नष्ट हो गया। चूंकि उस पुराकालीन मंदिर का अस्तित्व उन चार घेरों वाले शैलांकन से स्पष्ट हो जाता है जिसके अंदर अंकित संकेत – जिनध्वजा, त्रिछत्र, डुलते चंवर बतला देते हैं कि 'ऊपर त्रिलोकीनाथ का सुंदर जिनालय था जो कदाचित नैसर्गिक आपदा ज्वालामुखी अथवा भूकंप से ध्वस्त हो गया"। उसका पाषाण, सैंधव लिपि अंकित शिलाऐं और श्रमण शायिकाऐं वर्तमान खड़े चामुण्डराय वाले मंदिर में यव्दा तव्दा लगी दिखाई देती हैं। आदि शिला में टंकित बाहुबलि मंदिर, बीच वाला वह दरवाजा तथा साथ वाला भरत जिनालय एक ही विशाल शिला के अंश हैं जो उस पुरा कालीन मूल जिनालय का एक घेरा बनाते थे। दरवाजे के दोनों ओर उन दोनों भाईयों के जिनालय इस बात के द्योतक हैं कि ऊपर चोटी पर आदिनाथ जिनालय ही रहा होगा जहाँ पर्वत को काटकर बाद में गोम्मटेश को रूप दिया गया है। अब भी उस पावन परिकर के बाहरी घेरे की शिलाओं पर घनी पुरालिपि अंकितशिला को काटकर वह बाहरी प्रदक्षिणा बनी है जहाँ पूर्वकालीन, दूसरे कला चरण काल का एक छोटा सा जिनालय अब भी अंकित है। उसमें ऊपर के खण्ड में अरहंत देव और नीचे के खण्ड में आचार्य और उपाध्याय परमेष्ठी दृष्ट हैं **(चित्र)** । उस ध्वस्त जिनालय में लंबे काल अंतराल के बाद संभवतः अचानक गुरु नेमिचंद्राचार्य को वीतरागी छवि दर्शन के भाव हुए हों और समर्पित शिष्य चामुण्डराय ने उसे पूर्णता दी जैसा कि इतिहास बतलाता है। ;;

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

चामुण्डराय के काल तक भी **शिथिलाचारी जैनाभासी परम्परा** दक्षिण भारत में प्रचार नहीं पा सकी थी भले ही सम्प्रति के काल से लेकर तब तक कुछेक शासकों और श्रेष्ठियों से संरक्षण पाकर उसने उत्तरी भारत में कई मूल क्षेत्रों; जूनागढ, गिरनार, पालीताना आदि मे अपनी पकड़ बना चली थी। आचार्य भद्रबाहु प्रथम के **मूल संघ के विघटन के बाद दोनों ही परम्पराओं** के आचार्य अपनी अपनी परम्परा की प्रभावना में जुटे हुए थे । मूल परम्परा के क्षेत्रों की सुरक्षा के लिये भद्रपुर से भट्टारक परम्परा प्रचलित होकर उज्जयिनी, चन्देरी, भेलसा / वर्तमान विदिशा, भोपाल, कुण्डलपुर / दमोह, वारां, ग्वालियर, अजमेर, दिल्ली, चित्तौड़, नागौर, ईडर और सूरत आदि गद्दियां प्रस्थित हुईं। पुरा कालीन परम्परा की सतघोषणा हेतु कदाचित आदिनाथ की बैठी मुद्रा न बनवाकर आचार्य ने उस लंबे काल से चले आ रहे **विवाद को अंत कराने के विचार से तपलीन बाहुबलि मुद्रा** को ही वहाँ उन्नत चोटी पर प्रगट कराना चाहा हो। संयोग था कि उसमें वीर जननी का भी भावनात्मक सहयोग जुड़ गया ।

जैन इतिहास में मात्र बाहुबलि ही एक ऐसे तपस्वी दिखते हैं जो **एकबार तपरत हुए तो फिर कभी बैठे नहीं।** उनकी तपलीन मुद्रा का दर्शन मात्र खड़गासन में ही संभव था जो चिरकाल के लिए सैंधव युगीन शाश्वत परम्परा को दिग दिगन्त तक भारतीय मूल संस्कृति की सुगंधि सा– अहिंसा, सत्य, करुणा, शील, त्याग और तप की गूंज के रूप में देने में समर्थ था। वह अटल बिंब समूची पर्वत शिला होने से न तो हिलाया जा सकता था ना ही हटाया जा सकता था। उसका वहाँ प्रगट होना मात्र कारीगर की अनुपम कला का प्रदर्शन ही नहीं, भारतीय मूल संस्कृति की अभिव्यक्ति मात्र भी नहीं आदिकालीन चले आ रहे आत्म पथ के रहस्य को उदघटित करने वाली **चिर घोषणा** के रूप में था। वह एक बहुत बड़ी घटना थी जिसे चामुण्डराय जैसा शूर योध्दा ही संपादित करा सकता था अन्यथा उस समय तक तो जिनश्रमण जैसी सहनशील संस्कृति ने विकटतम आरोपित संकट झेले थे, एलोरा के **गुफा चित्र** जिसका आंशिक उदघाटन करते हैं। **सैंधवांकित पुरा जिन बिंब तो अकाट,य कुंजियाँ** हैं।

सैंधव कुंजी 1 :

सैंधव लिपि की उस विशाल धरोहर के कारण गोम्मटेश का वह विन्ध्यगिरि एक जैन शाश्वत तीर्थ होने का परिचय देता है कि वह एक शाश्वत तीर्थ निरंतर रहा इसीलिए **कटवप्र** (सल्लेखना पर्वत) कहलाया। भरत बाहुबलि के उन मंदिरों से भी पूर्व काल में अंकित वह क्षत कायोत्सर्गी जिन रेखांकन सैंधव युगीन अत्यंत ठोस प्रमााण कुंजी के रूप में है क्योंकि उसके समीप ही उसी से संदर्भित चार स्पष्ट और एक धूमिल सैंधव संकेताक्षर भी उससे साम्य रखते हुए अंकित हैं **(चित्र) भाला, पिच्छी, त्रिशूल सात खड़ी लकीरें और एक धूमिल खड़ी मछली,** जो बाऐं से दाऐं पढ़े जाने पर दर्शाते हैं कि :

'**स्वसंयम** की साधना करने वाला ही **महाव्रत** की पिच्छी लेकर **रत्नत्रय** को धारण करता और **सप्त तत्त्वों** का चिंतन करता **तपस्वी** है। वही **अरहंतजिन** का भक्त है।'

श्री महादेवन जैसे पुराविद भी इस महत्वपूर्ण अंकन को देखकर मौन रहे **(चित्र)** जबकि उनकी लेखनी ने तमिल नाडु में खुदाई से प्राप्त एक कूटक पर **(चित्र)** लिखे चार संकेताक्षरों को शताब्दी की उपलब्धि लिखा था। वही नहीं केन्द्रीय भारतीय पुरातत्त्व विभाग को भी लिखित सूचना देने पर भी कोई प्रतिकिया प्राप्त नहीं हो सकी। भारतीय इतिहास कान्फ्रेंस में इसपर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किए जाने पर भी आश्चर्य है कि पुराविदों की दृष्टि इस सैंधव कुंजी की ओर नहीं आई। इसके ज्ञापन हेतु एक शोधग्रंथ "द सीड इंडस रॅाक ऑफ कर्नाटका" के रूप में उसे कतिपय विश्वविख्यात पुरातत्त्वज्ञों के पास भी भेजा किंतु उनसे भी कोई टिप्पणि न पाकर यह स्पष्ट हुआ कि पुराविदों को वास्तव में कुंजी न मिलने का मात्र एक बहाना था। वे सब उसे अपने अपने तरीकों से ही पढ़ना चाहते थे ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम लिपि कुंजी को कदाचित पुराविज्ञों ने इसलिए ध्यान नहीं दिया क्योंकि वे लिपि अंकन उस शिला पर जिन बिम्बांकन के समीप होकर भी अलग थे। शीघ्र ही हमें दूसरी लिपि कुंजी भी मिल गई।

सैंधव लिपि कुंजी 2

वहीं विंध्यगिरि के मंदिर प्रांगण में जे. एम. केनोअर व्दारा घोषित एक पुरा अंकन जो उन्होंने पाकिस्तान में शैलांकित पाया था अनेक स्थलों पर दिखाई दिया। समीप की पहाड़ी चंद्रगिरि पर भी यह अनेक स्थलों पर दिखा। ऐसा ही एक अंकन देवगढ़ के मंदिर नंबर 24 में एक पाषाण निर्मित मानस्तंभ के शीर्ष भाग पर जिसमें चारों दिशाओं में एक एक चित्र अंकित है, में से एक फलक पर अंकित दिखा। मानस्तंभ पर अंकित होने के कारण इसका जिन धर्म से संबंधित होना निश्चित हो गया। श्रमण बेलगोल में प्रचुरता से दिखलाई देने के कारण **कटवप्र** पर संपूर्ण अंकन वीतराग परम्परा से ही संबंधित होना जतला गया। तभी चंद्रगिरि पर इसी संकेत को चरण, चकरी और सल्लेखनारत तपस्वी के सैंधव अंकन के साथ में भी देखा जो **चतुर्दिक त्रिआवर्त्ति** का संकेत पहचाना गया है। यह अंकन मेवाड़ के चित्तौड़ तथा दक्षिण भारत में करंदई मुनिगिरि में, तिरुपनमूर,में, मदुरै के समीप तिरुवनकुंद्रम तथा पेरुमलमलै में जैन गुफाओं मे भीं अंकित दिखा है।

सैंधव लिपि कुंजी 3

कुंजी 2 से ही तीसरी लिपि कुंजी का सूत्र मिला जो **चकरी** के रूप में सैंधव लिपि में बार बार दिखाई देता है। **चरणों के साथ अंकित होने से इसे जैन प्रतीक से अन्य नहीं कहा जा सकता।** पुरा अंकित सारे चरण सिध्दगति के द्योतक हैं और वे सारे ही निर्वाण क्षेत्रों में अंकित हैं पूजित हैं। नए निर्मित चरण कभी कभी भ्रम पैदा कर देते हैं क्योंकि वे तप दर्शाते हैं। चंद्रगिरि पर चरणों के साथ दृष्ट चकरी तेरहवें गुणस्थानी सयोग केवली के समुदघात के लोकपूरण की प्रतीक ही होना संभव लगी। सैंधव लिपि में चकरी को लोकपूरण के संदर्भ में पढ़ना सार्थक लगा ।

सैंधव लिपि कुंजी 4

चंद्रगिरि पर ही एक अन्य स्थल पर चरणों के साथ दिगम्बरत्व का प्रतीक **पुरुष लिंग** का संकेत अंकित दिखा । वहीं साथ में एक अकेला चरण, सेवक का भी अंकित दिखता है। चूंकि यह संकेताक्षर सैंधव लिपि में प्रचुरता में उपयोग किया गया है और विन्ध्यगिरि तथा चंद्रगिरि दोनों पर भी शैलांकित है अतः इसे भी कुंजी रूप में स्वीकार किया गया। सर्वेक्षण के दौरान यह संकेताक्षर गिरनार की चढ़ाई में प्रचुर संख्या में दिखा है जो उस तीर्थक्षेत्र को सैंधव युगीन श्रमण तप क्षेत्र होने की घोषणा करता है। उस क्षेत्र के पुरा तत्त्व को गुजरात सरकार की अज्ञानता तथा कौटिल्य के कारण पुरातत्व विभाग ने पंडों के रूप में वहाँ असामाजिक और अपराधी तत्वों को स्थापित कराकर वहाँ के पुरावैभव को बुरी तरह नष्ट कराया है। जैनों से उनका वह तीर्थक्षेत्र छीनकर इतिहास को भरमाने का प्रयास आराजक पद्यति से करने की कुटिल चाल तो चली ही है जिसमें भारतीय पुरातत्व विभाग की सहभागिता भी स्पष्ट दृष्ट है किंतु सैंधव पुरानिधि को इस प्रकार की घोर उपेक्षा व्दारा नष्ट कराकर उन सभी संबंधित संस्थाओं ने विश्व की अनमोल प्राचीनतम पुरा धरोहर को घोर क्षति पहुंचाई है जिसकी भरपाई कर सकना बेहद कठिन है।

यह अंकन अत्यंत स्पष्ट कलिंग की खारवेल जैन गुफा के नैसर्गिक भाग की छत पर भी अंकित है जो उसके जिन संदर्भित ही होने का प्रमाण है।

सैंधव लिपि कुंजी 5

चंद्रगिरि तथा विन्ध्यगिरि दोनों ही पहाड़ियों पर एक और अंकन गुणस्थानोन्नति का भी दिखलाई देता है जिसे लोग मात्र

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

खेल मानते हैं । वास्तव में वह साधुओं व्दारा स्वावलोकन हेतु उपयोग किया गया सांप सीढ़ी खेल जैसा साधन था जिससे वे स्वयं के भावों की परिणिति को आंककर अपना आत्म गुणस्थान सुरक्षित करते थे। वह अंकन विभिन्न गुणस्थानों की स्थिति दर्शाता भिन्न भिन्न रूपों में सैंधव लिपि में अंकित हुआ है। यह अंकन भी व्यापक रूप से चित्तौड़, करंदई मुनिगिरि, वीलकम, किलसात्तमंगलम, मेरसित्त्मूर, तिरुपनकुन्डरम, पेरुमलमलै की जैन गुफाओं में शैलांकित दिखा है।

सैंधव लिपि कुंजी 5

जे.एम. केनोअर ने जिस अंकन को **वूम्ब स्केच** नाम देकर सैंधव पुरा लिपि अंकन माना है वह भी विन्ध्यगिरि पर शैलांकित किंतु उपेक्षित दो स्थलों पर दिखलाई देता है। एक अंकन के केन्द्र में चतुर्गति और दूसरे में **ॐ** का आभास होता है। चूंकि **ॐ**को जगत की संपूर्ण श्रुत, भाषा और लिपियों का बीज माना गया है अतः इस अंकन के घुमावदार घेरों की तुलना भूवलय यंत्र जैसी प्रतीत होती है जिसके अनुसार यंत्र के जिस भी बिंदु स्थित अक्षर से उसे प्रारंभ किया जावे जैनागम के किसी न किसी संपूर्ण ग्रंथ की रचना उससे खुलती है। चंद्रगिरि की तरह विन्ध्यगिरि पर भी व्यापक लेखन पुरा लिपि में अंकित देखने को मिलता है। उसके विषय में पूछे जाने पर वहाँ के कर्मचारी उसे मजदूरों की हाजिरी बतलाते हैं किंतु हमने उसमें 155 से अधिक सैंधव संकेताक्षर और चित्र देखे हैं और प्रकाशित भी किये हैं। वह तथाकथित वूम्ब स्केच जैन तपस्थली पर होने से ही जैन संदर्भित हो जाता है।

सैंधव लिपि कुंजी 6

हड़प्पा और मोहन्जोदड़ो से प्राप्त सीलों में से तीन सीलें एक **तीन सिर वाला पशु** दिखलाती हैं । ठीक वैसा ही तीन सिरों वाले एक पशु का सुंदर बड़ा चित्रांकन विन्ध्यगिरि के शैल फर्श पर उपेक्षित अनदेखा पड़ा था। श्रमण बेलगोला की दोनों पहाड़ियां भारतीय पुरातत्त्व विभाग के संरक्षण में हैं जो चुपचाप वहां के पुरा अवशेषों को नष्ट होते देखता रहता है ठीक खण्डगिरि उदयगिरि, गिरनार की तरह। यह तीन सिरों वाला पशु चित्रांकन जैन तीर्थ पर होने से जैन संदर्भित हो जाता है।

सैंधव लिपि कुंजी 7

सैंधव संकेताक्षरों में तीन सीलें **ॐ"** को अलग अलग तीन रूपों में दर्शाती हैं जिनमें से एक सिर से लटकने वाला रूप धवला ग्रंथ की पाण्डुलिपि में भी उपयोग हुआ है। आश्चर्य की बात है कि वही सिर से लटका रूप चंद्रगिरि के शैलफर्श पर अंकित दिखता है । उसके ही सामने पंचम गति का भी संकेताक्षर है। पंचम गति की आस्था एकमात्र जैन धर्म की मान्यता और अभिव्यक्ति है जो विश्व के किसी अन्य धर्म में दृष्ट नही है। भारतीय अन्य धर्मों में स्वस्तिक को संसार बढ़ाने वाला मांगलिक माना गया है जबकि जैन दर्शन में उसे चेतावनी मानते हुए केन्द्र की उर्ध्व गति के लक्ष्य हेतु जागृति संकेत माना है।

सैंधव लिपि कुंजी 8

सैधव लिपि में **पंचम गति** का संकेताक्षर बहुत रूपों मे दिखाई देता है जिसमें से कई रूप विन्ध्यगिरि चंद्रगिरि पर ही शैलांकित हैं। सैंधव लिपि पाठन के लिए वह संकेत भी एक कुंजी बन जाता है।

सैंधव लिपि कुंजी 9

सामान्य स्वस्तिक अंकन के प्रचलन को देखते हुए उसे पुरा अंकन मान लेना कठिन हो जाता है किंतु **पंचम गति दर्शाता** स्वस्तिक अंकन सामान्य न होने से अपनी विशेषता रखता है । यह पुरा अंकन भी विन्ध्यगिरि पर दिखने से कुंजी है।

सैंधव लिपि कुंजी 10

ढाई व्दीप की जैन मान्यता वाला अंकन धाराशिव की महावीर पूर्वकालीन जैन गुफाओं के प्रांगण वाले पाषाण व्दार पर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अंकित होना भी सैंधव लिपि के पाठन हेतु जैन संदर्भित कुंजी बन जाता है।

सैंधव पुरा लिपि की कुंजियाँ 11 से 20 वे जिनबिंब हैं जिनके पादपीठ पर गहरे उकेरित पुरा कालीन संकेताक्षर हैं अथवा पैरों पर उभरे सैंधव संकेताक्षर हैं। इनके चित्र तथा अंकन इस प्रकार हैं।

कुंजी–10 उस्मानाबाद की धाराशिव जैन गुफाव्दार पर ढाईव्दीप, जंबूव्दीप एवं भवघट में आत्मस्थता अंकन





ढाईव्दीप संबंधी दो सैंधव कल्पनाओं में से प्रथम वाली अंकित

कुंजी 11

कुंजी 12

कुंजी 13

कुंजी 14

कुंजी 15

कुंजी 16

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कुंजी 17

कुंजी 18



कुंजी 19



कुंजी 20

11 – यह किसी तीर्थंकर का लांछन नहीं किंतु एक सैंधव संयुक्ताक्षर है। वीतरागी तप चिन्ह के भीतर रखी खड़ी पिच्छी ऊपर भगवान के दो छत्रों से ढंकी है।

12 – यह लांछन के स्थान पर अंकित सैंधव अक्षर, अंतहीन गठान खुलती दिखलाई है जिसे तपस्वी ने तप से खोलकर मुक्ति पाई है।

13 – तीर्थंकर आदिनाथ के पादपीठ पर अंकित यह एक पूरा प्रशस्ति है जिसके इतने ही अक्षर बचे हैं शेष नई प्रशस्ति से ढक चुके हैं। अर्थ : पुरुषार्थी स्व संयमी निश्चय व्यवहारी धार्मिक वातावरण। भव से पुरुषार्थी केवली ने रत्नत्रयी पुरुषार्थ बढ़ाते पंचमगति पाई ऐसा भक्त उड़ता वृक्ष कह है जो निश्चय व्यवहार धर्मी स्वसंयमी है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

14 – तीर्थंकर आदिनाथ के पादपीठ पर अंकित ये सैंधवाक्षर दर्शाते हैं कि दिगम्बरी वातावरण मे निश्चय व्यवहार धर्मी अर्धचक्री ने पुरुषार्थ किया।

15 – पादपीठ पूर्वअंकित प्रशस्ति के मात्र यही दो अक्षर बचे हैं शेष सब नई प्रशस्ति से ढक चुके है। ये दर्शाते हैं कि अदम्य पुरुषार्थी ने अरहंत पद की गुणस्थानोन्नति की।

16 – उभरा भाला, जो किसी भी तीर्थंकर का लांछन नही है किंतु स्वसंयम का संकेत है जिस पर आरूढ होकर ही जिन तपस्या करते हैं।

7 – यह उभरा अंकन पार्श्वनाथ के पाषाण बिंब के पैरों पर अंकित हैं। जो संकेत देता है कि पिच्छीधारी स्वसंयमी वीतरागी तपस्वी ने पुरुषार्थ करके सप्त तत्वचिंतन व्दारा शुध्दात्म वैभव पाया।

8 –

उभरा हुआ यह अंकन भी बिम्ब के पैरों पर अधूरा ही पढा जा सका है। इन संकेताक्षरों से ज्ञात होता है कि रत्नत्रयधारी निकट भव्य ने चंचल मन को बांधकर तप करने हेतु

– यह उभरा अंकन पाषाण निर्मित जिन बिम्ब के पैरों पर दिखता है जो दर्शाता है कि एक राजा ने भाटद्रव्य श्रध्दान से तपस्वी बनकर क्षयोपशमी सल्लेखना की। अंतहीन गठान को ऊँ स्मरण सहित दिगंबरत्व धारण कर घातिया चतुष्क नाशने उसने शांतिनाथ जिन की शरण ली।

– यह उभरा अंकन विशाल पाषाण आदिनाथ बिंब के पैरों पर अंकित है किंतु सामान्य चक्षुदर्शन में दृष्ट नही आता। कलेंडरों के प्राचीन चित्रों में अत्यंत स्पष्ट दिखता है और जूम कैमरा भी इसे पकड़ता है। यह सैंधव लेख दर्शाता है कि शाकाहारी बनकर छत्रधारी राजा ने उपयोग को अंतर्मुखी किया। शार्दूल/जिनवाणी सुनकर उसने रत्नत्रयधारी इसी बैठे महापुरुषो बिम्ब के दर्शन किए। भवचक्र से पार उतरने उसने वैभव को त्यागकर महाव्रत की पिच्छी ग्रहण की और स्वसंयम का पुरुषार्थ उठाया। चार शुक्लध्यानों की प्राप्ति के लिए पंचपरमेष्ठी की आराधना करते वह तीर्थराज शिखर जी पर जा विराजा।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

बड़े बाबा सुरक्षित अब नए आयतन में !

दीवार में जड़े भाग में खुलती 3 परतें दर्शाती हैं कि जीर्ण शिला को समय रहते सुरक्षा मिल गई

कुंजी – 21 कुण्डलपुर में पुराकालीन पाषाण में निर्मित गंधकुटी

कुंजी 23 ऐलोरा गुफा का उपेक्षित पुराअंकन

कुंजी 22 धाराशिव मंदिर में गुणस्थान दर्शाते समाधि चरण

कुंजी 24 विन्ध्यगिरि पर कायोत्सर्गी जिनश्रमण शायिका, लोकपूरणी समाधिचरण एवं गुणस्थानोन्नति अंकन

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तमिल नाडु की नई खोज : **हाल ही में तमिल नाडु के ग्राम सेम्बिअन कन्दिउर,** मयलादुथुराई, नागपट्टिनम

अ **श्री महादेवन व्दारा पढ़े गए संकेताक्षर** **ब**





के एक शिक्षक **व्ही षण्मुगनाथन** को उसके घर के पीछे केले नारियल की पौध फैलाने के लिए किए गए गड्ढों की खुदाई में एक कत्थई रंग की मुट्ठी की पकड़ में समाने वाली पत्थर की लुढ़िया **ब** मिलने पर उस पर कुछ अस्पष्ट लिखा देख उसने उसे प्रादेशिक पुरातत्व विभाग को दिखलाया। उसका सूक्ष्म अवलोकन किए जाने पर ऊपर दर्शाए चार अक्षर पढ़े गए **अ**

जो मुझे कुछ हद तक दिखे । समाचार पत्रों ने इसे खासा महत्व देकर प्रचारित किया और इस पर विश्व के पुरालिपिविदों ने उत्साह पूर्वक अभिव्यक्तियाँ दीं। किसी ने उसे महत्वपूर्ण पुकारा तो किसी ने गत वर्ष की महानतम खोज बताया। किसी ने उसे पिछली समूची शताब्दी की उपलब्धि मानकर पुरा पाषाण युग कुल्हाड़ माना जबकि उसके दो में से एक भी सिरा चोट खाया अथवा उपयोग हुआ नहीं लगता। यदि उसे हम हथकुल्हाड़ पुकारें तो भी काटने वाले सिरे के दोनो बाजू कुछ ऐसी बैल के सींगों जैसी टूटन है कि वह कुल्हाड नहीं कही जा सकती।

उस पर लिखा अंकन हमारे बाऐं से दाहिने पढ़ने पर दर्शाता है कि – "चतुराधक सल्लेखी वीतरागी तपस्वी एक रत्नत्रयीगणी है जिसने तीर्थंकर प्रकृति उपार्जन की।" प्रथम संकेताक्षर दिखता है। दूसरा  है । पुरा कालीन सीलें अत्यंत दक्ष कला दर्शाती हैं संकेताक्षर भी और चित्रण भी। जबकि यह तथाकथित हथकुल्हाड़ का अंकन सैंधव कलाकार के व्दारा किया प्रतीत न होकर अर्वाचीन दिखता है। अतः मेरे मत से **प्रथम** तो यह हथकुल्हाड़ नहीं **कूटक** संभव है जो ईख के छिले पोरों को कुचलकर उन्हें छन्ने में रखकर ऐंठकर आहार रस निकालने हेतु उपयोग किया जाता होगा अथवा इमली के बीज हटाने में। किंतु इसे कभी उपयोग किया गया हो ऐसा नहीं दिखता। **दूसरे,** इस पर अंकित संदेश दर्शाता है कि यह एक पवित्र पत्थर है जिस पर किसी तपस्वी श्रमण का परिचय लिखा है अतः इसे बहुत सम्मान से रखा जाता रहा होगा। **तीसरे,** संभवतः किसी जैन गुफा अथवा उपाश्रय के व्दार पर इसे टेक लगाने हेतु उपयोग किया जाता रहा हो। वहां इसका सही स्थान रहा होगा। **चौथे,** इसे कितनी गहराई पर पाया गया यह संकेत देगा कि वहां यह कैसे पहुंचा और किस काल का है। यदि यह पाषाण युगीन है तो वह पुरा अंकन जहां जहां दिखता है वे सब उसके ही समकालीन हुए माने जाने चाहिए ।

कर्नाटक, तमिल नाडु, केरल और श्री लंका में पुरा कालीन जैन गुफाऐं अब भी हैं । मात्र हमारे पुरातत्त्वज्ञ उन्हें पहचानने में चूक करते हैं। कार्ला, जोगेश्वरी, बाबा प्यारा गुफा, खापरा कोडिया की धारागढ़ गुफाओं की तरह अनेक गुफां, मंदिरों,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्षेत्रों को अशोक और उत्तर वर्ती राजाओं के काल में विहार करते बौध्द श्रमणों के आवास हेतु भी उपयोग में लिया जाता रहा। कलिंग विजय के बाद सम्राट अशोक के मानसिक परिवर्तन की झलक हमें उसके व्दारा जूनागढ़ में लिखवाए 14 शिलालेखों में देखने को मिलती है जिसमें उसने बार बार लिखवाया है कि 'प्रियदसि ने जीवों और प्रजा के हित में अपनी कर्त्तव्य पूर्ति हेतु सड़कें बनवाईं, कुऐं खुदवाए, पशुओं मनुष्यों की सुखसुविधा के लिये वृक्ष लगवाए। माता, पिता की सेवा, ब्राम्हणों, श्रमणों (जैन श्रमण एवं बौध्द भिक्खु) तथा साधुओं जो अनारंभी हैं के लिये **दान की व्यवस्था** धर्मार्थ उसने उसके पुत्र, पोते और, प्रपौत्र की सह भागिता से की' । कलिंग का नरसंहार उसकी विजय नहीं आत्म पराजय थी, पतन था, जिसे वह मेटना चाहता था।

इतिहासकार, पुराविद एवं भाषाविद किस आधार पर श्रमण का अर्थ मात्र बौध्द श्रमण लेते हैं वे ही बता सकेंगे किंतु ऐतिहासिक आधार पर गृह त्यागकर सिध्दार्थ ने **जिन श्रमण पिहितास्रव** से दिगम्बरी दीक्षा लेकर श्रमण बनकर कठोर तप छह वर्ष किया था । 'उपवास करते, दुर्बल, ज्वर पीड़ित और निराश होकर वे श्रमण संघ छोड़कर अलग अकेले विचरने लगे। उनके श्रमण साथी भी उनसे दूर हट गए। तब उन्हें आहार में जब, जो, जिससे मिला उन्होने उसे बिना प्रश्न किए स्वीकार करके खाया '। वे तब **श्रमण नही भिक्खु** थे । कदाचित उनके 6 वर्षों के उस श्रमणत्व को ध्यान करके ही बौद्ध भिक्खुओं को अब भी श्रमण ही समझा जाता है किंतु वह सही तो नही है। इसी भ्रम में अधिकांश जैन गुफाओं तथा गुफा मंदिरों को उनमें जैन प्रमाणों के बावजूद पुराविद बौध्द गुफाओं के रूप में घोषित कर चुके हैं। कतिपय बचे जो जैन क्षेत्र और गुफाऐं हैं वह भारतीय पुरातत्व विभाग के संरक्षण में होकर भी पंडों, महंतों व्दारा विदूपित की जाकर पुरातत्व विभाग के मौन प्रोत्साहन पर हथिया ली गई हैं यथा–गिरनार, बाबा प्यारा गुफाऐं जूनागढ़, अंजनेरी, धाराशिव, कळगुमलै, तिरुपन्कुंड्रम पेरुमळमलै, भुवनेश्वर, कोलुहा पहाड़ के पार्श्वनाथ जिन्हें जबरन **काल भैरव** घोषित कर रखा है।

उस पार्श्वनाथ पदमासित बिम्ब को किसी भी लक्षण से काल भैरव नही कहा जा सकता है किंतु पुरातत्व विभाग के उस समर्थक ज्ञापन लेख के कारण अज्ञानी आदिवासी प्रतिवर्ष उसके सामने पर्वत पर ले जाकर लाखों बकरे काटते हैं और गिरनार, खण्डगिरि, केशरिया जी की तरह प्रशासन उन स्वेच्छाचारियों के अनाचार को वोटनीति के कारण मौन समर्थन और छूट देकर प्रोत्साहन देता है। प्रजातंत्र का ऐसा मखौल अन्य किसी धर्म के साथ इसलिए नहीं है क्योंकि उनका बहुमत है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दमन और प्रतारण व्दारा उस सैंधव युग से ही जिस प्रकार जीवन में पाप, पुण्य पर हावी होने की जैसे निरंत चेष्टा करता आया है उसी तरह प्रमादियों ने हिंसा व्दारा इसे सदैव धरती से मिटाने के प्रयास किए। प्रमादी जगत की उसी भीड़ में से किसी निखरी आत्मा ने महावीर, गौतम और गांधी जैसा इस त्याग पथ को निरंतर आगे बढ़ाया है।

आज भी प्रजातंत्र का मुखौटा लगाकर उस मूल संस्कृति को मिटाने का प्रयास चालू है। किंतु शाश्वत सत्य अमिट और अमर होता है। विश्व की तरह भारत में भी **अल्पतम संख्यक** होकर भी जिनधर्मी स्वधर्म और धरोहर की रक्षा के लिए जागृत हैं प्रयत्नशील हैं। प्रत्येक बार के ऐतिहासिक दमन ने छोटे छोटे समूहों में उस संस्कृति के आराधकों पर अत्याचार करके उन्हें गृहविहीन किया। या तो वे अहिंसक मार डाले गए या उनपर दबाव डालकर उनका धर्मपरिवर्तन कराकर उनसे उनके मंदिर छीन लिए गए। संपूर्ण भारत में ऐसे अनेक मंदिर, मठ, मस्जिदें और चर्च हैं जो भारत की मूल अहिंसात्मक इसी जिनधर्मी संस्कृति के आयतन रहे हैं । इसी कारण संपूर्ण भारत मे जहाँ तहाँ खुदाई पर वह पुरा सम्पदा के रूप में सप्रमाण हाथ आ लगती है भले ही सतह पर उसका नाम निशान भी न हो।

दमन किए गए उन्ही समूहों में सराक, आदिवासी, मण्डल, मांझी, नैनार, शेट्टियार/चेट्टियार, शिवपिल्लै, मुदलियार,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भील आदि जो स्वयं को द्रविड़ कहने में गौरव रखते हैं मूल में जिन परम्परा की शाखाऐं हैं जिन्हें आरोपित अत्याचारों ने उनके मूल से विलग करके दूर तो कर दिया किंतु उनमें से अधिकांश ने अपनी मूल संस्कृति को किसी न किसी रूप में संजोऐ रखा। कुछ ने उसे संपूर्ण रूप से खोकर भी आराध्य बिम्बों को कुलआराध्य के रूप में अज्ञानवश बलि देकर, अन्यथा अलग रस्म से *पूजाविधि से संजोए रखा यथा– अहार जी क्षेत्र के शांतिनाथ, बावनगजा के आदिनाथ, कम्मदल्ही के समस्त जिन,* छत्तीसगढ़ के बूढ़ा देव, नागरकोविल के सुपार्श्वजिन, केशरिया जी के कालादेव, कोलुहा के पार्श्वनाथ, अंजनेरी के अरहनाथ, खण्डगिरि के पार्श्वनाथ,केदारनाथ के आदिनाथ, गिरनार के अधिकांश जिन, बालाजी के नेमिनाथ, धाराशिव जिन, कळगुमलै के गुफा जिन आदि।

पाश्चात्य धारणाओं के आधार पर लिखित इतिहास पर हम विश्वास करें या कि प्राप्त पुरा आधारों पर अथवा हमारे प्राचीन साहित्य पर करें, इसका निर्णय हमें स्वयं लेना है। पुरा प्रमाणों को झुठलाया नहीं जा सकता उसी प्रकार हमारा प्राच्य साहित्य भी ठोस प्रमाण है। सर्व प्राचीन ग्रंथ स्वयं ऋग्वेद ऋषभ और अरिष्टनेमि की चर्चा करता है अर्थात न केवल उनको पूर्व कालीन घोषित करता है बल्कि उनके प्रति श्रध्दा और समर्पण भी दर्शाता है। उत्तरकालीन सारा प्राचीन भारतीय साहित्य अरहंतों और तीर्थंकरों संबंधी स्तुति के वचन लिखता है। मात्र पार्श्वनाथ और महावीर वेदकालीन तीर्थंकर हैं जिनके विषय में भी वेदों, पुराणों में स्तुत्य ही वर्णित है तब जिनधर्म **ही सनातनधर्म स्वयं घोषित हो** जाता **है। फिर भी पढ़ाए** जा **रहे इतिहास के पाठ,यक्रमों में जैनधर्म संबंधी सही इतिहास की उपेक्षा करते हुए भ्रामक बातें पढ़ाई** जाती **हैं।** इस तरह सचाई को अनदेखा करके जैन धर्म को अर्वाचीन बतलाने का मात्र एक **प्रपंची पूर्वाग्रह** प्रतीत होता है जो भारतीय इन सैंधव प्रमाणों के आधार पर भी गलत ही सिध्द हुआ है अतः अविलम्ब सुधारे जाने योग्य है।

दूसरी ओर स्वयं को द्रविड़ कहने वाला समाज उतना ही मूल भारतीय है जितना कि आर्य कहा जाने वाला क्योंकि प्राचीन जैन साहित्य में उल्लिखित जैन भूगोल के आधार पर **जंबू व्दीप के भरत क्षेत्र के आर्यखण्ड के भारतवर्ष में सारे ही निवासी आर्य अर्थात भद्रजन कहलाते थे** । ऐसा उल्लेख भी मिलता है कि दिगम्बराचार्य पिहितास्त्रव की परम्परा में (जिनसे गौतम बुध्द ने दीक्षा ली थी) पूज्यपाद प्रथम /नागार्जुन के मामा प्रसिध्द आचार्य हुए हैं जिनके शिष्य **वज्रनन्दिनन्दि** ने विक्रम सं 536 में **द्रविड़ संघ की नींव डाली थी** जिसके समर्थक द्रविड़ कहलाए। चूंकि वे भी मूल से जिनधर्मी ही थे अतः प्राकृत ही उनकी भाषा थी जो संपूर्ण भारत मे क्षेत्र के अनुसार बदलती गई है। मूल जैन साहित्य उसी भाषा मे लिखा पाया जाता है भले लिपि कोई भी हो। तमिल भाषा में उसका साहित्य होना या कुछ शब्दों का पाया जाना भी आश्चर्य की बात नही है। ब्राम्ही ही नहीं तमिल, कन्नड़, मरहठी, सिन्धी, राजस्थानी ही नहीं भारतीय हर भाषा ने उस सैंधव प्राकृत से शब्द लिए हैं ।

दक्षिणी पठार सम जलवायु और गुफाओं कन्दराओं के कारण श्रमणों के चातुर्मास और विहार के लिए अनुकूल रहा होगा इसीलिए तमिलनाडु, केरल, श्रीलंका में जिनश्रमणों का अशोकपूर्व कालीन होना जैन साहित्य में चर्चित है। आज भी तमिलनाडु में लगातार शिलाऐं काटे जाने के बाद भी देश की सर्वाधिक जैन मंदिर गुफाऐं वर्तमान हैं जिनमें से अनेकों में **पुरा संकेताक्षर** हैं। विशेष ध्यान देने वाली बात यह है कि शैलांकित तीर्थंकरों में प्रधानता पार्श्वनाथ नहीं **पांचफणी सुपार्श्वनाथ** की है जो वहाँ के पुरा अंकनों के अनुकूल सैंधव युगीन आंकी जाना चाहिए। महाराष्ट्र में प्रधानता सात, नौ और अनेक फणी **पार्श्वनाथ** की है। तीर्थंकरों के विहार पूरे भारत में हुए अतः अनुगामी तपस्वियों ने उनके तप तीर्थों पर तपस्या चालू रखीं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जैनाचार्य पूज्यपाद ने वर्षों विश्व विख्यात नालंदा विद्यापीठ में रहकर विश्व से आए शिक्षार्थियों को ज्ञान दान दिया था क्योंकि वह एक प्राचीन जैन विहार और शिक्षा केंद्र था । वह क्षेत्र पूर्व में महावीर की ननिहाल थी। वहीं के उत्खनन से प्राप्त सामग्री में पकी मिट्टी का लाल रंग का एक **नंद्यावर्त्य** तो मिला ही है कुछ **जिन बिंब भी मिले** थे जिन्हें वहीं म्यूजियम में रख दिया गया है। एक प्राचीन **खड़गासित, हिरण चिहिंत शांतिनाथ हैं और एक बैठे पार्श्वनाथ।** बैठे सप्तफणी धरणेन्द्र को वहाँ नागराज और शांतिनाथ को ऋषभदेव दर्शाया गया है। नालंदा में 52 तालाब हैं। अवशेषों में 8 विहार दिखलाई देते हैं जिनमें प्रत्येक में एक एक पुराकालीन कुआं और एक एक मंदिर उनके जैन विहार होने को प्रमाणित करते हैं। कुओं की प्रधानता सैंधव युगीन मात्र जिन श्रमण परंपरा के कारण ही रही है जो आज भी नलों, ट्यूब वैलों के युग में भी वैसी ही जीवंत बनी है। उस बड़े नंबर 3 स्तूप वाले मंदिर के बाद भी प्रत्येक तथाकथित विहार का मंदिर वहाँ के आवासियों के षट आवश्यक हेतु रहा गया होगा। प्रत्येक में विद्यार्थी वहीं गुरुओं की छांह में रहकर विद्यार्जन करते और गुरुओं की भक्ति करते थे। तब वह बड़ा मंदिर विहार करते श्रमणों हेतु रहा होगा। विशाल उसी पंचशिखरी जिनमंदिर को बाद में स्तूप/समाधि स्थल बनाकर ईंटों से ढंक दिया गया (चित्र)।महावीर के लगभग 900 वर्ष बाद उस विहार को बौध्दों ने ले लिया। जब ऊँचे विशाल मंदिर को स्तूप में परिवर्तित करके समूचा मंदिर ही ईंटों से ढंक दिया गया उसके बाद तो फिर वहीं देखते देखते छोटे छोटे स्तूपों की भीड़ लगा दी गई क्योंकि वह जिनश्रमणों के विहार के लिए बचने ही नहीं दिया गया था। कनिंघम ने भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व तक उत्खनन करवाकर आंशिक ऐतिहासिक अवशेषों को ही निकलवा पाया था। **यदि वह बौध्द मंदिर होता तो उसे समूचा उघाड़कर विश्व के बौध्दों के दर्शनार्थ पूरा खोलकर रखा जाता।** उस के **समीप पहुंचने से रोका नहीं जाता।** वहाँ के 108 टीलों में से मात्र 11 की खुदाई की जा सकी है। कहा जाता है कि उस परिवर्तन की आँधी मे वहाँ के ग्रंथागार को भस्म करने के लिए सैनिकों ने ग्रंथों को जला जलाकर छह माह तक आग की लपटों को जीवित रखा था बुझने नहीं दिया। अब वह समूचा वैभव पुरातत्व विभाग व्दारा प्राचीन जैन नहीं बौध्द अवशेष प्रचारित तो किया जा रहा है आचार्य पूज्यपाद को भी उनके व्दारा लिखे गए अनेक जैन ग्रंथों के बावजूद बौध्द परंपरा का ही घोषित किया जाता है। भ्रामक इस इतिहास को सुलझाने में किसी में भी रुचि नहीं दिखती।

टी.एन. रामचंद्रन के अनुसार महावीर और बुध्द से भी पूर्वकालीन सैंधव युग से ही तक्षशिला और नालंदा विश्व के प्रख्यात विद्याकेंद्र थे। ऋषभदेव ने बाहुबलि को पूरा पश्चिमोत्तर प्रदेश बंटवारे में दिया था। उसकी राजधानी तक्षशिला थी।

–' ततो भगवं विहरमाणों बहली विसयं गतो । तत्थ बाहुबलीस्स रायहाणी तक्खसिला णामं।आवश्यक सूत्र निर्युक्ति, पृ. 180/8

– उस्सभणिजस्स भगवो पुत्तसयं चदसूरसरिसाणं, समणत्तं पडिवन्नं सए य देहे निखयक्खं

तक्खसिलाए , महप्पा बाहुबली तस्स निच्चपडिकूलो, भरहनरिंदस्ससया न कुणइ आणा पणामंसो ।

अहरुद्वो चक्कहरो तस्सुवरिं सयण साहण समग्गो, नयरस्स तुरियचवलो विणिग्गओ सयल बल सहिओ

पत्तोत्तक्खसिलपुरं जयसद्दुणुघुद्व कलयलारावो, जुज्झस्स कारणत्थं सन्नध्दो तक्खणं भरहो।

बाहुबली वि महप्पा भरहनरिंदं समागयं सोउ, भडचडयरेण महया तक्खसिलाओ विणिज्जाओ ।पउमचरियं विमलसूरि 4/37/41

ब्राम्ही का भी अधिकांश तपस्यारत जीवन वहीं बीता। गदियारो के केंद्र स्थान भरमौर से एक मील ऊँचाई पर काष्ठ का बना ब्रम्हाणी देवी का मंदिर है। **कनिंघम** ने पूर्ण विश्वास और प्रामाणिकता से उस मंदिर के नीचे से खुदाई में मिली वेदी को जैन धर्म की बतलाया है। जैनागमानुसार –

–"सा च बाहुबलिने भगवता दत्ता प्रव्रजिता प्रवर्तिनी भूत्त्वा चतुरशीतिपूर्व शत सहस्त्राणि सर्वायुःपालयित्त्वा सिध्दा "। कल्पसूत्र

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

डी.डी. कोसाम्बी के अनुसार सम्राट सिकंदर ने 326 ई.पू.रावी के तट पर दिगंबर / जैन साधुओं को देखा था। **थामस** के अनुसार वह एक जैन साधु को अपने साथ यूनान भी ले गया था। **डॉ. प्राणनाथ** ने मोहन्जोदड़ो हड़प्पा की खुदाइयों से प्राप्त मोहरों और फलकों पर खुदे लेख प्राचीनतम भारतीय लिपि के चिन्ह माने हैं। उन पर अंकित आकारों की कायोत्सर्गी मुद्रा को उन्होंने तीर्थंकर मुद्रा माना है और उन पर खुदे लेखों को जैन लेख । एक लेख को उन्होंने " **ॐ जिनाय नमः** " पढ़ा है। राय बहादुर प्रो. **के. रामप्रसाद चंदा** के अनुसार मोहन्जोदड़ो और मथुरा की मूर्तियों में हू बहू साम्य है। अर्थात वैसी ही कायोत्सर्गी मुद्रा, वैसी ही ध्यानावस्था और वैसी ही वैराग्य दृष्टि। यद्यपि मिस्र और ग्रीक की प्राचीन मूर्तियों की भी कायोत्सर्गी मुद्रा है किंतु वैराग्यपूर्ण ध्यानावस्था नहीं।यह बात केवल जैन मूर्तियों में ही प्राप्त होती है अन्यत्र नहीं।

डॉ. मोहनलाल गुप्ता ने प्रश्न उठाया था कि यदि श्रमण विचारधारा इस क्षेत्र में प्राचीन समय से थी तो बाद में स्पष्टतः उसके दर्शन क्यों नहीं हुए ? सहज उत्तर था कि उसे देखने से पहले ही पलकें झपका ली गई किंतु इतिहास की भाषा में अब यहाँ प्रस्तुत की गई कुछेक सचित्र कुंजियाँ उन्हें उत्तर स्वरूप हैं जिन्हें कोई उत्तर देने के प्रयास में मैने नहीं खोजा उल्टे वे ही मेरे सामने आ आकर मेरी दृष्टि को उलझा गई हैं। जैन मान्यतानुसार यह सब **काल** का प्रभाव है मैं तो अदृष्ट आशीर्वादों के प्रभाव में मात्र एक **निमित्त** बनी हूँ। वे तो सभी अपनी अपनी जगह उपस्थित थीं उन्हें अज्ञानतावश अनदेखा छोड़ *दिया गया था। अभी और कहाँ कहाँ वे छिपी पड़ी हैं वह आगामी समय बताऐगा।* बस उसी **सत्य उदघाटन** हेतु अपनी इस शोध को समर्पित पुरा प्रेमियों के सम्मुख रख रही हूँ कि वे इसमें अपनी अपनी शोध का योगदान खुले हृदय से कर सकेंगे।

डॉ. डिरिंजर का अभिमत है कि 600 ई.पू. उत्तर भारत में ऐसी अद्भुत क्रांति हुई कि उसने भारतीय इतिहास को अत्यधिक प्रभावित किया। **डॉ. ब्युलर** का भी अभिमत है कि बौध्द आगमों की रचना से भी पूर्व लोग लेखन कला से सुपरिचित थे और उनमें लेखन का पर्याप्त प्रचार था। **डॉ. ब्युलर** और **डॉ विन्टरनिट्ज** ने **ऋषभदेव को वेदपूर्व कालीन ही माना** है। सैंधव सभ्यता इसीलिए जिन श्रमण परम्परा के प्रभाव में अभिव्यक्तियां देती है और जिन बिंबों एवं जिन संदर्भों में ही मात्र वह अब तक कुंजी रूप सर्वत्र देखने में आई है।

गौतम बुध्द के जन्म से पूर्व कालीन रचा साहित्य स्वाभाविक है कि वह पूर्व परम्परा के आचार्यों ने लिखा था जो जिन श्रमण कहलाते थे।महावीर से पूर्व के 23 तीर्थंकर उसी वीतरागी, लौकिकता से परे, आत्मसाधक, मोक्षपथी परम्परा के प्रवर्तक थे। महावीर और बुध्द दोनों ने ही पूर्व प्रचलित पार्श्वनाथ की परंपरा में चले आ रहे तपमार्ग को चुना था। जब तक गौतम, श्रमण रहे, वे **अनुगामी रहे**। छह वर्ष बाद मूल धारा को छोड़ उन्होने एक नई धारा, नए धर्म को जन्म दिया। भला ऐसी स्थिति में पूर्वागत परम्परा और पूर्व में रचे गए साहित्य पर उनका प्रभाव बतलाना कैसे सही है ? किंतु कतिपय विव्दानों ने ऐसा ही माना है।

दूसरी बात, आश्चर्य का विषय है कि गौतम बुध्द की चर्चा सुनते ही 'निकाय' और 'पिटक' रचे जाने लगे, वेद तो थे ही तब क्या जैनाचार्यों ने श्रावकों और अनुगामी श्रमणों के हितार्थ कुछ भी लिखित नहीं छोड़ा होगा ? वेदांग ज्योतिष, जिन्हें लगभग 1200 ई.पू. का और बौध्दायन सुल्व सूत्र 800–1000 ई.पू.का माना जाता है तब बौध्द साहित्य किस आधार से माने गए? जैनाचार्यो का रचा साहित्य न केवल जलाया गया बल्कि चोरी भी हुआ है क्योंकि त्यागी, विनयवान तपस्वी साहित्य रचकर उस पर अपना अधिपत्य नहीं रखते थे। जितना नष्ट करते बना अज्ञानियों ने उतना जैन साहित्य, जिनबिंबों, जिनमंदिरों, जिन क्षेत्रों, अप्रतिकारी जिन तपस्वियों और जिन भक्तों को क्षति पहुंचाई । अब प्रमाणों को आधार बनाकर देखना समुचित सावधानी से ही होना चाहिए।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ऋषभ राज के बतलाए षटकर्मो को अपनी अपनी येग्यतानुसार चुनकर जीवन यापन करने वाले वे " उत्तम खेती मध्यम बान, अधम नौकरी भीख निदान" विचारकर प्रथमया कृषक रहे। कृषि हेतु अनेक लोगों को अपने पास रोजगार देते हुए वे गौपालन, डेरी उद्योग, उपज भण्डारन हेतु नैसर्गिक जल स्त्रोतों के समीप बसे। उपज भण्डारन और जल सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही तीन स्तरीय आवासीय बसाहट की। केंद्र में ऊँचाई बनाकर अन्न भण्डारन और पेयजल को सुरक्षा दी। धार्मिक, अहिंसक जीवन पद्यति के लिए कुओं के जल अथवा वर्षा जल का उपयोग उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया। आवागमन के लिये बस्ती में पक्के पथ बनाकर जल प्रदूषण से बचाव हेतु किनारों पर नालियां रखीं जिनमें उफान रोकने के लिए प्रत्येक घर के सामने घर से निकले नालीजल हेतु ढंके कुंड बनाए। सामूहिक तौर पर सर्वसम्मति से अपना कर्त्तव्यनिष्ठ, जुझारू, ज्ञानी नेता चुना और उसे छत्र सौंपकर अपने उस जनसमुदाय को सुरक्षित किया। उस नेता को अपनी सुरक्षा का भार सौंपकर उसे केन्द्र में रखा। बाहरी घेरे में कृषकों ने अपनी कृषि और पशुओं के तथा अपने क्षुद्रों / सेवकों के लिये स्थान लिया किंतु इनके बीच कोई ऊँच नीच का भेद नहीं था। बीच के घेरे में बचे वाणिज्य में रुचि रखने वालों ने स्थान पाया। वे वाणिज्य कर्मी केवल अहिंसक व्यापार करते थे। जल और थल मार्गों से वे दूर दूर तक सामग्री और मुद्रा का विनिमय करते आगे बढ़ते जाते और वर्षों बाद लौटकर आते। कुछ सैंधव सीलों पर जलपोतों के अंकन भी दिखते हैं। उन पर भी अंकन जिन सैध्दांतिक ही दर्शाए गए हैं। इस प्रकार संपूर्ण सैंधव सभ्यता **जिन श्रमण प्रभावी सभ्यता** ही प्रमाणित होती है जिसमें लिपि का अपना विशेष मौन उपदेशात्मक महत्व भी था। हमारी वर्तमान भाषा में भी शब्द का अर्थ नहीं मात्र संकेतात्मक महत्व है जहाँ उन संकेतों के अर्थ की महत्ता है।

अब भी जिन धर्मियों में वही परंपरा चालू है जिसके अंतर्गत वे अहिंसक व्यापार, उद्योग व्यवसाय और नौकरी अथवा कृषि चुनते हैं। अल्पतमसंख्यक होने के बावजूद सर्वाधिक शिक्षित तथा सबसे कम अपराध प्रवृत्ति वाला, मूल सुदृढ़ संस्कृति वाला, कर्मठ समाज बनाते हैं। शुध्द आहारी, शाकाहारी होने के कारण जिनधर्मी भिक्षा को आजीविका नही बनाता। मितव्ययी आहार और धार्मिक प्रभाव में नशा प्रवृत्ति से दूर वह अल्प उपार्जन में भी संपन्न लगता और स्वेच्छा से दानादि करता है। कदाचित इसी कारण उसे जैनेतरों ने सदैव ईर्ष्या की दृष्टि से देखा है। व्यापारी और पाप भीरु होने के कारण समाज और देश की प्रत्येक हितकारी योजना में उसका सर्वाधिक तन मन धन से योगदान रहा है। फिर भी इतिहास साक्षी है कि कष्ट झेलते उपसर्ग मय होने पर भी **धर्म के प्रभाव में वह** आत्मकेन्द्रित और सहनशील रहा है।

मनुष्य मन से चंचल और प्रवृत्ति से असंयामी और स्वच्छंद है। अध्यात्मिक धरातल पर धर्म मानव को आत्मोन्नति की राह पर प्रगति कराता मुक्ति के व्दार तक ले जाता है तो सामाजिक धरातल पर वह उसे स्वसंयम में ढालकर नैतिक और करुणामय जीवन जीने को मार्ग प्रशस्त करता है। जैनधर्म दोनों दिशाओं में संपूर्ण खरा उतरा है।

प्रत्येक जैन परम्परागत उस प्राचीन काल से ही जब आवागमन के साधन सीमित थे तीर्थयात्री संघों और चतुर्विध संघों के साथ विहार करते निर्वाण स्थलियों की पावन रज माथे पर लेने जीवन में एक बार अवश्य जाना चाहता रहा है। वे यात्राऐं अंधविश्वास की नहीं पुरा युग से अब तक के समस्त तपस्वियों के प्रति भक्ति और उत्साह पूर्वक विनय की अभि व्यक्ति होती हैं और तपस्या का स्वाद चखने की दिशा में प्रथम चरण होती हैं जो उसकी सहनशीलता को संबल देती हैं। **जैनों की पापभीरुता को जैनेतरों ने अज्ञानतावश गुण ना मानकर अवगुण माना है** क्योंकि अवगुणी कभी गुणी को सहन नहीं कर पाता है। यह एक **गंभीर दृष्टिदोष और प्रजातंत्र के नाम पर कुत्सित कलंक** है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

❖समापन❖

चौदह गुणस्थानों की अत्यंत सरल व्यवस्था में जैनधर्म के गूढ़ सिद्धांतों को सहज बोधगम्य बनाने का प्रयास हुआ है। प्रत्येक जीव पैदा होकर सामान्य प्राणियों की तरह नौ भाव–पगे रसों के झूले में चढ़ता उतरता है। ये रस चारों कषायों का अलग–अलग गहनता में आस्वादन कराते हैं। इसके अनुसार प्रथम गुणस्थान में तो सारे ही जीव अनादिकाल से पड़े हैं जो अनंतानुबंधी कषायों में उलटते पलटते रहते हैं और मिथ्यात्व में जीते हुए हर मन पसंद वस्तु को अपने ही पास चाहते हैं। इसे हम सहज रूप में यों प्रस्तुत करते हैं।

'मेरा तेरा' करता हुआ प्रत्येक जीव/मानव कुंठित संसार में जीता क्रोध, मान, माया, लोभ के चारों कषायों के चार–चार प्रकारों में रहता आर्त रौद्र 'परिणाम' करता है। इससे उसे जो कर्मास्रव होता है उसका उसे ध्यान ही नहीं रहता। "मेरा" भी भ्रम है और किसी वस्तु को "तेरा" कहना भी मिथ्या है, क्योंकि यहाँ इस संसार में मेरी "स्व" आत्मा के सिवाय मेरा कुछ भी नहीं है, यह तो प्रत्येक अनुभव सदैव कहता है फिर भी भ्रम में व्यक्ति जीता है यही उसका "मिथ्यात्व" है। सोलह प्रकार के कषायों के सिवाय नौ नोकषाय भी सदैव घेरे ही रहते हैं : हास्य, विस्मय, रति, अरति, भय, जुगुप्सा, तीन वेद जिनमें पड़कर हम "कषाय" करते हैं अर्थात् अपनी "आत्मा" को जबरन सताते हुए कसते हैं और टेंशन में डालते हैं। सो वह "कसती" है–तड़पती है और स्वभाव से हटकर " दुर्भाव" करती है। तिस पर हम दोष दूसरों पर डालकर स्वयं को निर्दोष दिखलाने का छल करते हैं। इन पच्चीस कषायों से बचने के लिए गुरु उपदेश देते हैं। तीव्रतम कषाय प्रथम गुणस्थान में रहती है अर्थात् पच्चीसों रहते हैं। इनके सहयोगी 15 प्रमादी योग, 5 मिथ्यात्व और 12 अव्रत होते हैं जो अग्नि में घी अथवा कपूर का कार्य करते हैं।

